ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 05.02.2024 | वर्ष 11, अंक 35 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
समय राजा से रंक बना सकता है या रंक से राजा बना सकता है।

## क्विक न्यूज

### खंभे से टकराई कार, हादसे में तीन युवकों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया. पुलिस ने यह जानकारी दी.थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि डीडवाना रोड पर सांगलिया से मोलासर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर गणगौर होटल के पास सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार शीशराम ओला (20), धर्मेन्द्र जाट (19), लोकेश जाट (20) की मौत हो गई जबकि एक अन्य सुनील जाट (15) घायल हो गया.उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है. परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमार्टम करवाया जाएगा.

### चिली के जंगलों में लगी भीषण आग, 50 की मौत

**चिली :** दक्षिण अमेरिकी देश चिली में जंगल की आग ने विकराल रूप ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भीषण आग से 50 लोगों की मौत हो गई है और करीब 1,100 घर नष्ट हो गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को हताहतों की जानकारी देते हुए कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक बचाव दल वालपराइसो क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में नहीं पहुंच सका है। चिली की गृह मंत्री कैरोलिना तोहा ने कहा कि देश के मध्य और दक्षिण क्षेत्र में 92 जंगलों में आग लगी है। जंगल की आग से 43,000 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आग घनी आबादी वाले क्षेत्रों की ओर फैल रही है। इस कारण लोगों, घरों और सुविधाओं के प्रभावित करने की बहुत अधिक आशंका है।

### उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला शुरू

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रविवार को ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला शुरू है। मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। कुमाऊं -गढ़वाल मंडल के पांच जनपदों में ढाई हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात होने आसार हैं। पहाड़ों पर ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का क्रम जारी है। शनिवार से ही जनपद में बादल छाए हुए हैं जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का क्रम जारी है। निचले इलाकों में बारिश हुई, जिसकी वजह से जिले भर में शीत लहर चल रही है। इसके कारण ज्यादातर क्षेत्रों में तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। गंगोत्री -यमुनोत्री और हरकी दून, हर्षिल ,दयारा की पहाड़ियों की चोटियां बर्फ से लकदक हो गई हैं। बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक भी यहां पहुंच रहे हैं।

### अमेरिका, ब्रिटेन ने यमन में हूती के ठिकानों पर किया ताबड़तोड़ हमला

**सना (यमन) :** संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में आतंकवादी संगठन हूती के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने हूती नियंत्रित यमन में शनिवार को बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। एक रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन ने उत्तरी यमन में 13 स्थानों पर 36 हूती ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे करीब 24 घंटे पहले अमेरिका ने सीरिया और इराक में सात स्थानों पर ईरानी बलों और उनके द्वारा समर्थित मिलिशिया के खिलाफ हमला किया था।अमेरिकी और ब्रिटिश युद्धक विमानों के साथ नौसेना की टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों ने हूती की हथियार भंडारण केंद्रों को निशाना बनाया। यह हमले ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, डेनमार्क, कनाडा, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की मदद से किए गए।

### उत्तराखंड : धामी कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट को दी मंजूरी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में रविवार सायं मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में सामान नागरिक संहिता (यूसीसी) ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी गयी। सोमवार (05) फरवरी से उत्तराखंड विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। इस सत्र के दौरान राज्य सरकार विधानसभा के पटल यूसीसी कानून को रख सकती है। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सतपाल महाराज, धन सिंह रावत, गणेश जोशी, रेखा आर्या सहित अन्य मंत्री मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव-2022 से पूर्व सरकार ने राज्य की जनता से भारतीय जनता पार्टी के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। इस घोषणा का भारी बहुमत से स्वागत किया गया था। परिणामस्वरूप राज्य में भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार गठित हुई और केन्द्रीय नेतृत्व में पुष्कर सिंह धामी पर मुख्यमंत्री के रूप में विश्वास व्यक्त किया गया।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 23°
न्युनतम 10°

झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आज और कल होगा आहूत

# चंपई सोरेन सरकार का आज फ्लोर टेस्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** चंपई सोरेन सरकार आज सोमवार को विधानसभा में बहुमत साबित करेगी। पांच और छह फरवरी को पंचम झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आहूत होगा। माना जा रहा है कि सरकार को बहुमत साबित करने में कोई परेशानी नहीं होगी। विशेष सत्र राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण से शुरू होगा। इसके बाद विधायी कार्य आरंभ हो जाएंगे। फिर स्पीकर रबींद्र नाथ महतो को मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन विश्वास मत हासिल किए जाने संबंधी प्रस्ताव देंगे। स्पीकर फ्लोर टेस्ट के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित करेंगे और चर्चा के बाद वोटिंग प्रक्रिया शुरू होगी। गठबंधन सरकार में शामिल सभी पार्टियों ने अपने-अपने विधायकों के लिए व्हिप जारी कर दिया है। झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के अनुसार उनके पास 43 विधायकों का लिखित समर्थन प्राप्त है। बता दें कि 31 जनवरी को ईडी ने पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को जमीन घोटाला मामले में कस्टडी में ले लिया था। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद दो फरवरी को झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर चम्पाई सोरेन ने शपथ ली थी। इसके बाद महागठबंधन (झामुमो, कांग्रेस) के विधायक चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए थे। वे पांच फरवरी को होने वाले फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे। अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक हेमंत सोरेन को भी फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की इजाजत दे दी है। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र और फ्लोर टेस्ट के बाद सात फरवरी को मंत्रिमंडल विस्तार की उम्मीद है।झारखंड में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के बाद कांग्रेस के मंत्रियों की सूची पर सहमति दिए जाने की बात कही जा रही है। इस बार के मंत्रिमंडल में नये चेहरे शामिल किए जाने की जाने की संभावना है।

### विधानसभा सत्र के दौरान 1500 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

विधानसभा के विशेष सत्र में सुरक्षा और ट्रैफिक के लिए पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। रांची पुलिस ने सत्र के लिए 1500 पुलिसकर्मी की तैनाती की है। सुरक्षा में रेपिड एक्शन पुलिस(रैप), जिला बल की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया है। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती पूरे हरमू बाइपास रोड में सीएम आवास से शनिमंदिर, किशोरगंज चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक,सेटलाइट चौक, शहीद मैदान मोड, शालीमार बाजार मोड़, मौसी बाड़ी, तिरिल मोड़, जेएससीए नार्थ एवं साउथ गेट, विस मुख्य गेट, वीवीआइपी , मुख्य गेट से विधानसभा जाने वाले सड़क पर, वीवीआइपी और सामान्य पार्किंग में की जायेगी। विधि-व्यवस्था पर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और सुरक्षा का जिम्मा ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो की होगी। धरना प्रदर्शन करने वाले विस भवन की ओर न आ सके, इसकी पूरी जिम्मेवारी हटिया डीएसपी की होगी।सुरक्षा के लिए कई स्थानों पर बैरिकेडिंग किया गया है। वहां पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। विस के अंदर जाने के विशेष शाखा के कर्मियों की ओर से जांच की जायेगी। विशेष शाखा के पुलिसकर्मी और कोई भी पदाधिकारी किसी प्रकार का हथियार लेकर विस में प्रवेश नहीं करेंगे। विधि-व्यवस्था का ऑवर आल मॉनिटरिंग उपायुक्त राहुल सिन्हा तथा सुरक्षा का ऑवर ऑल मॉनिटरिंग एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा करेंगे। एसएसपी ने बताया कि विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।



**43** विधायकों का लिखित समर्थन प्राप्त है।

**12वें** मुख्यमंत्री के तौर पर चम्पाई सोरेन ने शपथ ली थी।

सीएम ने की विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण से संबंधित उच्चस्तरीय बैठक

# अपराध मुक्त झारखंड, सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

* मुख्य सचिव एवं डीजीपी सभी जिलों के डीसी एवं एसपी के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर शीघ्र बैठक करें

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तृत जानकारी रखी गई। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि अपराध मुक्त झारखंड, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले दिनों नामकुम थाना अंतर्गत असामाजिक तत्वों के द्वारा जेएसएससी बिल्डिंग में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया है। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज किया जा चुका है और अनुसंधान भी जारी है। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में एसआईटी गठित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा धनबाद के झरिया में हुई घटना की भी जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि झरिया में घटित घटना पर एफआईआर दर्ज कर त्वरित जांच की जाए। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि इस घटना पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। कई गिरफ्तारियां भी की गई हैं। अनुसंधान जारी है।

### हत्या, महिला उत्पीड़न, पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों का उद्भेदन सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मौके पर महिला अत्याचार से संबंधित समीक्षा की। महिला अत्याचार के संबंध में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य में विधि व्यवस्था संधारण में प्रयासों की वजह से सांप्रदायिक एवं संवेदनशील घटनाओं में कमी आई है। झारखंड पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से अपराध शीर्ष यथा दहेज प्रताड़ना, चोरी, पोक्सो एवं हत्या के मामलों में भी कमी आई है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दहेज हत्या के मामलों का शीघ्र उद्भेदन किया जाना सुनिश्चित करें। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके इस निमित्त अनुसंधान ससमय पूरा करें।



**जेल में रहकर अपराध को बढ़ावा देने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें:** बैठक में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि ऐसी भी खबरें मिल रही हैं कि जेल के भीतर से ही कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का गैंग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनपर कड़ी कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, ज्जर में एसपी एवं डीएसपी की पोस्टिंग शीघ्र की जाए।

**अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए वायरलेस उपकरणों के क्रय हेतु प्रशासनिक स्वीकृति तथा बजट उपलब्धता हेतु गृह विभाग से पत्राचार किया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य सचिव एवं डीजीपी सभी जिलों के डीसी एवं एसपी के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर शीघ्र बैठक करें।

**रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर, हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने हत्या अपराध से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि हत्या के मामलों में जरूर कमी हुई है परंतु इनका शीघ्र उद्भेदन जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची में विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर एवं हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें, क्योंकि ऐसी जगहों पर कोई अपराध होता है तो इसका नकारात्मक असर पूरे राज्य में पड़ता है।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल0खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान) संजय लाटकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित



एजेंसी
**नई दिल्ली :** भारत सरकार ने वित्त वर्ष 24-25 के बजट में 84 सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने और 12 नए सुखोई खरीदने के लिए अलग से 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला लिया है। बजट का बड़ा हिस्सा देश को घरेलू स्तर पर निर्मित अगली पीढ़ी की हथियार प्रणाली प्रदान करने के लिए घरेलू स्रोतों के माध्यम से खरीद के लिए उपयोग किया जाएगा, जिसका जीडीपी पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन आदि से लैस किया जाएगा।वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षा बजट 6,21,540.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है।

वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा का बजटीय आवंटन वित्त वर्ष 2022-23 के आवंटन से लगभग एक लाख करोड़ (18.35 प्रतिशत) और वित्त वर्ष 23-24 के आवंटन से 4.72 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए रक्षा में पूंजीगत व्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.72 लाख करोड़ रुपये है जो वित्त वर्ष 22-23 के वास्तविक व्यय से 20.33 प्रतिशत अधिक है और वित्त वर्ष 23-24 के संशोधित आवंटन से 9.40 प्रतिशत अधिक है। बढ़े हुए बजटीय आवंटन से सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक, विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाले घातक हथियारों, लड़ाकू विमानों, जहाजों, प्लेटफार्मों, मानव रहित हवाई वाहनों, ड्रोन, विशेषज्ञ वाहनों आदि से लैस करने में सुविधा होगी।

सरकार ने वित्त वर्ष 24-25 के बजट में वायु सेना के 84 सुखोई लड़ाकू विमानों को आधुनिक बनाने और 12 नए सुखोई खरीदने के लिए अलग से 60 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने का फैसला लिया है। आवंटित बजट के बड़े हिस्से का इस्तेमाल अगली पीढ़ी की स्वदेशी हथियार प्रणाली खरीदने के लिए किया जाएगा।

धनबाद : राहुल गांधी के रोड शो में उमड़ा जन सैलाब, कहा

# नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलती है कांग्रेस



प्रभात मंत्र संवाददाता
**धनबाद :** रविवार की सुबह धनबाद में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हुई। टुंडी के हलकट्टा से शुरू हुई उनकी यात्रा सबसे पहले गोविंदपुर लाल बाजार चौक होते हुए गुजरी। जहां पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ साथ उनके समर्थकों के द्वारा राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया गया।हलकट्टा के बाद भारत जोड़ो यात्रा का हुजूम गोविंदपुर बड़ा बाजार पहुंचा। जहां फूलों से राहुल गांधी का उनके समर्थकों ने स्वागत किया। इसके बाद राहुल गांधी की यात्रा आगे बढ़ गई और भारत जोड़ो न्याय यात्रा सरायढेला रघुकुल पहुंची। यहां पर झरिया विधायक समेत पार्टी के नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद न्याय यात्रा स्टील गेट, पुलिस लाइन, रणधीर वर्मा चौक, कोर्ट परिसर, अंबेडकर चौक, पूजा टॉकीज, नया बाजार से होते हुए बैंक मोड़ पहुंची। इस बीच उनके काफिले के साथ जिला प्रशासन की टीम सुरक्षा व्यवस्था में जुटी रही। बैंक मोड़ पर उन्होंने कहा कि आप लोगों ने इस यात्रा में जान डाली है। पिछले साल ही हमने कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की थी। इसका लक्ष्य देश को जोड़ने का काम, जो नफरत और हिंसा बीजेपी और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे हैं, उसके खिलाफ खड़े होने का था, जिसमें हमें बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।राहुल गांधी ने आमजनों से कहा कि देश में फैले नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान कांग्रेस पार्टी खोलती है। इस बार मणिपुर से महाराष्ट्र हमने यात्रा कर रहे हैं। इस बार जो हमने यात्रा की है, उसमें हमने न्याय यात्रा जोड़ दी है। न्याय शब्द जोड़ने के दो तीन कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है देश में होने वाले आर्थिक अन्याय को लेकर है, चुने हुए दो तीन अरबपतियों को देश की और लोगों पूरी पूंजी सौंपी जा रही है। दूसरा कारण है, जीएसटी और नोटबंदी। इन दो चीजों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है। उन्होंने आदिवासियों के हक हुकुक पर चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड में आदिवासी भाइयों की जंगल और जमीन की रक्षा कांग्रेस करती है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हम एसा कानून लेकर आए, इसके साथ ही जमीन अधिग्रहण बिल भी देश में लेकर आए हैं। हम आदिवासियों से कहना चाहते हैं कि हम आपके साथ खड़े हैं।

पीएम मोदी ने असम को दी 11600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात

# हमारी सरकार की नीति है विकास और विरासत : मोदी

एजेंसी
**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम दौरे के दूसरे दिन रविवार को गुवाहाटी के खानापारा वेटनरी फील्ड में पहुंचे। यहां पीएम ने 11,600 करोड़ रुपए के परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम ने यहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने जनता से कहा कि जिन परियोजनाओं की उन्होंने नींव रखी है, उनसे आने वाले समय में काफी रोजगार बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास और विरासत हमारी सरकार की नीति है। असम में डबल इंजन की सरकार सिर्फ विकास की नीति पर काम करती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार की शाम को असम के दो दिवसीय यात्रा पर गुवाहाटी पहुंचे, जहां पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्वोत्तर का सबसे हितैषी प्रधानमंत्री माना जाता है।असम में बुनियादी ढांचे के विकास की उर्ध्वगामी यात्र के तहत 11,600 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



1,451 करोड़ की लागत से बने विश्वनाथ चारिआली से गोहपुर तक चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग का उद्घाटन किया। यह भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित यह राष्ट्रीय राजमार्ग तेजपुर से ईटानगर तक एक वैकल्पिक सड़क सुविधा प्रदान करके यातायत व्यवस्था में सुधार करेगा।

592 करोड़ की लागत से बने डोलाबारी से जामुगुरी तक चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग का उद्घाटन किया। यह यह भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित यह राष्ट्रीय राजमार्ग तेजपुर शहर में भीड़भाड़ की समस्या समाधान करने के साथ ही असम के उत्तरी तट पर राजमार्गों की गुणवत्ता में सुधार करेगा।

# न्याय वितरण पर दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है भारत : राष्ट्रपति

एजेंसी
**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि आज भारत वैश्विक विमर्श में एक प्रमुख हितधारक के रूप में उभरा है। ऐसे में न्याय वितरण में अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत के पास देने के लिए बहुत कुछ है। भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि सबसे पुराना लोकतंत्र भी है। उस समृद्ध और लंबी लोकतांत्रिक विरासत के साथ, हम आधुनिक समय में न्याय वितरण में अपनी सीख दुनिया से साझा कर सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन (सीएलईए) - कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी) 2024 के समापन समारोह में भाग लिया और इसे संबोधित किया। कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि हमारे संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात करती है। न्याय वितरण के विषय में हमें सामाजिक न्याय सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरे का सामना कर रही दुनिया में अब हमें पर्यावरणीय न्याय को भी इसमें जोड़ना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### नदी में मिला मृत नवजात शिशु, लोगों ने दफनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत सरईडीह रोड मनदेया नदी में मिला मृत्य नवजात शिशु मिला। यह घटना दिल को दहलाने वाली सामने आई है, एक मृत नवजात बच्चा मंदेया नदी श्मशान घाट पर फेंका हुआ था। रविवार को दाह संस्कार के लिए गए लोगों ने देखा की एक नवजात शिशु प्लास्टिक में लपेटकर फेंका हुआ है देखा तो लोगों का दिल दहल गया। लोगों के अनुसार फेंका हुआ नवजात बेबी गर्ल था। जो प्लास्टिक में लपेटा हुवा था। समाजसेवी अरविन्द गुप्ता की मदद से लोगों ने सर्वसहमति से उस नवजात को वहीं घाट पर दफ्न कर अंतिम क्रिया कर दिया। अरविन्द ने कहा कि यह मानवता को कलंकित करने वाली घटना है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है उन्होंने गिरते सामाजिक मूल्यों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की।

### प्रमुख ने बीपीओ पर प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं में भ्रष्टाचार का बढ़ावा देने का लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विशुनपुरा प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी ने प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं में बिना मजदूरों के कार्य कराये लाखो रु की फर्जी निकासी को लेकर बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच कर कारवायी करने की मांग किया है। उन्होंने विशुनपुरा मनरेगा बीपीओ डिंपल गुप्ता पर योजनाओं में मजदूरों के बिना कार्य कराये लाखो रु की भुगतान करने की आरोप लगाया है। प्रमुख ने दिए आवेदन में दर्शाया है। कि लगातार लोगो द्वारा शिकायत मिल रही थी. कि मनरेगा योजनाओं में मजदूरों के बिना कार्य कराए मास्टर रोल सेब किया जारहा है। और भुगतान भी कर दिया जा रहा है।

## भाजपा जिला कार्यालय में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर की ओर से गांव चलो अभियान की मंडल कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय पलामू में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सुनील पांडे एवं संचालन महामंत्री अनिल सिन्हा ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि गांव चलो अभियान मील का पत्थर बनने वाला है। इस अभियान के तहत हमें विपक्ष के बड़े नेताओं के बूथ पर भी जाकर भाजपा की नीति को बढ़ाने का काम करना है।कहा कि प्रत्येक बूथ के आम जनमानस को यह बताने की आवश्यकता है कि आजादी के बाद सनातन का रक्षक प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के रूप में मिला है, जो कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, सबका प्रयास के माध्यम से विकसित भारत के सपने को पूरा कर रहा है।



भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले गांव चलो अभियान चलाया गया है। इसमें प्रवासी कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराएंगे। इस दौरान सभी बूथों पर एक कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय क्षेत्र की जनता के साथ बिताना पड़ेगा अभियान में प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे का प्रवास गांव में रहते हुएबूथ की मजबूती का काम करेंगे सभी वर्गो से संपर्क, सफाईअभियान, धार्मिक स्थल दर्शन आदि कार्य अभियान में प्रवासी कार्यकर्ताओं को करने हैं।जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी सहभागिता निभाई चाहिए अपनी सहायता सुनिश्चित करने के लिए नमो एप के माध्यम से मैं सभी को विकसित भारत का एंबेसडर बनने का आह्वान करता हूं एवं सभी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों को विकसित भारत का एंबेसडर बनना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परदेस महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रूपा सिंह जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय एस टी मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष बिगन उराव जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा युवा मोर्चा के महामंत्री स्वेतांग गर्ग पूर्व जिला मंत्री अभिमन्यु तिवारी विजय ठाकुर राजू सिंह आनंद प्रकाश तिवारी प्रदीप पासवान शुभक तिवारी अमर मिश्रा मुकेश प्रजापति चुन्नू प्रजापति सुमन सिंह अनिमेष सिंह सुशील सिंह विशाल दुबे अभिषेक कुमार आयुष कुमार प्रभात तिवारी अश्वनी त्रिपाठी चंदू चंद्रवंशी सिंटू तिवारी रंजन पाठक श्रीकांत तिवारी नीरज कुमार पिंटू कुमार मनोहर कुमार दीपक कुमार एवं काफी संख्या में भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार अनियंत्रित होकर पोल व पेड़ से टकराई, दो घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** रविवार को थाना क्षेत्र के गाड़िखास कहुआ के समीप एनएच 75 पर होंडा वरना कार अनियंत्रित होकर बिजली के तार को तोड़ते हुए पेड़ से टकराई. इसमें कजरी निवासी कार चालक प्रकाश सिंह व आगे बैठे अमित सिंह मामूली रूप से घायल हो गया। जबकि पीछे बैठे चुकु निवासी अरविंद यादव को हल्की चोटे आई है. जानकारी के अनुसार प्रकाश सिंह, अमित सिंह और अरविंद यादव होंडा कार जेएच 10 एएफ 9111 से अपने भंडार भीखही से कजरी लौट रहे थे। इसी बीच गाड़ीखास कहुआ के समीप कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराते हुए पेड़ में जा टकराई. स्थानीय लोगों ने गाड़ी में बैठे तीनों लोगो को किसी तरह निकला। इसमें दो घायल प्रकाश सिंह और अमित सिंह को स्थानीय मेदिनीनगर सदर



अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। वहीं पीछे बैठे अरविंद यादव को बाद में सदर अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश और अमित को हल्का फ्रैक्चर है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशिक्षु थाना प्रभारी राजेश यादव मौके पर दल बल के साथ पहुंचे। घटना की जानकारी ली। घटना सुबह करीब सवा आठ बजे की है। कार की स्थिति को देखने प्रतीत हो रहा है की ईश्वर ने खड़ा होकर तीनों को बचा लिया है.

## नए एसडीपीओ ने किया पदभार ग्रहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी के स्थानांतरण के बाद रविवार को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने पदभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद नव पदस्थापित एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह नगर ऊंटरी थाना में पदाधिकारियों व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार विमर्श करते हुये कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से अनुमंडल क्षेत्र की जानकारी लिया तथा महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए नव पदस्थापित एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम क्षेत्र में अपराध



नियंत्रण करना, विधि व्यवस्था बनाये रखना, शराब बंदी, शहर में जाम की समस्या को दूर करने का प्रयास करना उनकी प्राथमिकता होगी.विधि व्यवस्था को लेकर काफी सख्त रुख अपनाते हुये उन्होंने कहा कि क्राइम को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डीएसपी ने कहा कि राधा-कृष्ण की नगरी में मुझे दूसरी बार सेवा करने का मौका मिल रहा है. मैं बहुत भाग्यशाली हूँ। इधर पदभार ग्रहण करने के बाद नगर ऊंटरी थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने नव पदस्थापित एसडीपीओ को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर पुअनि चंद्रदेव कुमार, कुणाल किशोर, संजय राज मुंडा, रंजन कुमार सिंह, मुंशी कौशल दुबे, चौकीदार कलाम खान, दया पासवान, मोबिन अंसारी, कलीम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने बेतला नेशनल पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पाटन मोड के बटसरा स्थित गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने हिंडाल्को के कठौतिया कोल माइंस की सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती व गुरुकुल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में बेतला नेशनल पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके पूर्व कई चार पहिया वाहनों व बस से भरे स्कूल के डेढ़ सौ बच्चों को शोभा रानी मोहंती व अनुज सिंह ने हरी झंडा दिखाकर वाहनों को रवाना किया। बच्चों का नेतृत्व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाठक व हिंडाल्को के सुमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बच्चों ने सबसे पहले पलामू का ऐतिहासिक किला पलामू किला का




भ्रमण किया। यहां अनुज सिंह ने बच्चों को राजा मेदिनीराय की वीरता व कर्तव्यपरायणता से संबंधित कई जानकारियां दी। इसके पश्चात बच्चों ने बेतला नेशनल पार्क स्थित एनआईसी में सैकड़ो की संख्या में जंतुओं व जानवरों के संरक्षित जीवाश्म को देखा व इससे संबंधित जानकारी लीं। पार्क के सभागार में पलामू व्याघ्र परियोजना के बायोलॉजिस्ट ऋ तिक कुमार वाइल्डलाइफ व पर्यावरण संरक्षण व उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया।शोभा रानी मोहंती ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए हरेक व्यक्ति को पौधे लगाने व उसे बचाने का संकल्प दिलाया। कहा कि पेड़-पौधे संरक्षित किए जाएंगे तभी धरती के 84 लाख जीवों को ऑक्सीजन मिलेगा। ऐसा नहीं हुआ तो भविष्य में लोगों को अपने पीठ पर ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर चलना होगा। शिक्षिका अभिलाष व सुमित ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने पार्क परिसर में ब्रेन स्टॉर्मिंग व टीम बिल्डिंग पर आधारित गेम को इंजॉय किया। शैक्षिक भ्रमण कर बच्चे काफी खुश दिखे। बच्चों ने कैंटीन में लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में विजयालक्ष्मी, रजनी, सीमा श्रीवास्तव, अनुप्रिया, संध्या, साकेत, नेहा, पवन, रानी, प्रीति, अनुश्री, विपिन, सहेंद्र, सुमित, अनुज व प्रिंस समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

## प्रखंड प्रमुख के साथ अधिकारी अभद्र व्यवहार ना करें : गायत्री देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर बाजार स्थित समृद्धि होटल में पलामू प्रमुख संघ का बैठक आयोजित किया गया। मौके पर बैठक का शुरुवात प्रमुख संघ अध्यक्ष गीता मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया।बैठक की अध्यक्षता चैनपुर प्रमुख गायत्री देवी ने किया। संचालन सदर प्रमुख बसंती देवी ने करते हुए सभी प्रमुख को अपने अपने सुझाव देने का बैठक में आग्रह किया जिसपर प्रमुख संघ अध्यक्ष गीता मेहता ने कहा कि हमारे संगठन के किसी भी सदस्य को किसी प्रकार की परेशानी हो तो वो



बेझिझक हमारे पास बात रखे हम उनकी हर समस्या से निपटने के लिए हमेशा तत्पर हैं किसी भी प्रखंड के प्रमुख के साथ अगर बीडीओ सीओ अभद्र व्यवहार करते है और प्रमुख को मान सम्मान देने का काम नही करते है और तानाशाही दिखाते है तो वैसे अधिकारियों पर लगाम लगाने के लिए पलामू प्रमुख संघ धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने के लिए हमेशा तत्पर पर हैं अधिकारियों का तानाशाही किसी भी कीमत मे बर्दास्त नही की जाएगी वैसे अधिकारी सुधर जाए नही तो उनके खिलाफ़ उग्रह आंदोलन किया जाएगा। प्रमुख संघ के उपाध्यक्ष गायत्री देवी ने कहा कि प्रमुख किसी भी प्रखंड के प्रमुख के साथ बीडीओ सीओ अगर तानाशाही दिखाते है तो उनकी तानाशाही संगठन नहीं चलने देगी वैसे लोगो के खिलाफ़ धरना प्रदर्शन किया जाएगा जब तक की वो ठीक नहीं हो जाता हैं तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगी। प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि संघ को संगठित हमेशा रहने की जरूरत हैं और किसी भी समस्या से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहने की जरूरत है जिससे की कोइ भी अधिकारी चुने हुए जनप्रतिनिधि के साथ तानाशाही दिखाते हैं तो वैसे लोगो पर संगठन धरना प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करें जिससे की अधिकारियों की तानाशाही ठीक किया जा सकें।प्रमुख विद्या देवी ने कहा कि हमारे सभी प्रखंड के प्रमुख महिला है और महिलाओं को अपने शक्ति को पहचानने की जरूरत हैं और किसी भी अधिकारियों के साथ साक्ष्य के साथ वार्ता करे अगर उसमे अधिकारी मनमानी करते है तो वैसे लोगो के खिलाफ़ कड़ा कदम उठाए और संगठन को सहयोग करने के लिए जानकारी दे। वैसे लोगो के साथ संगठन हमेशा तैयार है। मौके पर प्रमुख गीता देवी, रीमा देवी,अलका देवी, प्रेमणी देवी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थें।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया. सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना, नाम जप, सत्यानु शरण पाठ,न री नीति पाठ किया गया। धृतिसुन्दर लाल, गीता देवी, चंचला गुप्ता व सतवंती देवी द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया.



इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार सूर्य का प्रकाश पाने के लिये लोग घर से बाहर निकलते हैं, ठीक उसी प्रकार अपने प्रभु व ईश्वर की कृपा पाने के लिये उसे अपने प्रभु के आदेशों का पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि श्री श्री ठाकुरजी वर्तमान पुरुषोत्तम हैं.उनकी दया तो हमेशा शिष्यों पर बनी रहती है.भगवान को पाने का एकमात्र साधन है भगवान का नाम जप करना.ईश्वर के नाम जप से ही भगवान और भक्त के बीच की दूरी कम हो जाती है.उन्होंने कहा कि मानव जीवन मे कर्म की विशेष प्रधानता है.सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि गुरु ईश्वर रूप में होते हैं.वे अपने शिष्यों को प्रत्येक क्षेत्र में प्रकाश दिखलाते हैं.वे हमेशा अपने भक्तों को सत्य के पथ पर चलने के लिये प्रेरित करते हैं।

## डंडीला खुर्द में भगवान हनुमान का भव्य मंदिर बनकर तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में भगवान हनुमान का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है.आगामी नौ फरवरी से ग्यारह फरवरी तक विशेष पूजा अर्चना होगी। इस दौरान भगवान हनुमान की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान होगा। इसके लिए नौ फरवरी को कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जो मंदिर प्रांगण से शुरू होकर रेहला कोयल नदी तट जायेगी. जहां से श्रद्धालु कलश में जल भरकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे और कलश की स्थापना होगी.इस दौरान कई और धार्मिक अनुष्ठान होगा। ग्यारह फरवरी को महाभंडारे के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न होगा। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की तैयारी जोरों पर है.मंदिर निर्माण के प्रणेता सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला व उनके पुत्र अशोक शुक्ला ने बताया कि भगवान हनुमान जी का प्रतिमा काशी वाराणसी से आ चुका है.धार्मिक गुरुओं और पुरोहितों को प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया जा चुका है.उक्त दोनों लोगों ने आस पास के श्रद्धालुओं से सभी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का

## भाकपा माले का खत्म हुआ अनशन

### पीएचडी विभाग के पदाधिकारी ने दिया आश्वासन 28 फरवरी तक काम होगा पूरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत आधा अरब की लागत से 7 पंचायतों के 48 गांवों में नल ङ्कजल योजना के तहत घर-घर तक पाइपलाइन पानी पहुंचाना था। लेकिन किसी गांव में सुचारू रूप से पानी नहीं पहुंचा है, जहां पहुंच भी है पाइप लीकेज के कारण सड़क पर पानी बहाव हो रहा है। योजना में भारी अनिमियतता देखी जा रही थी, ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत सभी घरों में सुचारू रूप से पानी पहुंचे एवं गड़बड़ियों को ठीक करने की मांग को लेकर भाकपा माले के कार्यकर्ता 1 फरवरी से अनशन पर थे। अनशन में पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी



और किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह आर वाई ए जिला अध्यक्ष इजहार अनशन पर बैठे थे। कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों लोग शामिल हो रहे थे। लोगों का जन समर्थन भी मिल रहा था। धीरे-धीरे पूरे प्रखंड में भारी आक्रोश जनता में देखी जा रही थी, तीसरे दिन भाकपा माले ने पांकी बंद का भी घोषणा कर दिया था। जिसकी तैयारी में आज शाम से सैकड़ो की संख्या में छात्र नौजवान मशाल जुलूस करने वाले थे, लेकिन तीसरे करीब 1 बजे दिन पेय जल एवं स्वच्छता विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर दल बल के साथ अनशन स्थल पहुंचे। अधिकारी के पहुंचने के बाद जनता ने अपनी मांगों को नारे के रूप में तेज कर दिया। मौके, भाकपा माले जिला सचिव आरएन सिंह, त्रिलोकी नाथ, पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, नेहाल मुख्य, महेंद्र राम, सीता रामदास अजीज जी, शुशीला कुंवर, तरुण राज, गुड्डू भुइया, मुकेश कुमार, संतोष कुमार, सोहन जी, बबूल जी, आफताब आलम, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस का मिलन सह वनभोज कार्यक्रम छः फरवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** कांग्रेस पार्टी का विस स्तरीय मिलन सह वनभोज कार्यक्रम आगामी छः फरवरी को रेहला - बी मोड़ के बीच ग्रासिम इंडस्ट्रीज मोड़ के पास स्थित महेंद्र शुक्ला स्मृति रिसोर्ट में होगा। इसकी जानकारी वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्यासी अमृत शुक्ला ने खुद दी है। उन्होंने बताया कि इस मिलन सह वनभोज कार्यक्रम में विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नवाबजार प्रखंड सहित विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता शामिल होंगे। अमृत शुक्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट रखते हुए उनका मनोबल बढ़ाने हेतु इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन जरूरी



है.कार्यक्रम के दौरान आगामी लोक सभा और विधान सभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा होगी। कार्यक्रम के अंत में प्रेस वार्ता भी होगा। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं से मिलन सह वनभोज कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा व इंटरमीडिएट परीक्षा 6 फरवरी से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में स्थित सभी 21 परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के प्रावधानों एवं धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत लागू कर दिया है। ज्ञात हो की श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अंतर्गत कुल 21 परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। जिसमें राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमना, मध्य विद्यालय सिलिदाग1रमना, मध्य विद्यालय रमना, बालिका उच्च विद्यालय रमना, मध्य विद्यालय बिशुनपुरा, राजकीय कृत प्लस टू उच्च




विद्यालय धुरकी, राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय धुरकी, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर, बेसिक विद्यालय भवनाथपुर, मध्य विद्यालय मकरी भवनाथपुर, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय राजी खरौंधी, परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा खरौंधी, मध्य विद्यालय केतार, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर, राजकीय कृति प्लस टू उच्च विद्यालय नगर ऊंटरी, राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय चित्तविश्राम नगर उंटारी, राजकीय कृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय नगर उंटारी, शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज नगर ऊंटारी, टीडीएम कॉलेज नगर ऊंटारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नगर ऊंटारी एवं मां नगीना शाही इंटर कॉलेज नगर ऊंटारी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा केंद्रों पर 6 फरवरी से 26 फरवरी तक वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें टीडीएम कॉलेज नगर ऊंटारी, सस्ती शिशु विद्या मंदिर नगर ऊंटारी तथा माँ नगीना शाही इंटर कॉलेज को इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र बनाया गया है। शेष विद्यालयों में मैट्रिक की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा संचालन के दौरान निर्धारित सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र अथवा घातक हथियार लेकर या अवैध मजमा बनाकर एकत्रित नहीं होंगे। परीक्षा केंद्रों पर अनुचित तरीके के प्रयोग या छल तथा अनुचित प्रयोग में सहायता देना एवं उसके लिए दुष्प्रेरित अथवा षड्यंत्र करने के नियत से एकत्रित नहीं होंगे। परीक्षा में शामिल पदाधिकारी, कर्मी, छात्र, अभिभावक, झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 में उल्लेखित प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन करेंगे। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को बाधित करने अथवा करने की नीयत से या किसी प्रकार का व्यवधान खड़ा करने की मंशा से लाउडस्पीकर या अन्य किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का किसी भी प्रकार का उपयोग निषेध रहेगा।

## शिक्षक शिवशंकर प्रसाद के सेवानिवृत होने पर हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के मंगलपुर मध्य विद्यालय के प्रांगण में शनिवार की दोपहर पांकी के प्रसिद्ध शिक्षक शिव शंकर प्रसाद के सेवानिवृत होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक युगेश्वर प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि समेत शिक्षा विभाग के कई कर्मी उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मध्य विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान गाकर इसकी शुरुआत की गई इसके पश्चात सेवानिवृत शिक्षक को मंगलपुर मध्य विद्यालय के सभी शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र एवं फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया, इसके पश्चात मौके पर पहुंचे पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद पांकी डी डी ओ वीरेंद्र कुमार मिश्रा, भूतपूर्व झारखंड प्रदेश



अध्यक्ष अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सहीत अन्य अतिथियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुति भी दी गई, मौके पर मौजूद लोगों के संबोधन में प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को गढ़ने का कार्य करते हैं इसलिए शिक्षकों की सराहना जितनी की जाए उतनी कम होगी, शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है यदि शिक्षक ना होते तो आज बेहतर समाज की कल्पना ना हो पाती, उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होते वे आजीवन हम सभी को कुछ ना कुछ सीखने का कार्य करते हैं। वहीं कार्यक्रम के संबोधन में मध्य विद्यालय मंगलपुर के प्रधानाध्यापक युगेश्वर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मंगलपुर मध्य विद्यालय में शिक्षक शिव शंकर प्रसाद का काल स्वर्णिम काल रहा है इन्होंने अपनी दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर हजारों बच्चों के भविष्य को गढ़ने का कार्य किया है, सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है लेकिन उनकी कमी हमें सदैव खलेगी। मौके पर कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक की पत्नी सह महिला पर्यवेक्षिका अंजू गुप्ता शिक्षक सुहेल अंसारी इम्तियाज अंसारी राजीव रंजन बीरबल सिंह समेत दर्जनों शिक्षक एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# अंगिका समाज रत्न से सम्मानित हुए बुद्धिजीवी व समाजसेवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** अंगिका समाज, अंग पाकुड़ के द्वारा प्रदेश अंगिका समाज, रांची का स्थापना दिवस 2024 के शुभ अवसर पर स्थापना दिवस, समाजिक मिलन एवं जिला तदर्थ समिति की घोषणा हेतू रविवार को पूर्वाह्न 12ः00 बजे श्री गुरुदेव कोचिंग सेंटर परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ. मनोहर कुमार, डॉ. बिन्दु भूषण, डॉ. निर्भय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं स्वागत भाषण के बाद डॉ. मनोहर कुमार ने कहा कि अंग क्षेत्र का इतिहास अति प्राचीन है। बाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि त्रेतायुग में अंग देश रोमपाद थे, जो राजा दशरथ के मित्र थे।द्वापर में कृष्ण अवतार लिए। इस काल में दुर्योधन ने अपने मित्र कर्ण को अंग देश का राजा बनाया था। अंग देश की राजधानी भागलपुर था। भागलपुर का कर्ण गढ़ इसका प्रमाण है। सुपौल के समदा में भी कर्ण गढ़ है। प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने अंगिका क्षेत्र का वर्णन करते हुए कहा कि 7 वीं सदी में वामन जयादित्य द्वारा रचित ग्रंथ काशिका वृत्ति में भी उल्लेख है कि भारत के 16 महाजनपदों में से एक अंग महाजन पद था और इसकी प्रचलित भाषा आंगी थी। बौद्ध ग्रंथ ललित विस्तार में 64 लिपियों की सूची में अंग लिपि चतुर्थ स्थान पर अंकित है। 16 महाजनपदों के मानचित्र में भी अंग देश अंकित है। आज अंग क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि अंगिका इतनी प्राचीन भाषा होने के बावजूद केंद्र सरकार ने आठवीं अनुसूची में नाम अंकित नहीं कर रही है, न ही झारखंड सरकार ने इस बिंदु पर विचार कर रही है। अंगिका का नाम नेशनल पापुलेशन रजिस्टर में अंकित नहीं है। जबकि बिहार से अलग होने के बाद झारखंड क्षेत्र में भी संथाल परगना प्रमंडल पूर्ण रुप से अंग क्षेत्र रहा है और संपूर्ण राज्य के सभी जिलों में अंगिका क्षेत्र के लोग फैले हुए हैं। इस मौके पर अंगिका समाज, पाकुड़ के द्वारा समाज सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण व्यक्तियों को अंगिका समाज रत्न से नवाजा गया। इनमें डॉ. बिन्दु भूषण (पाकुड़), डॉ. निर्भय कुमार सिंह (पाकुड़), भागीरथ तिवारी (पाकुड़), जवाहर कुमार सिंह (पाकुड़), डॉ. श्रीमोहन सिंह (रांची), श्री मोहन रजक (रांची) शामिल है। बैठक में जिला तदर्थ समिति की घोषणा भी की गई।जिसमें संरक्षक डॉ. बिन्दु भूषण, सह संरक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अध्यक्ष डॉ. मनोहर कुमार, उपाध्यक्ष अम्बोज कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद, उपाध्यक्ष गंगाधर मिश्र, उपाध्यक्ष दिनेश मंडल, महासचिव विभाष मिश्रा, महासचिव हिसाबी राय, महासचिव कृपा सिन्धु बच्चन, सचिव संजय कुमार शुक्ला, सह सचिव राजेश चौधरी, सह सचिव अजय कुमार झा, सह सचिव भोपाल यादव, सह सचिव राजीव झा, कोषाध्यक्ष कैलाश झा, सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश त्रिवेदी, संगठन महासचिव डॉ. अमरेन्द्र सिन्हा, संगठन सचिव धर्मेन्द्र तिवारी, संगठन सह सचिव रीतेश पांडेय, संगठन सह सचिव संजय कुमार साह, संगठन सह सचिव भोला सिंह, संगठन सह सचिव हीरा केवट, मिडिया प्रभारी मनोज चौबे, सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार साह, प्रवक्ता विनय कुमार सिंह, अंकेक्षक शम्भू कांत झा, युवा तदर्थ समिति संरक्षक डॉ. निर्भय कुमार सिंह, युवा जिलाध्यक्ष जयदेव ओझा, युवा उपाध्यक्ष जवाहर कुमार सिंह, युवा उपाध्यक्ष अभिनव झा, युवा सचिव अमन ठाकुर, महिला तदर्थ समिति महिला अध्यक्ष रंजू ठाकुर, महिला उपाध्यक्ष सीमा कुमारी को बनाया गया।

वहीं शेष पदों पर अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा। बैठक के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक रामरंजन कुमार सिंह ने किया। मंच संचालन संजय कुमार शुक्ला ने किया। बैठक को सफल बनाने में भागीरथ तिवारी, डॉ. मनोहर कुमार, संजय कुमार शुक्ला, कैलाश झा, रीतेश पांडेय अमन ठाकुर, अभिनव झा एवं राहुल कुमार सहित अन्य कार्यकर्त्ताओं ने अहम भूमिका निभाया ।

## आज तक के एंकर सुधीर चौधरी के खिलाफ एससी-एसटी थाना में शिकायत दर्ज

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी छात्रों ने आज तक न्यूज चैनल के एंकर सुधीर चौधरी के खिलाफ समाज पर गलत टिप्पणी करने के आरोप में एससी-एसटी थाना में लिखित शिकायत की है। इस संबंध में छात्र नेता कमल मुर्मू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद एंकर सुधीर चौधरी ने आदिवासी समाज को लेकर अभद्र टिप्पणी की है। एंकर सुधीर चौधरी ने न्यूज चैनल में कहा है कि हेमंत सोरेन को महंगे गाड़ी में घुमने और फ्लैट में रहने की आदत है। अब हेमंत सोरेन को 30-40 साल पहले की तरह जंगल में जाकर आदिवासी बनकर रहना पड़ेगा। इससे प्रतीत होता है कि सुधीर चौधरी जातीय विशेष से ग्रसित इंसान है। जिसकी नजर में आदिवासियों का मतलब पिछड़ापन और जंगली प्रतीत हो रहा है। उनके इस अभद्र टिप्पणी से पूरा आदिवासी समाज आहत है। देश के 12 करोड़ आदिवासी को अपमानित किया है।

## इंसानियत फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंसानियत फाउंडेशन ने रविवार को रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में निवर्तमान एसडीपीओ अजित कुमार विमल भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में आने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। आयोजित शिविर को लेकर फाउंडेशन के सचिव बानिज शेख ने कहा कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य पाकुड़ में थैलेसीमिया पीड़ित के अनेकों मरीज है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक में खून स्टॉक नहीं रहता है। इसलिए समय पर बच्चों को सही इलाज मिले और खून मिले, इसी सोच के साथ इंसानियत फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर लगाया। आयोजित शिविर में कादिर ने ओ पॉजिटिव, सरिकुल शेख ने ए पॉजिटिव, नाजमी आलम ने ए पॉजिटिव, वीरू ने ओ पॉजिटिव, एमाल ने ए पॉजिटिव, साकिरुल ने ए पॉजिटिव तथा मोहम्मद ने ओ पॉजिटिव रक्तदान किया। वहीं रक्तदान शिविर में इंसानियत फाउंडेशन के सचिव बानिज शेख, सलाहकार केबलू साहा, अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, आसादुल, परवेज, नुरुजामन, सेनाउल अंसारी, अलाउद्दीन आदि मौजूद थे।

## तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अशरफुल शेख, संगठन मजबूती का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस में लंबे समय से प्रमुखता से जुड़े रहे अशरफुल शेख को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। पार्टी ने उनकी काबिलियत पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मो. नाजिर हुसैन ने बताया कि रांची में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो ने अशरफुल को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। अशरफुल शेख ने तृणमूल कांग्रेस से पिछले कई विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी के रूप में किस्मत अजमाया है। लगातार जिलाध्यक्ष के पद पर भी काम करते रहे हैं। उनके प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से झारखंड में संगठन को मजबूती मिलेगी। इधर नई जिम्मेवारी मिलने के बाद अशरफुल सीखने दूरभाष पर कहा कि मैं पार्टी सुप्रीमो तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो का आभार व्यक्त करता हूं।

मुझे जिस उम्मीद से बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, उसपर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में तृणमूल कांग्रेस के संगठन को मजबूती प्रदान करने का हमने संकल्प लिया है। आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जोरदार तरीके से पार्टी काम करने वाली है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस अपना प्रत्याशी देगी।झारखंड के विकास में तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मॉडल जरूरी हो गया है।

## मवेशी चोरी को लेकर मामला दर्ज

**महेशपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत हाटपाड़ा से विगत 17 जनवरी की रात में हुई एक व्यक्ति की गाय तथा मंदिर का सांड़ की चोरी की घटना को लेकर गाय मालिक सह वादी रघु भगत के टंकित आवेदन के आधार पर महेशपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाने में दिए टंकित आवेदन में वादी रघु भगत ने उल्लेख किया है कि विगत 17 जनवरी को रात करीब 10ः00 बजे वह तथा उसका परिवार खाना खाकर सो गए थे। सोने के पहले अपनी सफेद रंग की गाय को बरामदे में बांध दिया था। 18 जनवरी को सुबह 6ः00 बजे सोकर उठा तो देखा की उसकी गाय नहीं है। खोजबीन करने पर पता चला कि मंदिर में रहने वाला एक सांड़ भी गायब है। वादी तथा मंदिर के सदस्य गण गाय तथा सांड़ को खोजने लगे। बाद में पता चला कि तसिर शेख पिता रब शेख मियांपुर गांव मुरारोई थाना जिला बीरभूम पश्चिम बंगाल, जो मवेशी की खरीद-बिक्री का काम भी करता है। वही चोरी कर ले गया है। वादी ने उपरोक्त नामजद आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कारवाई करने की मांग की है। वादी के टंकित आवेदन के आधार पर महेशपुर थाने में तसिर शेख के खिलाफ गाय व सांड़ की चोरी कर ले जाने के आरोप में भादवि की धारा 379 के तहत थाना कांड संख्या 19/24 दिनांक 4/2/2024 दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू, मजमा लगाने पर होगी कार्रवाई

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 6 फरवरी 2024 से आयोजित होने वाली मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों में 500 गज की परिधि में उपायुक्त के आदेश पर अनुमंडल दंडाधिकारी हरिवंश पंडित के द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 6 फरवरी 2024 के प्रभाव से परीक्षा समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है। इस दौरान केंद्र के 500 गज की परिधि में पांच से अधिक व्यक्तियों को एक जगह एकत्रित होने, घातक हथियार लेकर चलने, मजमा लगाने आदि पर प्रतिबंध रहेगा। ऐसा करते हुए पाए जाने पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी गस्ती, दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दंडाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करते हुए परीक्षा प्रारंभ की तिथि से परीक्षा समाप्ति की तिथि तक परीक्षा केंद्र के आसपास कोई अवांछित तत्व नहीं रहे, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिले में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए कुल 31 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमे मैट्रिक के लिए 10 व इंटरमीडिएट के लिए 21 केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 7564 है। जबकि, इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या 4738 है।

## मांझी परगाना लहंती वैसी की बैठक आयोजित

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यालय स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास परिसर में रविवार को मांझी परगाना लहंती वैसी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पी पेसा एक्ट के बारे में विशेष रूप से चर्चा कर उपस्थित ग्राम प्रधानों को जानकारी दी गई। बैठक में झारखंड सरकार द्वारा ग्राम सभा को उचित ढंग एवं सही रूप से लागू किए जाने। झारखंड सरकार द्वारा वर्तमान समय में ही पी पेसा एक्ट को सुचारू रूप से लागू किए जाने। वर्तमान समय में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के माध्यम से गांव के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विकास के कार्य को दुरुस्त करने। वर्तमान समय में पत्थर खनन में हो रहे लीज को जांचों प्रांत सुचारू रूप से ग्राम सभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात दिए जाने से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में ग्राम प्रधान सनत सोरेन, शिफानुएल हंसदा, बागान मुर्मु, हरिदास मरांडी, अनिता मुर्मु, सुकज हंसदा, पानसूरी मरांडी, रोशेन टुडू के अलावे ग्राम प्रधान, लेखा होड़ शामिल थे।

## पचुआड़ा कोल ब्लॉक ने खान सुरक्षा पर प्रतियोगिता में ऑल ओवर विजेता का जीता खिताब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** अलग-अलग पंद्रह कोल माइंस के बीच खान सुरक्षा पर विभिन्न कार्य भागों में आयोजित प्रतियोगिताओं में पाकुड़ अमड़ापाड़ा में संचालित पचुआड़ा नॉर्थ कोल माइंस ने ऑल ओवर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। इसके अलावा दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भी प्रथम स्थान हासिल किया है। इसकी जानकारी देते हुए पीआरओ संजय बेसरा ने बताया कि डीजीएमएस सेंट्रल जोन धनबाद के तत्वाधान में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2023 का आयोजन का जिम्मा बीसीसीएल सिजुआ एरिया को सौंपा गया था। प्रतियोगिता में सबसे अधिक उत्पादन प्रति वर्ष लक्ष्य श्रेणी 0.60 मिलियन टन से ऊपर के 15 कोल माइंस ने हिस्सा लिया था। इन कोल माइंस के बीच 15 जनवरी से 27 जनवरी 2024 तक प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसका परिणाम 3 फरवरी को धनबाद के सिजुआ स्टेडियम में घोषित किया गया। जिसमें पचुआड़ा नॉर्थ कोल माइंस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ज्योमेट्री तथा एचईएमएम में प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। ऑल ओवर चैंपियन का खिताब भी अपने नाम किया है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह में डीजीएमएस वरीय अधिकारी डीजी प्रभात कुमार, डीएमएस माइनिंग सागेश कुमार, डीएमएस मैकेनिकल सुरेश पडदा, डीएमएस इलेक्ट्रिकल सौम्या जुलु, डीडीएमएस माइनिंग मिथिलेश कुमार, डीडीएमएस माइनिंग जावेद आलम ने पचुआड़ा नॉर्थ कोल माइंस के कार्यशैली की सराहना की है। डीजी प्रभात कुमार ने पचुआड़ा नॉर्थ कोल माइंस के जनरल मैनेजर रामाशीष चटर्जी को विजय शील्ड दिया। मौके पर माइंस मैनेजर महेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर टीके घोष, कुमार राजशेखर, विनोद बलिक, अभिलाष पीयूष, मोहम्मद जमान, कैलाश मंडल, सोमेन गैयन, चंद्रशेखर पी, शिवा कुमार, साई प्रसाद, बबलू आदि को शुभकामनाएं दी।

## आजसू ने स्वतंत्रता सेनानी कृपानाथ पांडेय के जन्मदिन पर दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** आजसू पार्टी ने पाकुड़ के वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कृपानाथ पांडेय का जन्मोत्सव उनके आवास पर मनाया। इस मौके पर अल्फ्रेड सोरेन ने कहा कि उनकी वीर गाथा का बखान शब्दों में नहीं की जा सकती। पाकुड़ के एक मात्र स्वतंत्रता सेनानी कुछ दिन गांधी जी और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के सानिध्य में रहे। उनका मार्गदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। आजादी के बाद कांग्रेस के दिग्गज नेता होने के बावजूद आज तक किसी ने उनकी और उनके परिवार की सुध नहीं ली। उनका परिवार आज भी गरीबी का दंश झेल रहे हैं। कई बार पत्राचार होने के बावजूद उनकी प्लास्टर की बनी हुई प्रतिमा के लिए स्थल नहीं मिली। शहर में हाथी, घोड़े और पशुओं के लिए स्थल है, मगर नगर परिषद और डीसी पाकुड़ को आवेदन देने के बाद आश्वासन के अलावा न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही स्थल चिन्हित हुआ। कांग्रेस के प्रशासन और कांग्रेस की इस उछल मानसिकता निंदनीय है। आजसू पार्टी ने उनके परिवार को आश्वासन दिया कि अगर उनकी प्रतिमा पाकुड़ शहर में स्थापित नहीं की गई, तो आजसू पार्टी आंदोलन करेगी। मौके पर पाकुड़ के आम नागरिक भागीरथ तिवारी, डॉ. मनोहर, संजय शुक्ला, पिंटू पांडेय, पुष्पा देवी, देबू और आजसू पार्टी केंद्रीय समिति सदस्य अल्फ्रेड सोरेन, मनीष चौबे, मंजूर आलम, युवा संगठन सचिव अब्दुल आलिम, अखर आलम, बक्कर शेख आदि उपस्थित थे।

## तीन लकड़ी तस्करों को वन विभाग ने पकड़ा, न्यायिक हिरासत में भेजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** लकड़ी तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए सौंप दिया है। विभाग के वन परिसर पदाधिकारी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी को लिखित रूप से पूरी विवरणी के साथ न्यायिक हिरासत में दे दिया है। जिसमें कहा है कि जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र के शहरग्राम के रहने वाले गोविंद कुमार साह (पिता- श्याम चंद साह), सुबल साह (पिता- हरीश साह) एवं मनसा साह (पिता- स्वर्गीय रंजीत साह) को चार अदद लकड़ी का बोटा के साथ शहरग्राम-राजग्राम सड़क पर निरबांध गांव के पास पकड़ा गया है। यह घटना 3 फरवरी शाम करीब 7ः00 बजे के आसपास की है। वहीं तीन मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। पकड़े गए तीनों पर भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 9 1990) की धारा 41 एवं 42 तथा झारखंड वनोपज (अभिवहन का विनियमन) की नियमावली 2020 की धारा 18 घ के उल्लंघन करने के जुर्म में धारा 52 के तहत गिरफ्तार किया गया है। इधर वन विभाग की इस कार्रवाई से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। पूर्व में भी लकड़ी तस्करी का खुलासा वन विभाग ने किया है। कई बार वाहनों में लदे एवं कटे हुए लड़कियों को जब्त किया है। लेकिन हर बार लकड़ी तस्कर भागने में सफल हो जाते थे। इस बार वन विभाग ने तस्करों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। इस कार्रवाई से न सिर्फ पाकुड़, बल्कि सीमा से सटे बंगाल के लकड़ी तस्करों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# तीन साल का साथ और अगले पल जुदाई की घड़ी, अपनों से बिछड़ने का गम हमेशा याद रहेंगे : अजित कुमार बिमल

## कुछ आँखों में आंसुओं का सैलाब था तो कई लब खामोश थे



**मकसूद आलम @प्रभात मंत्र**

**पाकुड़ :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में एसडीपीओ अजित कुमार बिमल के स्थानांतरण कर दिए जाने को लेकर पुलिस अधिकारीयों ने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया.आयोजित समारोह में जिलेभर के पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.तीन साल का साथ और अगले पल जुदाई की घड़ी,अपनों से बिछड़ने का गम और याद आये पाकुड़ के हर खास व आम के साथ बिताये पल.एसडीपीओ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अधीनस्थ पुलिस अधिकारियो और कर्मियों ने भीगी पलकों से उन्हें विदाई दी.कुछ आँखों में आंसुओं का सैलाब था तो कई लब खामोश थे. कुछ ऐसा नजारा था पाकुड़ एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह का.समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारीयों ने एसडीपीओ के कार्यकाल की भरपूर सराहना की।पुलिस अधिकारीयों ने कहा पाकुड़ से एक हर दिल अजीज और मिलनसार पुलिस पदाधिकारी का स्थानांतरण हो रहा है,जो यहां के लोगों को लंबे समय तक खलेगा।उल्लेखनीय है की एसडीपीओ अजीत कुमार विमल की होठों की मुस्कान को यहां के लोग काफी तरसेंगे। क्योंकि उनके मुस्कान ने बड़े-बड़े जटिल मामला को पल भर में सूलझाया है. विदाई सह सम्मान समारोह में जिले के सभी थाना प्रभारी,एस आई,एएसआई एवं पुलिस बल मौजूद रहे। पाकुड़ जिले में एसडीपीओ अजित कुमार बिमल विगत तीन सालों से पदस्थापित थे।जिन्हें विभाग ने राँची ट्रांसफर कर दिया है।एसडीपीओ अजित कुमार बिमल ने कहा कि सरकारी नौकरी में तबादला होना एक अपरिहार्य प्रक्रिया है जिसका पालन किया जाता है।उन्होंने आगे कहा कि पाकुड़ का अनुभव बेहतरीन रहा,उन्होने पाकुड़ वासियों के मिलनसार स्वभाव की तारीफ करते हुए कहा कि वे यहाँ से ढेर सारी सुखद यादें लेकर जा रहे हैं। कहा कि पाकुड़ और यहां के लोगों को वह जीवन भर याद रखेंगे। क्योंकि लंबे कार्यकाल के दौरान अच्छे बुरे अनुभव के बीच यहां के लोगों ने जो प्यार और मान सम्मान दिया उसे भूलना उसके लिए नहीं नामुमकिन है। पुलिस पदाधिकारी व लोगों ने एसडीपीओ को फूल माला पहनाते हुए शॉल और अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। पुलिस पदाधिकारी ने कभी अलविदा ना कहना गाना को दोहराएं।उक्त विदाई समारोह में पुलिस निरीक्षक उमाकांत पंडित, एसआई संतोष राय,थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज,अभिषेक राय,सुनील कुमार रवि,सत्येन्द्र यादव, टिंकू रजक,आनंद पंडित,अरुणिमा बागे,महिला थाना प्रभारी ऋतु कुमारी,एसआई प्रीति, धनुषधारी रवि, पूर्व थाना प्रभारी मिंटू भारती , आशीष कुमार, एसआई राजेश कुमार, अमरजीत कुमार के अलावा पुलिस बल मौजूद रहे।

## एसडीपीओ प्रदीप उराव ने 16 वें एसडीपीओ के रूप में लिया पदभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** पाकुड़ के 16 वें एसडीपीओ के रूप में प्रदीप उराव ने रविवार को पदभार ग्रहण किया है.उन्होंने निवर्तमान एसडीपीओ अजित कुमार बिमल से पदभार ग्रहण किया है.इस दौरान एसडीपीओ प्रदीप उराव ने कहा की हर एक पीड़ित की सुनी जाएगी. क्राइम कण्ट्रोल पर विशेष फोकस रहेगी.उन्होंने बताया की वे निर्भीक होकर सीधे हमारे पास भी अपनी बात रख सकते हैं.उन्होंने कहा की हमारी प्राथमिकता क्राइम कण्ट्रोल लॉ एंड आर्डर को बनाये रखना और हर पीड़ित को न्याय मिले और उनकी बातें सुनी जाए ऐसा प्रयास रहेगा.मौके पर ट्रेनिंग डीएसपी अजय आर्यन, नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार, मुफ्फासिल थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज सहित काफ़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौजूद थे.

## निवर्तमान एसडीपीओ को विद्यार्थी परिषद ने किया सम्मानित

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को एसडीपीओ कार्यालय में निवर्तमान एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के स्थानांतरण पर रामचरितमानस एवं परिषद स्मृति के रूप में छात्र दैनंदिनी भेंट कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय संयोजक बमभोला उपाध्याय ने बताया कि पाकुड़ के लोगों में अपनी कार्यशैली से काफी लोकप्रिय पदाधिकारी के रूप में अजीत कुमार विमल जी ने पहचान बनाई है। विशेष रूप से विद्यार्थियों एवं युवाओं के साथ उनका लगाव और अधिक रहा। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं से उनका जुड़ाव लगा रहता था। परिषद के प्रतिभा सम्मान समारोह, रक्षाबंधन कार्यक्रम, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हमेशा उनकी उपस्थिति रहती थी। उनका कार्यकाल स्वर्णिम काल रहा है। उल्लेखनीय है कि एसडीपीओ अजीत कुमार विमल का तबादला पाकुड़ से रांची कर दिया गया है।मौके पर जिला समिति के सदस्य विशाल भगत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यम भगत, सुमित पांडेय, महाविद्यालय कार्यकारिणी आनंद भंडारी एवं हर्ष भगत मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष बनी आरती सिंह



**नामकुम :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह जी को बुके देकर बधाई दी गई।इनमें सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह, ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री तुलसी गोप ,बरगावा पंचायत के उप मुखिया श्री सुबोध कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेटा इत्यादि नेतागन थे।

## खलारी में रांची जिला भाजपा एससी मोर्चा ने की बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुकबुका पंचायत स्थित चानक नगर में शनिवार को रांची जिला भाजपा एससी मोर्चा की एक बैठक जिला अध्यक्ष मनोज राम की अध्यक्षा में हुई.बैठक में प्रभारी के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा एससी मोर्चा के कार्य समिति सदस्य रविन्द्र पासवान शामिल थे. बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार फिर एक बार को लेकर चर्चा किया. साथ ही कार्यकर्ताओं ने गांव गांव एवं घर घर जा कर दुबारा मोदी जी को वोट देने का आग्रह करने और उनके द्वारा किए गए कार्यों को सभी को बताने का निर्णय लिया. बैठक के बाद दीवार लेखन का कार्य किया गया. बैठक का संचालन भाजपा एससी मोर्चा खलारी प्रखंड महामंत्री रतन लाल राम ने किया.इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सरस्वती देवी, रामप्रवेश नायक, दिलीप पासवान, संजय नायक, अर्जुन बैठा, मजहर आलम, संजीत तुरी, रविन्द्र पासवान, जीवन राम, पप्पू राम, मुकेश राम, सुरेश राम, अशोक राम, कुलदीप लोहार, रोहन लाल, नवल नायक आदि उपस्थित थे.

## सीसीएल रेस्क्यू फर्स्ट एड प्रतियोगिता आयोजित

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को रामगढ़ रेस्क्यू स्टेशन में आयोजित सीसीएल रेस्क्यू फर्स्ट एड प्रतियोगिता में एनके एरिया की टीम ने तीन स्पर्धा में अव्वल प्रदर्शन किया है.रेस्क्यू अधिक्षक रामानंद यादव के नेतृत्व में टीम को मार्च पास्ट में प्रथम, ड्रील में द्वितीय और एनके एरिया रेस्क्यू टीम के कप्तान सुरज भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ द्वितीय कप्तान चुना गया है.टीम के इस सफलता पर एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार सहित विभिन्न श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने सभी को बधाई दिया है.

## तारे या पदार्थ के सवाल की एक अभियान शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरिएंटबेल टाइल्स एक अभियान शुरू कर रही है जिसमें इस सवाल की खोज की जा रही है कि क्या सितारे या पदार्थ सेलिब्रिटी विज्ञापन से अधिक महत्वपूर्ण हैं। ऐसे युग में जहां ब्रांड अक्सर सेलेब लहर की सवारी करते हैं, ओरिएंटबेल टाइल्स स्क्रिप्ट को पलट रही है। आगामी अभियान, जिसे 100% टाइल्स और 0% सेलेब्स नाम दिया गया है, केवल टाइल्स के बारे में नहीं है; यह विज्ञापन में प्रामाणिकता के सार का प्रतिबिंब है। यह उस मानक को चुनौती देते हुए एक रुख अपनाता है जो स्टार पावर को उत्पाद के मूल्य के बराबर मानता है। ओरिएंटबेल टाइल्स का लक्ष्य सेलिब्रिटी विज्ञापनों पर शिल्प कौशल, नवीनता और गुणवत्ता को प्राथमिकता देकर टाइल्स की खरीदारी को आसान बनाना है, केवल सेलिब्रिटी विज्ञापनों पर निर्भर रहने के बजाय उपभोक्ताओं के लिए टाइल्स खरीदने की प्रक्रिया को अधिक मनोरंजक बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है।

## अकादमिक प्रतिभा की घोषणा की गई

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिर्ची के सहयोग से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने पटना में स्पेल बी - स्पेलमास्टर्स ऑफ इंडिया के 13वें संस्करण के क्षेत्रीय समापन समारोह का आयोजन किया, जिसमें युवा दिमागों की असाधारण वर्तनी कौशल का प्रदर्शन किया गया। पटना चरण में इमैनुएल मिशन पब्लिक स्कूल, अनीसाबाद की 14 वर्षीय प्रतिभाशाली कुमारी अंकिता विजयी हुई और फरवरी 24 में होने वाले ग्रैंड फिनाले में स्थान अर्जित किया। पटना के 10 स्कूलों के 4058 प्रतिभागियों में से सावधानीपूर्वक चुने गए कुल 38 छात्र, क्षेत्रीय समापन समारोह में शब्दों की लड़ाई में लगे रहे। एसबीआई लाइफ की स्पेल बी पहल न केवल वर्तनी कौशल को बढ़ाने का प्रयास करती है, बल्कि 5वीं से 9वीं कक्षा के छात्रों को अमूल्य जीवन कौशल विकसित करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक अभियान जारी

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए कई अभियान चलाया जा रहा है। झुमरी तिलैया, कोडरमा, डोमचांच व चंदवारा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने का संदेश दिया गया और लोगों को जागरूक किया गया। डीटीओ विजय कुमार सोनी ने बताया कि इस एक माह चलने वाले इस अभियान में कई जागरूकता समेत कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और छात्रों को सड़क सुरक्षा के अनुपालन अपने परिजनों को भी इसकी जानकारी देने और नेक इंसान के तहत किसी भी घायल का मदद करने, न कि वहां फोटो, सेल्फी लेने आदि का शपथ दिलाया जा रहा है। इसके तहत मैराथन दौड़ समेत अन्य कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

## विधायक ने रखी पुल की आधारशीला

**डोमचांच(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के मधुबन पंचायत में रविवार को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने गोलगों रोड में तीन करोड़ बावन लाख की लागत से बनने वाले पुल की आधारशिला रखी. इसके पहले कोडरमा विधायक ने विधि विधान से पूजा अर्चना व नारियल फोड कर पुल की आधारशीला रखी. ज्ञात हो कि पुल बन जाने से दो गाँव के लोगों को आने जाने में सुविधा होंगी. इस पुल के बन जाने से गोलगो के लोगो के साथ साथ सभी लोगो को बरसात के समय की बचत होगी. उन्होंने कहा कि पुल को जल्द से जल्द तैयार कर लिया जाएगा और पुल की गुणवत्ता में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए. उन्होंने संवेदक से कहा अगर किसी कारण कुछ ऐसा होता है तो तुरंत संपर्क मुझ से करे मौके पर संवेदक बिरेंदर यादव, जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया, मुकेश कुमार, श्री सिंह, बबलू कुमार आदि लोग मौजूद थे.

## प्याज के बाद अब रुला रहा लहसुन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कभी एक समय था जब लोग प्याज की बढ़ती कीमतों पर कहते थे कि प्याज रुला रहा ओर प्याज़ का इस कदर दाम थे कि लोग गिफ्ट में भी प्याज़ देने का शोशल मिडिया में खूब वायरल हुआ., मगर आज प्याज की जगह लहसुन ने ले ली है. बाजार की कीमत लोगों को रूरला रही है. मांसाहारी हो या शाकाहारी, भोजन बनाने में जायका के लिए लहसुन जरूरी है. लोग लहसुन की अचानक मूल्य वृद्धि से तम की पये किलो से पृत्य दर में 28वी उछाल के बाद आज लहसुन थोक में 400 रुपये किलो और खुदरा में 500 रुपये किलो की दर से बिक रहा है. इस बढ़ी हुई कीमत से घर का बजट और रसोई का जायका बिगड़

## पिपरवार वर्कशॉप मे विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत कर्मचारी को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोका ओसीपी के पिपरवार वर्कशॉप में विदाई समारोह आयोजित कर वर्कशॉप से सेवानिवृत हुए सीनियर स्टोर कीपर बाल किशुन महतो को विदाई दी गई।इस समारोह में वर्कशॉप के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें माला पहनकर स्वागत किया, जबकि उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल में उनका 29 साल का योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्य को पूरा किया और स्वस्थ होकर सेवानिवृत हुए। वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर के साथ सेवानिवृत होना काफी खुशी की बात है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर मनोज कुमार पांडेय,अरुण कुमार सिंह,अगनु देशवाली, अजीत सिंह,आदित्य नायक, संतोष कुमार राम,संजय विश्वकर्मा,बिजय कुमार सिंह,मोहम्मद जुलफाम सहित काफी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक में बचरा उत्तरी पंचायत समिति का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के बचरा बस्ती में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता राम प्रकाश महतो और संचालन संदीप कुमार महतो ने किया। इस बैठक में समिति को मजबूत बनाने,सदस्यता अभियान चलाने और समिति का विस्तार करने को लेकर विचार विमर्श किया गया।इस पंचायत स्तरीय संगठन विस्तार के लिए पर्यवेक्षक के रूप जिला कमेटी से नवलेश भुईया,राजू कुमार महतो और नरेश कुमार महतो बतौर पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे।बैठक में सर्वसम्मति से झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति बचरा उत्तरी पंचायत समिति का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष संदीप कुमार, उपाध्यक्ष जुगेश्वर महतो, सचिव अरविंद महतो,उपसचिव रितिक महतो, कोषाध्यक्ष आर्यन महतो,उप कोषाध्यक्ष किशोर कुमार को बनाया गया।वही रघुनाथ महतो,रामप्रकाश महतो,रोहित महतो,गोपाल कुमार महतो,भुनेश्वर महतो सहित अन्य लोगों को समिति का संयोजक बनाया गया। इसके अलावा दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक के दौरान टाइगर जयराम महतो के उद्देश्य और सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को समिति से जोड़ने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा आहूत आदिवासी एकता महारैली में उमड़ी विशाल जनसभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राँची :** जनसभा क़ो सम्बोधित करते जन जन के नेता बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज क़ो ज़ो लोग तोड़ना चाह रहे है और झारखण्ड में शासन करना चाहते है उनके मंसूबे क़ो कभी कामयाबी नही मिल सकता है सत्ता से अलग रहकर विपक्षी पार्टियां बिना पानी कि मछली कि तरह छटपट्टा रहीं है,वे लोग किसी भी प्रकार से सत्ता हासिल करने के फिराक में लगी हुवी है पर उनको पत्ता होना चाहिए कि हमारे आदिवासी समाज उनके बाँटने कि राजनीति क़ो भली भाती समझ चुकी है, और समाज क़ो तोड़ने वालों के खिलाफ उलगुलान करने में भी सक्षम है, समय बदल गया है और आदिवासी समाज द्वद्वश्च के डुंगडुंगया बजाने से उसके बहकावे में आने वाले नही है इसके अलावे उन्होंने जनसरोकार से जुड़े मामले महंगाई, बेरोजगारी, संविधान कि रक्षा सम्बंधित मुद्दों पर भी विस्तार पुर्वक अपनी बात रखी।



## आजसू की बैठक संपन्न



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज नामकुम प्रखंड के बड़ाम पंचायत ओर टाटी पश्चिम पंचायत में खिजरी विधानसभा विधानसभा प्रभारी श्री जितेंद्र सिंह जी,जिला अध्यक्ष श्रीमती वीना कुमारी जी ओर जिला उपाध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा जी की उपस्थिति में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी और ग्राम प्रभारी का बैठक किया गया। इस बैठक में कई क्रांतिकारी युवाओं ने आजसू सुप्रीमों के कार्य एवं उनके सोच को ओर पार्टी के नीति सिद्धांतों को देखते हुए आजसू पार्टी का दामन थामा। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय निर्देशानुसार सभी पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी को निर्देश दिया गया कि सभी कोई जल्द से जल्द चुल्हा प्रमुख बनाने का कार्य को पूर्ण करें एवं आगामी चुनावों के लिए तैयारी करें।

## देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर रसोईया संघ की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया में रसोईया संघ की बैठक रसोईया प्रमिला देवी की अध्यक्षता में किया गया. बैठक को संबोधित करते हुए एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने कहा कि 16 फरवरी 2024 को सभी सरकारी विद्यालयों में धुआ बंद रहेगा झारखंड की रसोइया वाहनों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो। मध्यान भोजन कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी 26000 दो ।जलने कटने पर चिकित्सा भत्ता दिया जाए। प्रत्येक वर्ष दो सेट ड्रेस दिया जाए। मृत्यु होने पर 10 लाख रुपया मुआवजा दिया जाए। रिटायरमेंट 5 लाख रुपए दिया जाए तथा रिटायरमेंट के बाद मासिक पेंशन ?10000 दिया जाए मध्यान भोजन को निजीकरण बंद किया जाए. बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार महिलाओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है अपने वादों में महिलाओं एवं युवाओं को प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने की बात कही थी लेकिन मोदी को 10 वर्ष बीतने चला है इसके बावजूद भी महिलाओं को रोजगार एवं सुरक्षा मुहैया नहीं करा पाई देश में उनके प्रति आक्रोश है यह आक्रोश 2024 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं जैसी सेविका सहायिका रसोईया सहिया दीदी अनुबंध पर कार्य करने वाले सभी महिला दीदीयो ने सबक सिखाएगी. बैठक को संबोधित करते हुए एटक जिला अध्यक्ष विनोद पासवान ने कहा कि 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर गांव गांव जाकर तैयारी किया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि 16 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल को सफल करने के लिए दोपहर 12:00 बजे ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया से जुलूस निकालकर झंडा चौक पर सभा की जाएगी. बैठक को प्रमिला देवी,सोनिया देवी, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, असगर अली, फुलवा देवी, शकुंतला देवी, हेमंती देवी ने भी संबोधित किया. बैठक में मीना देवी, मालती देवी, मंजू देवी,संजू देवी, ललिता देवी,सबिया देवी, देवंती देवी, गिरिजा देवी, कुंती देवी, सुगंटी देवी,मंदोदरी देवी, नजर खातून, नगीया देवी, वैजयंती देवी, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, सुलेखा देवी,काजल मासूमत, अंजू देवी, अयोध्या देवी,हेमंती देवी आदि लोग मौजूद थे धन्यवाद ज्ञापन रेखा देवी ने किया।

## लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 9 अंतरराज्यी आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा पुलिस को भारी सफलता मिली है जहाँ पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे पैसों की ठगी के मामले का उद्भेदन करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है.इस बाबत पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रविवार को प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी. उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों का एक गिरोह कोडरमा थाना अंतर्गत दूधी माटी में सक्रिय होकर धनी फाइनेंस लिमिटेड से लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेता है और पैसों की ठगी की घटनाओं का अंजाम देता है.

इस मामले के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने छापेमारी करते हुए नौ अभियुक्तों के गिरफ्तार किया. गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में यह बात सामने आई कि उनके द्वारा मेटा ऐड एप्प का प्रयोग कर धनी फाइनेंस लिमिटेड का फर्जी विज्ञापन सोशल मीडिया में डाला जाता था. जिसे देखकर लोग इनके प्रलोभन में आ जाते थे. इसके बाद इन अभियुक्त द्वारा लोगों से लोन की स्वीकृति हेतु प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसों की ठगी की जाती थी. इनके मोबाइल फोन की जांच करने पर उनके मोबाइल फोन में कई सारे लोगों से पैसे ठगी करने के सबूत मिले. इनके पास से 22 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, 32 सिम कार्ड, क्यू आर कोड स्कैनर एवं नकद 1 लाख 20 हजार रुपए बरामद किए गए. इस संबंध में कोडरमा थाना में कांड संख्या 18/24 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. गिरफ्तार अभियुक्तों में कमलेश कुमार पासवान (28 वर्ष, बउरी, जिला नवादा), अजीत पासवान (33 वर्ष, कतरीसराय, जिला नालंदा), अनिल पासवान (37 वर्ष, कतरीसराय, जिला नालंदा), पप्पू पासवान (35 वर्ष, कतरीसराय, जिला नालंदा), भरत कुमार (25 वर्ष, पीपरापुर, जिला नालंदा), मुरली (26 वर्ष, ग्राम बेंगलुरु, जिला मैसूर), बसंत (27 वर्ष, ग्राम बेंगलोर, जिला मैसूर), के ज्वाइस (25 वर्ष, बैंगलोर, मैसूर), गुरु किरण (22 वर्ष, बेंगलोर, मैसूर) शामिल हैं.वहीं छापेमारी दल में एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर के अलावा कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम, पुअनि कुंदन कुमार, ऋषिकेश कुमार सिंहा, लव कुमार और सशस्त्र बल एवं पैंथर जवान शामिल थे.एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है. वहीं एक सवाल के जबाब में एसपी ने बताया कि इस पूरे मामला का मास्टरमाइंड अनिल था.

# पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर खान ने गरीबो मे बांटा कंबल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान ने क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए शमशेर खान के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र में घूम घूमकर गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल बांटा गया।इस संबंध में पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान ने बताया कि पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए उनके द्वारा कंबल बांटा जा रहा है।उन्होंने बताया कि बचरा बसंत बिहार में संचालित वृद्धा आश्रम मे रहने वाली वृद्ध महिलाओं के बीच कंबल बांटा गया।वही क्षेत्र के चौक चौराहो और बाजारो मे घुम घुमकर वृद्ध असहाय और गरीबो के बीच भी कंबल का वितरण किया गया।उन्होंने अपनी ओर से कुल 11 गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल बता। इस संबंध में शमशेर खान ने क्षेत्र के लोगों से भी गरीब और असहाय लोगों की मदद करने की अपील की है।

उनके इस नेक कार्य में कैंप के कई जवान और पदाधिकारी भी शामिल थे।इस मौके पर पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान, उपाध्यक्ष बिजय केरकेट्टा, मंत्री सुजीत कुमार,परेश मरांडी,प्रहलाद कुमार,गोल्डेन चौबे,पवन महतो,जितेन्द्र शुक्ला,मनीमोहन प्रसाद, शमशाद खान,रंजीत कुमार, संजीव कुमार,शक्ति चौबे, विपलेश कुमार,अनिल तिवारी सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।



## सरस्वती पूजा 14 फरवरी को, तैयारी शुरू

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विद्या की देवी सरस्वती पूजा 14 फरवरी को है, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। कमोबेश हरेक स्कूल, कॉलेज के अलावा हर गली-मोहल्ले, मंदिर में पूजा की तैयारी शुरू हो गयी है।

कमेटियां पूजा को लेकर चंदे आदि शुरू कर दी है। जबकि मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमाओं को आकार देने में लगे हुए हैं। सरस्वती पूजा महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

यहां करीब सौ से अधिक स्थानों पर पंडाल बनाकर मां वीणा वादिनी सरस्वती की पूजा की जाती है। दो दिनी महोत्सव में यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। हरेक जगह छोटे- छोटे पंडालों का निर्माण होता है। हालांकि कुछ जगहों पर बड़े पंडाल का भी निर्माण किया जाता अग लेकिन पंडाल पूजा के दो दिन पहले शुरू होकर पूर्ण हो जाते है पूजा कमेटी में प्राइमरी स्कूल के बच्चों से लेकर स्कूल, कॉलेज तक के छात्र, जबकि मोहल्ले में स्थानीय लोग शामिल होते हैं। कई जगह छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भी पूजा की जाती है। मोहल्ले में अपने माता- पिता के सहयोग से बच्चे चंदा कर आपसी सहयोग से मां वादिनी की पूजा-अर्चना करते हैं। अभिभावक पूजा को रूप देते हैं। खेत-खलिहान से लेकर गांव के हर एक गलियों में दो दिनों तक सरस्वती पूजा की धूम होती है। सरस्वती पूजा पर कई स्थानों पर विविध कार्यक्रम में आयोजन किए जाते हैं। मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं।इस बाबत मूर्तिकार ने बताया कि पहले की अपेक्षा इस बार महंगाई की मार है। सारे कच्चे सामान मिट्टी, बिचाली, रंग सहित अन्य समान महंगे हो गए हैं। लोग दाम के मुताबिक तोल मोल करते हैं। हालांकि लोग छोटी मूर्तियों की अपेक्षा बड़ी मूर्तियां ज्यादा पसंद करते हैं।

## आगामी चुनाव में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत : भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने रविवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।पिपरवार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावे विस्थापित ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया।जिसके बाद बेंती खेल मैंदान में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता अर्जुन गंझू और संचालन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो ने किया।इस समारोह मे रामदेव सिंह भोक्ता को भाजपा का चतरा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बुके और माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया।इस समारोह मे समाजसेवी महेन्द्र गंझू ने पिपरवार क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओ से उन्हे अवगत कराया।

उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्या स्कुल, कॉलेज,चिकित्सा,रोजगार जैसी समस्या से अवगत कराया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिहं भोगता ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी।केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी कार्यो से देश की जनता का भाजपा को आपार समर्थन मिल रहा है।चतरा जिला मे भाजपा पूरी तरह से मजबूत है।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया,इसके अलावे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया।इस मौके पर बेंती मुखिया सरीता देवी,पंसस कुमारी अनुप्रिया,महामंत्री मिथलेश गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि बिजय लाल, अश्विनी दराद,ईश्वर दयाल पाण्डेय,सुजित भारती, धनराज भोक्ता,महेन्द्र गंझू, विनय पाण्डेय,लक्षमण मण्डल,संजय भोक्ता,सुशील कुमार सिंह,प्रकाश महतो, दिलीप गंझू,आशिक अली, परमेश्वर गंझू,प्रेम ठाकुर, रामबालक गंझू,रचित गंझू, आदित्य केशरी,मनोज गंझू, मनु केशरी,बासुदेव गंझू सहित कई लोग मौजूद थे। इधर दुसरी और पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता का जोरदार स्वागत किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बुके और माला देकर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, विधायक प्रतिनिधि विजय लाल,बजरंग दल अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल,प्रमुख प्रतिनिधि अरुण उरांव,अनिल सिन्हा,देवनाथ महतो,रंजन उरांव,धनराज भोक्ता,करण महतो,दिनेश केसरी,संजय गंझु सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो में 550 करोड़ से अधिक का हुआ व्यवसाय



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर स्थित इंडोमैक बिजनेस सौल्युशन्स द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर एवं एसिया के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय (2 से 4 फरवरी) बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) का समापन आज सफलता पूर्वक हो गया। उक्त एक्सपो में उद्योगपतियों, खुदरा औद्योगिक व्यवसायी एवं अन्य ग्राहकों को काफी अच्छा रिस्पाँस मिला है। एक्सपो के निर्देशकों ने उक्त आयोजन का सफलता पूर्वक आयोजन के लिय आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के श्री एस एन ठाकुर एवं उनकी टीम तथा एशिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल एवं उनकी टीम को सफलता का श्रेय देते हुए उन्होंने कहा की एक्सपो में 19,000 से अधिक विजिटरों ने यहाँ आकर नये नये तकनिकों से अवगत हुए। कुल मिलाकर 550 करोड़ से अधिक का व्यवसाय एवं बुकिंग हुआ। वर्त्तमान एक्सपो के आयोजन मे जो भी कुछ खामियान रह गयी उसे अगले वर्ष और भी बेहतर तरीके से आयोजित किया जायेगा ।

## दिलीप खलखो ने एसडीपीओ सरायकेला का पदभार ग्रहण किया



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला अनुमंडल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में दिलीप खलखो ने अपना पदभार रविवार को स्वत~ ग्रहण किया। सरायकेला के पूर्व एसडीपीओ हरविंदर सिंह का दुसरे जिले में एसपी के रूप में पदस्थापना के बाद से सरायकेला एसडीपीओ का पद रिक्त था। पदभार ग्रहण करने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता के क्रम में एसडीपीओ दिलीप खलखो ने कहा कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरुस्त रखना, आम जनता के लिए सुरक्षा का महौल सहित पुलिस एवं पब्लिक के मध्य संबंध को और अधिक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार अनुमंडल क्षेत्र में थाना वार विभिन्न प्रकार के अपराध व अपराधियों की समीक्षा कर उन पर अंकुश लगाया जाएगा। किसी भी प्रकार के अपराध करने वालों को अपराध करने की छूट नहीं दी जाएगी।

## देश सेवा में समर्पित रहा आडवाणी का जीवन : प्रमोद



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर भाजपा बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आडवाणी जी जीवन भर नि~ स्वार्थ भाव से देश सेवा मे समर्पित रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि विभिन्न संवैधानिक दायित्वो का निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक देश की सुरक्षा, एकता और अखण्डता के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। अपने लम्बे सार्वजनिक जीवन मे उन्होंने देश संस्कृति और जनता के जनभावना से जुरे मुद्दो के लिए अथक संघर्ष किया।

## माउथ कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली जरूरी : डॉ प्रणव



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईएचएमओ जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से पुरानी लाइन बारीडीह में वर्ल्ड कैंसर डे के दिन रविवार को कैंसर के रोकथाम में दंत चिकित्सा के महत्वपूर्ण योगदान के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश ने कैंसर के रोकथाम में दंत चिकित्सा के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्पगुछ देकर सम्मानित किया। इस दौरान (मौखिक एवं डेंटल सर्जन) डॉ प्रणव आनंद ने बताया कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में मुंह का कैंसर होने की संभावना लगभग दोगुनी होती है। जो लोग धूम्रपान करते हैं, धुआं रहित तंबाकू का सेवन करते हैं या शराब पीते हैं उनमें भी मुंह का कैंसर होने का खतरा अधिक होता है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर मौखिक और ऑरोफरीन्जियल कैंसर के कई जोखिम कारकों से बचा जा सकता है। मौके पर मुख्य रूप डॉ मोहित प्रताप सिंह डेंटल सर्जन, विजय मंडल और व अन्य उपस्थित थे।

## हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी ने गार्डन ऑफ द ईयर 2024 के विजेताओं को किया सम्मानित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को बिस्तुपुर बेल्डीह क्लब में हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर द्वारा 6 और 7 जनवरी को आयोजित गार्डन ऑफ द ईयर 2024 के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में रवि रंजन, आईएफएस, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड और रुचि नरेंद्रन उपस्थित थी। हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर के 5 सदस्यों की सहायता से पश्चिम बंगाल के 4 जूरी सदस्यों के एक प्रतिष्ठित पैनल ने 12 श्रेणियों में 84 प्रतिभागियों का चयन किया। इस वर्ष 2 नई श्रेणियों में 50 गमलों तक की बालकनी और बालकनी अनुभाग को कवर करने के लिए 50 से अधिक गमलों को शामिल किया गया है। इस अवसर पर व्यक्तिगत फ्लैट/छत (100 वर्ग फुट तक): चैंपियनः गीता शुक्ला, व्यक्तिगत फ्लैट/छत (100 वर्ग फुट से अधिक): चैंपियनः किलोल कमानी, व्यक्तिगत घर (250 वर्ग फुट तक) : चैंपियन - एमडी एस.के. गुलाम सब्बीर, व्यक्तिगत घर (500 वर्ग फुट तक) : चैंपियनः सज्जन कुमार नरेडी, व्यक्तिगत घर (501 वर्ग फुट से अधिक)चैंपियन - मंजू भामरा, बालकनी गार्डन (50 से अधिक गमले) : चैंपियन- नितिल प्रसाई और रेखा सैमुअल, कंपनी द्वारा प्रबंधित बंगलाः (1000 वर्ग मीटर तक) चैंपियन - डी.बी. शैलजा, कंपनी द्वारा प्रबंधित बंगला (1000 वर्ग मीटर से अधिक) चैंपियन~ सुमिता नूपुर, स्कूल और कॉलेजः चैंपियन-डी बीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अकादमी/संस्थानः चैंपियन एक्सएलआरआई, बिस्टुपुर, कॉर्पोरेट कार्यालयः चैंपियन आर एंड डी। टाटा स्टील (इनसाइड वर्क्स) को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सभी वर्गों में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बने संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू

## 214 सीटों पर 145 सीटों पर हुआ चुनाव, 69 कमेटी मेंबर निर्विरोध निर्वाचित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा वर्कर्स यूनियन में इस बार पुरानी टीम ने ही जीत का परचम बुलंद किया है। अध्यक्ष पद पर संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी निर्विरोध चुने गए हैं। लाइम प्लांट से आने वाले संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी पहले कमेटी मेंबर के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। उसके बाद अध्यक्ष पद पर भी उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उनके खिलाफ किसी ने पर्चा दाखिल नहीं किया। उपाध्यक्ष के चार पदों पर शाहनवाज आलम, संजय कुमार सिंह, संजय तिवारी



और राजीव कुमार चौधरी ने जीत दर्ज की है। सहायक सचिव के तीन पदों पर नितेश राज, श्याम बाबू और अजय कुमार चौधरी जीते हैं। कोषाध्यक्ष के पद पर अमोद कुमार दुबे ने चुनाव जीता है। महामंत्री पद पर सतीश सिंह तीसरी बार जीते हैं। उनके खिलाफ विपक्ष के आरसी झा चुनाव लड़े थे। डेप्यूटी प्रेसिडेंट के पद पर कोक प्लांट के शैलेश सिंह चुनाव जीतने में कामयाब रहे। वह पिछली कमेटी में भी डिप्टी प्रेसिडेंट थे। उनके खिलाफ कमेटी मेंबर अरविंद पांडे और राकेश कुमार चुनाव में मैदान में थे। कोषाध्यक्ष के पद पर आमोद दुबे और संतोष कुमार के बीच चुनाव हुआ। अमोद कुमार दुबे चुनाव जीत गए हैं। वह पहली बार कोषाध्यक्ष बने हैं। टाटा वर्कर्स यूनियन की 214 सीटों पर 145 सीटों पर चुनाव हुआ है। 69 कमेटी मेंबर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने आज रांची पहुंचेंगे जमशेदपुर के कांग्रेस जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने हेतु पूर्वी सिंहभूम जिले के तमाम पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता 5 फरवरी को सुबह 10:00 बजे कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर से रांची के लिए रवाना होंगे। जिसमें भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी नेता, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के साथ आमसभा में शामिल होंगे। आमसभा का आयोजन रांची के शहीद मैदान में पुराना विधानसभा धुर्वा के पास हो रहा है। जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी आम नागरिकों एवं कांग्रेसजनों को संबोधित करेंगे। भारत जोड़ो



न्याय यात्रा के अंतर्गत न्याय का हक मिलने तक के उद्देश्यों को मजबूती से रखेंगे साथ ही बड़े पैमाने पर जमशेदपुर से कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागणों को जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा टी-शर्ट एवं पास उपलब्ध कराया जा रहा है। जो रांची पहुंचकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी के भारत जोड़ो नया यात्रा को मजबूती प्रदान करेंगे। आमसभा का अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर करेंगें।

## विधायक कालिंदी के अनुशंसा पर पटमदा में होगी कई सड़कों का निर्माण, मिली स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के अनुशंसा पर पटमदा प्रखंड के कई सड़कों की सुदृढ़ीकरण (मरम्मत) कार्य होगी। सड़क निर्माण की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग से मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया के बाद ही कार्य शुभारंभ होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि विधायक की अनुशंसा पर 14.5 करोड़ रुपये से स्वीकृत पटमदा प्रखंड के छह जर्जर सड़कों की सुदृढ़ीकरण (मरम्मत) कार्य के लिए ग्रामीण विकास विभाग से स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़कों में बिरखाम हरिमंदिर से तुंगबुरु तक 5.5 किमी पथ (3, 60, 74, 100 रुपये), जामडीह से झुंझका तक 3.8 किमी पथ( 2, 95, 37, 200 रुपये), तीन सिमाना (बारडीह) से धाधकीडीह तक 2. 250 किमी पथ (2,60,57,200 रुपये), चुड़दा से जामडीह तक पथ (2,60,57,200), कुकडु (द्वारडीह) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 3.300 किमी,( 2,58,95,700 रुपये), द्वारडीह से घोड़ाबांधा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 1.150 किमी (95, 50,200 रुपये) पथ निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सड़कों का मरम्मत हो जाने से लोगों की आवागमन में सुविधा होगी।

## नहीं रहे स्वतंत्रता सेनानी के वंशज झारखंड आंदोलनकारी सह शिक्षक यामिनी कांत, शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के लच्छीपुर गांव निवासी सहायक अध्यापक यामिनी कांत महतो ने रिम्स अस्पताल में संघर्ष करते हुए आखिरकार शनिवार की देर रात दम तोड़ दिया। शनिवार की शाम को जब उनके ब्रेन हेमरेज के कारण गंभीर हालत के बारे में जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो को जानकारी मिली तो उन्होंने राज्य सरकार के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिलकर यामिनी बाबू के बेहतर इलाज हेतु व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। उन्होंने भी तत्काल रिम्स प्रबंधन से बात करते हुए आवश्यक निर्देश दिया था लेकिन दुर्भाग्यवश यामिनी बाबू को बचाया नहीं जा सका। खगेन ने कहा कि हम सभी इस घटना से



दुखी और मर्माहत हैं। यामिनी बाबू के दादाजी स्वतंत्रता सेनानी थे जो महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए नमक सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय रूप से हिस्सा लिए थे। देश की आजादी की खातिर वे भागलपुर जेल में जमशेदपुर के प्रथम सांसद स्व भजहरी महतो के साथ बंद रहे। यामिनी बाबू खुद भी झारखंड आंदोलनकारी थे और अलग राज्य की मांग पर झामुमो के बैनर तले आंदोलन किया। मेधावी होने के कारण वे 2004 में शिक्षक भर्ती परीक्षा में भी सफल हुए थे लेकिन उनकी बीएड की डिग्री को मान्यता नहीं मिलने की वजह से उन्हें नौकरी नहीं मिल पाई थी। उन्होंने बाद में पटमदा एस एस प्लस टू हाई स्कूल में पारा शिक्षक के रूप में कुछ वर्षों तक सेवा दिया। फिर लछीपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में योगदान किया और अब तक वे वहीं सेवारत रहे। रविवार को गांव में उनका पार्थिव शरीर पहुंचने पर काफी संख्या में लोग उनका अंतिम दर्शन को पहुंचे। इससे पूर्व पटमदा के बेलटांड़ पहुंचते ही काफी संख्या में उनके शुभचिंतक, शिक्षक व बुद्धिजीवी वर्ग के लोग पहुंचे और उनका अंतिम दर्शन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, समाजसेवी सुनील वरण महतो, सुभाष कर्मकार, प्रबोध महतो, आशुतोष महतो, जगदीश प्रसाद मंडल, अरूण कुमार, शरत सिंह सरदार, किशोर सिंह, पंचानन महतो, विमल कुमार महतो, चंद्रमोहन गोराई, मिहिर कुमार प्रमाणिक, उज्ज्वल कांति दास, अनिल बेसरा, भवानी दास, निर्मल महतो, गौतम गोप, रवींद्र नाथ सिंह आदि मौजूद थे। दूसरी ओर पटमदा के सीओ चंद्रशेखर तिवारी, बीईईओ प्रभाकर कुमार, पूर्व बीईईओ उपेंद्र ठाकुर व देवशंकर महापात्र के अलावे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यामिनी बाबू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## जामडीह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित आकर्षण का केंद्र बना पाता नाच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की जोड़सा पंचायत अंतर्गत जामडीह गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोलो आना मेला कमेटी की ओर से भानसिंह पूजा के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहले दिन रविवार को सुबह लाया (पुजारी ) जगबंधु सिंह ने पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र की खुशहाली कामना की। इसके बाद दोपहर में बराबाजार, पश्चिम बंगाल से आये पाता नाच टीम द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात में संजय उरांव तथा



शशधर कालिंदी के टीम ने छौऊ नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें आसपास गांव से पहुंचे हजारों की संख्या में लोगों ने नृत्य का आंनद उठाया। सोमवार की दोपहर जमशेदपुर के साथी डांस ग्रुप द्वारा बूगी बूगी डांस प्रस्तुत के साथ ही मेला समापन होगी। मेला को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष ललित सिंह, उपाध्यक्ष जितेन मुर्मू, सचिव मनबोध सिंह, कोषाध्यक्ष झरीलाल सिंह समेत अन्य लोग सराहनीय योगदान दे रहें हैं।

## प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा आयोजन के पूर्व समिति कई विवादों के घेरे में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला खरसावां जिला के डोबो में श्री त्रिकालदर्शी सेवा समिति द्वारा पांच दिन का शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में पं प्रदीप मिश्रा सीहोर मध्य प्रदेश वाले पधारेंगें। जमशेदपुर, रांची, पं बंगाल एवं उड़ीसा से लाखों लाख भक्त जनों का समावेश होना है। अभी से भक्तों आना शुरू कर दिया है। समिति द्वारा संपर्क नम्बर बैनर में लगाया है लेकिन उस नम्बर पर संपर्क करने पर मोबाइल बंद बता रहे हैं । साथ ही मिश्रा जी के प्रवचन



के लिए वीआईपी पास के लिए समिति को एक रकम देना पढ़ रहा है। इस संबंध में समिति के संस्थापक को पुंछे जाने पर अनभिज्ञ बताया। लाखों लाख भक्तों के समावेश के लिए दुर्घटना होने के होने पर कोई बचाव जैसे अग्निशामक ,एम्बुलेंस जैसी आदि समिति द्वारा नहीं रखा गया है। समिति के सदस्य ने बताया की बाबा के भक्त लोग ही अपने आप सुरक्षा का दायित्व संयम निर्वाह करेगा।

## कलश यात्रा के साथ डांगडुंग गांव में नव पारायण का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बाघमुंडी थाना क्षेत्र के डांगडुंग गांव में रविवार को कलश यात्रा के साथ नव पारायण महायज्ञ शुरू हुआ। सुवर्णरेखा नदी से गांव की कुंवारी लड़कियां द्वारा कलश के साथ पूजा किया। आयोजकों मंडली के दिवाकर महतो ने बताया कि स्थानीय निवासियों के सहयोग से यह नवपरायण नौ दिनों तक चलेगा. प्रतिदिन क्षेत्र के विद्वान पंडित धर्म



के बारे में चर्चा करते नजर आएंगे। साथ ही इन नौ दिनों तक क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

## खिलाड़ी स्पोर्ट्स के जरिए भी बना सकते अपना भविष्य : महाबीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड के हाड़तोपा ग्राम पंचायत के एआरडब्लूएस मुर्गाघूटू ग्राम के द्वारा आयोजित एक दिवसीय वार्षिक महिला फुटबॉल प्रतियोगिता एवं खेलकूद में मुख्य अतिथि के रूप में महावीर मुर्मू फाइनल खेल का उद्घाटन किया। इसमें 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता दल बीटीएमएस हाड़तोपा को नगद 7000 हजार व ट्रॉफी एवं उप विजेता दल आरकेएस को 6000 हजार नगद व ट्रॉफी दे कर पुरुस्कृत किया गया। महावीर मुर्मू ने कहा स्पोर्ट्स के जरिए भी खिलाड़ी अपना भविष्य बना सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में माटकु पंचायत पूर्व मुखिया बिल्टू हांसदा,डोमजुड़ी ग्राम पंचायत के पंचायत



समिति सदस्य जालिम मार्डी, हाड़तोपा पंचायत के पूर्व मुखिया मालती हांसदा,ग्राम प्रधान उदित कुमार हेंब्रम,युवा नेता दुर्गा प्रसाद हांसदा,मनोज तांती,कारण वीर कालिंदी,प्रतीक दिनकर,सोसाइटी के लोबो मुर्मू, बुद्धेश्वर बास्के, पिथो मुर्मू,चरण, किस्कू,सुनाराम मार्डी,आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आदिवासी पिछड़ी जाति जनकल्याण समिति का दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो पंचायत मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 13 वां वर्षीय आदिवासी पिछड़ी जाति जनकल्याण समिति सोड़ो द्वारा स्वर्गीय डोमन सिंह मुण्डा स्मृति में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 दलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का फाइनल खेला डीजल सेवा



वनाम जीएस इन्टरप्राइजेज के बीच खेला गया, जिसमें जीएस इन्टरप्राइजेज के टीम ने डीजीटल सेवा को एक गोल से परास्त कर प्रथम पुरस्कार 1 लाख 11 हजार 101 रूपये एवं ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। वहीं उप विजेता टीम डिजिटल सेवा को 80 हजार 1 रूपए व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। सेमी फाइनल के उप विजेता टीमों को 40 -40 हजार रुपए व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस टूर्नामेंट में अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो, झामुमो नेता सुकराम हेम्ब्रम, जेबी के एस एस के केन्द्रीय उपाध्यक्ष तरूण महतो की धर्म पत्नी भानुमती महतो, मुखिया नयन सिंह मुण्डा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मौके पर अधिवक्ता महेन्द्र कुमार महतो, राम प्रसाद महतो, लालू प्रामाणिक, प्राचार्य उपेन महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाबा दीप सिंह का जन्मदिवस मना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गम्हरिया गुरुद्वारा में बाबा दीप सिंह का जन्मदिवस बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित काफी संख्या में संगत जुड़ी की ओर से कीर्तन का आयोजन कर संगत को निहाल किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी की ओर से समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले सरदार सुखबीर सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात गुरुद्वारा परिसर में भव्य लंगर का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे। उन्होंने भी अरदास कर गुरु का आशीष लिया।

संपादकीया

## 'विकसित भारत' दूर की कौड़ी

**अंतरिम** बजट को 'विकसित भारत' की संभावनाओं का दस्तावेज मान कर विश्लेषण किए गए हैं। वर्ष 2047 अभी बहुत दूर है। अभी भारत की कुल अर्थव्यवस्था 3.7 ट्रिलियन डॉलर की है। विकसित राष्ट्र के लिए सिर्फ अर्थव्यवस्था का बढना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि देश के लोगों की जीवन-शैली, जीवन-स्तर, आधुनिक शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और तकनीकी सुविधाएं और सुधार और व्यापक रोजगार आदि भी बेहतर दर्जे के होने चाहिएं। फिलहाल शिक्षा पर औसतन 3.8 फीसदी और स्वास्थ्य पर मात्र 1.3 फीसदी ही खर्च किया जाता है। अर्थशास्त्री लंबे अंतराल से दलीलें देते रहे हैं कि जीडीपी का कमोबेश 6-6 फीसदी हिस्सा इन क्षेत्रों पर खर्च किया जाना चाहिए। इनके अलावा, कृषि की औसत विकास-दर मात्र 1.8 फीसदी रह गई है, जबकि कोरोना महामारी के दौर में भी यह 3 फीसदी से अधिक थी। हमारी जीडीपी में कृषि की 18-20 फीसदी भागीदारी है, लेकिन अभी एक वैश्विक रपट सामने आई है, जिसका एक निष्कर्ष यह भी है कि दुनिया की 54 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसमें किसानों की खेती वर्ष 2000 से लगातार घाटे में है। अंतरिम बजट में भी 1.27 लाख करोड़ रुपए से कुछ अधिक की राशि कृषि मंत्रालय को आवंटित करने की घोषणा की गई है। यह एक छिपा-दबा तथ्य है कि फसल बीमा का बजट 2.7 फीसदी, अन्नदाता संरक्षण का बजट 21 फीसदी, यूरिया सबसिडी का बजट 7.5 फीसदी घटा दिया गया है। किसान और खेती तो प्रधानमंत्री मोदी के फोकस वाले चार वर्गों में से एक हैं। विशेषज्ञ मौजूदा दौर को 'कृषि का संकट काल' मानते हैं। वित्त मंत्री बजट कम करने का कारण बता देतीं, तो हम विचार कर सकते थे। बहरहाल भारत का जो जीडीपी है और विकास-दर 7 फीसदी के आसपास रही है, तो भी हमारी अर्थव्यवस्था 2030 तक दोगुनी नहीं हो सकती। अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि विकास-दर कमोबेश 11-12 फीसदी लगातार रहनी चाहिए। यदि गति ऐसी नहीं रहती है, तो 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचने में 10 साल लग सकते हैं। फिर विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के समीकरण खटाई में पड़ सकते हैं। 'विकसित भारत' का सपना मीठा और सुखद लगता है, इस पर राजनीतिक प्रचार भी खूब किए जा सकते हैं, लेकिन हमारे सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक आधार वर्ष 2024 तक ऐसे हैं, जिनके मद्देनजर 'विकसित देश' का यथार्थ फिलहाल दूर की कौड़ी लगता है। दरअसल हमारा बजट घाटे का है। यह स्थिति जुलाई के पूर्ण और आम बजट में भी रहेगी। वित्त मंत्री ने यह खुलासा भी नहीं किया कि देश पर लगभग 200 लाख करोड़ रुपए का जो कर्ज है, वह कम कैसे होगा? या उसके भुगतान का अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ रहा है? बजट में कुल खर्च का अनुमान 44 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बताया गया है, जबकि राजस्व की आय 32 लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा हो सकती है। दोनों के बीच जितना फासला है, वह सालाना घाटा ही होगा। वित्त मंत्री ने वित्तीय और राजकोषीय घाटों को उल्लेख किया है। वे जीडीपी के 5 फीसदी हिस्से से भी ज्यादा हैं, जो चिंताजनक स्थिति है। बजट में 2025 तक घाटों को 4.5 फीसदी तक लाने की घोषणा की गई है। यदि ये आर्थिक असंतुलन दूर नहीं किए जाते, तो 'विकसित राष्ट्र' का सपना साकार कैसे होगा? बजट में मोटे तौर पर रोजगार और नौकरियों के विषय पर बिल्कुल सन्नाटा है। बेरोजगारों के लिए रोडमैप नहीं है।


वर्ष 2047 अभी बहुत दूर है। अभी भारत की कुल अर्थव्यवस्था 3.7 ट्रिलियन डॉलर की है। विकसित राष्ट्र के लिए सिर्फ अर्थव्यवस्था का बढना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि देश के लोगों की जीवन-शैली, जीवन-स्तर, आधुनिक शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और तकनीकी सुविधाएं और सुधार और व्यापक रोजगार आदि भी बेहतर दर्जे के होने चाहिएं। फिलहाल शिक्षा पर औसतन 3.8 फीसदी और स्वास्थ्य पर मात्र 1.3 फीसदी ही खर्च किया जाता है। अर्थशास्त्री लंबे अंतराल से दलीलें देते रहे हैं कि जीडीपी का कमोबेश 6-6 फीसदी हिस्सा इन क्षेत्रों पर खर्च किया जाना चाहिए। इनके अलावा, कृषि की औसत विकास-दर मात्र 1.8 फीसदी रह गई है, जबकि कोरोना महामारी के दौर में भी यह 3 फीसदी से अधिक थी। हमारी जीडीपी में कृषि की 18-20 फीसदी भागीदारी है, लेकिन अभी एक वैश्विक रपट सामने आई है, जिसका एक निष्कर्ष यह भी है कि दुनिया की 54 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसमें किसानों की खेती वर्ष 2000 से लगातार घाटे में है। अंतरिम बजट में भी 1.27 लाख करोड़ रुपए से कुछ अधिक की राशि कृषि मंत्रालय को आवंटित करने की घोषणा की गई है। यह एक छिपा-दबा तथ्य है कि फसल बीमा का बजट 2.7 फीसदी, अन्नदाता संरक्षण का बजट 21 फीसदी, यूरिया सबसिडी का बजट 7.5 फीसदी घटा दिया गया है। किसान और खेती तो प्रधानमंत्री मोदी के फोकस वाले चार वर्गों में से एक हैं। विशेषज्ञ मौजूदा दौर को 'कृषि का संकट काल' मानते हैं। वित्त मंत्री बजट कम करने का कारण बता देतीं, तो हम विचार कर सकते थे। बहरहाल भारत का जो जीडीपी है और विकास-दर 7 फीसदी के आसपास रही है, तो भी हमारी अर्थव्यवस्था 2030 तक दोगुनी नहीं हो सकती।


### लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले

## नीतीश कुमार ने जो चाल चली है...उसके असल परिणाम अभी आने बाकी हैं

उमेश चतुर्वेदी


करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है। दिलचस्प है कि नैतिकता और मर्यादा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मर्यादाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है। नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं।


**भारतीय** गांवों का एक खेल है, दोल्हा-पाती। इसमें खिलाड़ी अपने को बचाने के लिए लगातार एक डाल से दूसरी डाल पर फांदते-कूदते रहते हैं। इस तरह वे खुद को खेल के नियम के अनुसार बचाने की कोशिश करते रहते हैं। वैसे तो यह खेल भारत के तकरीबन हर इलाके के गांवों में प्रचलित है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में यह खेल कुछ ज्यादा ही प्रचलित रहा है। शायद यही वजह है कि बिहार की नौंवी बार कमान संभाल चुके नीतीश कुमार को लेकर दोल्हा-पाती के खिलाड़ी जैसी अवधारणा बन गई है। करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है। दिलचस्प है कि नैतिकता और मर्यादा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मर्यादाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है। नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के



विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई। ऐसा माना जाने लगा कि लालू यादव की पार्टी अब खत्म हो जाएगी। लेकिन नीतीश कुमार ने 2013 में पलटी मारी और इसके बाद 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को जैसे जीवनदान मिल गया। लेकिन नीतीश को लालू का यह साथ ज्यादा दिन रास नहीं आया। हालांकि इस बीच बिहार के जीन को लेकर नीतीश कुमार ने ऐसा अभियान चलाया कि बोरे में भरकर बिहार के लोग अपने बाल नरेंद्र मोदी के पते पर भेजते रहे। तब बिहारी लोगों का बाल उनकी शुद्ध बिहारी जीन का प्रतीक था। लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए। बीजेपी को अपनी पुराने 22 सांसदों में से कुछ के टिकट काट कर उनकी सीट जनता दल यू को देनी पड़ी। इसी गठबंधन ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा। इस चुनाव में लोकजनशक्ति-रामविलास गुट के नेता चिराग ने सिर्फ जनता दल यू की सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे और 2005 के बाद पहली बार नीतीश की पार्टी को सबसे कम यानी 5 सीटें मिलीं। नीतीश ने इसे बीजेपी का खेल माना और 10 अगस्त 2022 को बीजेपी का साथ छोड़ उस आरजेडी का दामन थाम लिया, जिसके नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पलटू चाचा की उपाधि दी थी। बिहार में 28 जनवरी 2024 को नीतीश ने फिर पाला बदल लिया और उनके लिए सारे दरवाजे बंद करने का बार-बार दावा करने वाली बीजेपी ने बदले हालात में उनके लिए दरवाजे खोल दिए। नीतीश भी अपना वह बयान भूल गए कि मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद नीतीश कुमार की छवि पलटू बाबा के रूप में स्थायी हो गई। राजनीति दरअसल समूचा शीर्ष नेतृत्व का खेल है। दिलचस्प यह है कि शीर्ष नेतृत्व सारे कदम अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भावनाओं के नाम पर उठाती है। जब भी कोई गठबंधन टूटता है तो घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता पुराने साथी को दुश्मन मानकर उसके खिलाफ दुश्मनी की हद तक हमलावर हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही फिर वही दल साथ आ जाते हैं तो जमीनी स्तर पर दुश्मनी निभाने वालों के सामने खीस निपोरने और ठगा महसूस करने के अलावा कोई चारा नहीं होता। बिहार में भी यही हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को नहीं सूझ रहा कि वे अब उस नीतीश को कैसे पचाएं, जिन्होंने उन्हें अछूत बताया, उनके नेताओं को विधानसभा में खरी-खोटी सुनाई। विधानसभा अध्यक्ष का आसन सदन में सबसे ऊंचा होता है। लेकिन नीतीश ने उस आसन पर बैठे विजय सिन्हा को भी नहीं छोड़ा था। सदन में महिलाओं को लेकर उन्होंने अभी कुछ ही महीने पहले तकरीबन अश्लीलता की हद तक का बयान दिया था। तब भाजपा की एक विधायक फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। बदले हालात में उनकी स्थिति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। जनता दल यू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उनका अपना कोर वोटर, जिसमें नीतीश की अपनी कुर्मी जाति के भी लोग हैं, अब गाली देने लगे हैं। उनके सामने भी नीतीश की लानत-मलामत की गई। लोगों का कहना है कि क्या बिहार के राजनीतिक दलों और नेताओं की आंखों में पानी नहीं रह गया है? बिहार के बदले राजनीतिक गठबंधन की नई सरकार को बिहार के हित में बताया जा रहा है। इससे बीजेपी खुद को बेहतर स्थिति में पा रही है। राष्ट्रीय जनता दल खुद को ठगा महसूस कर रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में दो चीजें कम से कम फौरी तौर पर साफ हुई हैं। नीतीश का प्रभामंडल कमजोर हुआ है, वहीं लालू की विरासत पर चलने वाले तेजस्वी का कद बढ़ा है। सरकार टूटने के बाद तेजस्वी ने काफी परिपक्वता का परिचय दिया। इसके चलते बिहार में एक वर्ग ऐसा दिख रहा है, जिसे तेजस्वी से सहानुभूति हो रही है। इसका संकेत साफ है।

दृष्टि कोण

## विपक्षी दलों की साख दाव पर

**गत** वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में जीत हासिल करने के बाद यह स्पष्ट हो गया था कि केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं को बख्शेगी नहीं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमीन घोटाले में हुई गिरफ्तारी से यह बात साबित हो गई। आश्चर्य यह है कि विपक्षी दल सोरेन की गिरफ्तारी पर भाजपा पर राजनीतिक विद्वेषता से कार्रवाई करने का आरोप तो लगा रहे हैं, किन्तु यह एक बार भी नहीं बताया कि देश से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए उनके पास क्या रोडमैप है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों का शासन है, उनमें भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके विपरीत केंद्र की भाजपा सरकार को समझ में आ गया है कि देश के मतदाता भ्रष्टाचार के खिलाफ उसकी मुहिम के समर्थन में हैं। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने केंद्र की भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की काफी कोशिश की, किन्तु कामयाबी नहीं मिल सकी। फ्रांस से खरीदे युद्धक विमान राफेल, अडानी और अंबानी को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाए। इन आरोपों को लेकर विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका तक दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें सारहीन मान कर खारिज कर दिया। इससे भाजपा का नैतिक बल बढ़ गया। भाजपा ने भ्रष्टाचार की मुहिम को तेज करने के साथ ही सोरेने जैसे नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई की। विपक्ष भ्रष्टाचार पर बदले की नीयत का आरोप लगा रहा है, किन्तु प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा नेताओं की गिरफ्तारी के ज्यादातर मामलों में अदालतों से जमानत तक नहीं मिल सकी। इससे जाहिर होता है कि ईडी और सीबीआई ने ठोस सबूतों के आधार पर कार्रवाई की है। तृणमूल कांग्रेस और आप सहित कई पार्टियों के नेता जमानत नहीं मिलने के कारण महीनों-सालों से जेलों में बंद हैं। अदालतों ने यह माना है कि इन नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार में लिप्त होने के पर्याप्त सबूत मिले हैं। यही वजह है कि इनको जमानत नहीं मिल सकी, ताकि सबूतों और गवाहों को प्रभावित नहीं किया जा सके। गौरतलब है कि कांग्रेस सहित 14 दलों ने ईडी और सीबीआई पर दुर्भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में जांच एजेंसियों को लेकर भविष्य के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। विपक्षी दलों का तर्क था कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत विपक्षी दलों से हैं। सीबीआई की ओर से 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विशेष मामले के तथ्यों के बिना सामान्य दिशानिर्देश निर्धारित करना संभव नहीं है। सीजेआई ने कहा कि जब आपके पास व्यक्तिगत आपराधिक मामला हो तो हमारे पास वापस आएं। मामले के तथ्यों से संबंध रखे बिना सामान्य दिशा-निर्देश देना खतरनाक होगा। इस पर विपक्षी दलों ने याचिका वापस ले ली। ज्यादातर विपक्षी दलों के नेताओं को जमानत नहीं मिलने और सुप्रीम कोर्ट से विपक्षी दलों को मिली हार के बाद भाजपा के हौसले बुलंद हो गए। यही वजह है कि विगत विधानसभा चुनाव और उसके बाद सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों के कई बड़े नेताओं पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद खतरे की घंटी सबसे तेज तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आसपास ही बज रही है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले का सामना कर रहे हैं। इस मामले में ईडी ने केजरीवाल को चार समन भेजे हैं, लेकिन वो अभी तक केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। केंद्रीय एजेंसियों की रडार पर करीब एक दर्जन से अधिक विपक्षी नेता हैं। देर-सवेर इनका भी बच पाना मुश्किल है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी पर मनी लॉनड्रिंग का मामला है। आरोप है कि रेवंत जब टीडीपी में थे, तो उन्होंने साल 2015 में विधान परिषद के चुनाव के दौरान अपने पक्ष में वोट देने के लिए एक विधायक को कथित तौर पर पचास लाख रुपए रिश्वत के तौर पर दिए थे। आंध्र प्रदेश के चीफ मिनिस्टर और वाईएसआर कांग्रेस के मुखिया जगन मोहन रेड्डी पर भी प्रवर्तन निदेशालय की नजर है। उन पर यूपीए शासन के दौरान ही कई मामले दर्ज हो गए थे। ईडी ने जगन मोहन के खिलाफ 2015 में मनी लॉनड्रिंग का नया मामला दर्ज किया था। यह मामला जगन के स्वामित्व वाली भारती सीमेंट्स के पैसों के लेने-देन के आरोप से जुड़ा है। मौजूदा समय में वामदल की सरकार सिर्फ केरल में बची है और वहां भी राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ ईडी मनी लॉनड्रिंग मामले की जांच कर रही है। मामला विजयन के बिजली मंत्री रहने के दौरान का है। सीबीआई ने 1995 में एसएनसी लवलिन केस में चार्जशीट दायर की थी।

कुछ अलग

## मेरे भी कुछ उसूल हैं भाई!

**देखो** भाई, सीधी सी बात है और बात यह है कि मेरे भी चंद उसूल हैं। मैं उधार की दारू तो पी सकता हूं। कर्ज लेकर घी भी पी सकता हूं और आड़े वक्त में किसी गधे को चरण वंदना भी कर सकता हूं। लेकिन जहां तक उसूलों की बात है, मैं इस बारे कोई समझौता नहीं करता! मैं उसूलों पर उसी तरह अडिग रहता हूं, जिस तरह मुल्क की हुकूमत के सामने महंगाई और भ्रष्टाचार अडिग रहता है। उसूलों का तो मैं इतना पक्का हूं भाई कि वक्त पडने पर अपने यारों दोस्तों को तो मझधार में छोड़ सकता हूं। नैतिकता को तिलांजलि भी दे सकता हूं। ईमानदारी की चादर को जमीन पर बिछाकर उस पर सौ जूते भी मार सकता हूं। जिस थाली में खाया, उसमें छेद भी कर सकता हूं। लेकिन अपने उसूलों की भद्द पिटते नहीं देख सकता। अपने उसूल मुझे उसी तरह प्रिय हैं, जैसे माननीयों को कुर्सी प्रिय होती है और आदरणीयों को ऊपरी कमाई प्रिय होती है। मैं मूंछ कटा सकता हूं। नाक कटवा सकता हूं। पत्नी को तिलांजलि दे सकता हूं, लेकिन उसूल नहीं छोड़ सकता। यमराज दोनों हाथ जोडक़र कहे तो भी नहीं। भले ही मुझे दुनिया क्यों न छोडनी पड़ जाए। स्वर्ग या नरक जहां भी जाऊंगा, अपने उसूल भी साथ लेकर जाऊंगा। यह जोखिम बिल्कुल नहीं लूंगा कि पीछे से कोई मेरे उसूलों से छेड़छाड़ करे। मैं देश की संस्कृति और संवैधानिक परंपराओं से छेड़छाड़ तो बर्दाश्त कर सकता हूं। बस में किसी महिला से हो रही छेड़छाड़ भी बर्दाश्त कर सकता हूं (छेड़छाड़ रोकना बस के ड्राइवर और कंडक्टर का काम होता है), लेकिन उसूलों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकता। मेरा सबसे पहला उसूल तो यह है कि मैं सुबह जल्दी उठ जाता हूं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उठकर पत्नी को 'गुड मॉर्निंग' कह कर 'मॉर्निंग टी' ऑफर करता हूं या ताली बजाकर योग करता हूं या प्रभु को स्मरण करता हूं। मैं तो भाई आंख मूंदकर यह 'ध्यान' लगाता हूं कि किस विरोधी की डिबरी कैसे टाइट करनी है और किस को कैसे पटा कर अपना उल्लू सीधा करना है। यही उसूल मेरी कामयाबी का राज भी है। दूसरा उसूल है कि मैं अपनी अंतरात्मा की आवाज सुने बिना कोई काम नहीं करता। अंतरात्मा अगर मुझे घूस लेकर किसी की फाइल क्लियर करने को कहती है, तो मैं वैसा ही करता हूं। फाइल चाहे किसी निकट संबंधी की ही क्यों न हो। वरना मुझे कौन उसूलवादी कहेगा। (घूस मैं अप्रत्यक्ष रूप से लेता हूं। प्रत्यक्ष घूस लेना भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है और मैं भ्रष्टाचार को उसी तरह नापसंद करता हूं, जैसे मेरी पत्नी मेरे खर्राटों को नापसंद करती है।) तीसरा उसूल यह है कि मैं फोकट में किसी की मदद नहीं करता। पहले अपने हित और स्वार्थ देखता हूं। नफा नुकसान तोलता हूं। फिर मु_ी खोलता हूं। भाई मेरे, अगर मैं यूं ही आंख मूंद कर दूसरों की मदद करता रहूं तो फिर कौन मेरे उसूलों को पूछेगा? चौथा उसूल यह है कि मैं किसी भी महत्वपूर्ण आदमी से जब भी फोन पर बात करता हूं तो पूरी बातचीत को खुद ही टेप कर लेता हूं। इस दुनिया में भगवान ने मेरे जैसे अच्छे और संभ्रांत जनों के साथ साथ काफी लुच्चे और टुच्चे टाइप के आदमी भी भेज रखे हैं। क्या पता कब कोई ऐसा व्यक्ति मुझे किसी आफत में डाल दे। तब यही उसूल मेरी वैतरणी पार लगाएगा न! उसूल नंबर पांच यह है कि गिरगिट और प्रकृति की तरह मैं परिवर्तन में यकीन रखता हूं। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम जो ठहरा। इस नियम को अपनाते हुए मैं अपने खेमें बदलता रहता हूं। कभी इस खेमे में तो कभी उस खेमे में। मूड बनने पर किसी तीसरे या चौथे खेमे में भी चला जाता हूं। अगर मुझसे कोई कतराने लगता है तो मैं अपना अलग खेमा बना लेता हूं।

देश दुनीया से

## हाशिये पर सुरक्षा के उपाय, दावानल के आगे बेबस हैं उत्तराखंड की वन पंचायतें


गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाए थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं, जहां जंगल के रास्ते पर लकड़ी के तराजू बने हुए हैं। जब लोग जंगल से घास, लकड़ी लेकर आते थे, तो वन पंचायत द्वारा नियुक्त चौकीदार वजन करता था। सभी लोग चौकीदार को हर फसल पर अनाज देते थे। जून से सितंबर के बीच में लोग चरागाहों में पशुओं को नहीं भेजते थे, क्योंकि इन महीनों में नई-नई घास और पौध जंगल में उगती है। उसकी सुरक्षा के लिए लोग पशुओं को घर पर रखकर ही चारे की व्यवस्था करते थे।


**वनों** का पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान है। खेती-बाड़ी, पानी, हवा, मिट्टी हमारा जीवन है और इसके लिए जंगल जरूरी हैं। आदिकाल से ही लोगों ने वन बचाने के लिए वन पंचायतें बनाई हैं। गांव में खेती एवं वन सुरक्षा के लिए चौकीदारी व्यवस्था को महत्व दिया गया था। जंगल पर निर्भर लोगों ने वनों से घास और लकड़ी लेने के नियम भी बनाए थे। इसके संकेत आज भी पहाड़ी और आदिवासी गांवों में दिखाई देते हैं, जहां जंगल के रास्ते पर लकड़ी के तराजू बने हुए हैं। जब लोग जंगल से घास, लकड़ी लेकर आते थे, तो वन पंचायत द्वारा नियुक्त चौकीदार वजन करता था। सभी लोग चौकीदार को हर फसल पर अनाज देते थे। जून से सितंबर के बीच में लोग चरागाहों में पशुओं को नहीं भेजते थे, क्योंकि इन महीनों में नई-नई घास और पौध जंगल में उगती है। उसकी सुरक्षा के लिए लोग पशुओं को घर पर रखकर ही चारे की व्यवस्था करते थे। इस तरह मनुष्य ने



आदिकाल से ही अपनी खेती-बाड़ी के महत्व के लिए जंगलों का प्रबंधन करना शुरू कर दिया था। वर्ष 1815 में अंग्रेजों के आने से पहले लोग अपनी आजीविका के लिए भी वनों का प्रबंधन करते थे। वर्ष 1850 में अंग्रेज फ्रेडरिक विल्सन ने गंगा घाटी के उद्गम में स्थित हर्षिल में रहकर तत्कालीन टिहरी नरेश सुदर्शन शाह से सिर्फ 400 रुपये में शंकुधारी वनों का पट्टा लिया था। फिर उसने यहां के वनों का अंधाधुंध दोहन किया। गंगा घाटी की तमाम प्रजाति के पेड़ों को काटकर वे नदी के बहाव के साथ हरिद्वार तक ले गए और वहां से रेलवे लाइन बिछाने के लिए कोलकाता तक पहुंचाया था। विल्सन ने जंगली जानवरों का भी शिकार किया। इसी दौरान वर्ष 1823 में गांव की सीमाओं का भी निर्धारण किया गया, जिसके जरिये वन भूमि पर लोगों के अधिकार को सीमित करने का प्रयास आरंभ हुआ था। अंग्रेजों ने इसके लिए वर्ष 1865 में पहला वन अधिनियम बनाया था। फिर वर्ष 1877 में वनों की सीमाओं को भी निर्धारित करने का काम हुआ। इस प्रक्रिया में खेती की जमीन को छोड़कर संपूर्ण भूमि सुरक्षित वन भूमि के रूप में बदली गई। अंग्रेजों के इस कानून के कारण ही वन भूमि पर लोगों को अतिक्रमणकारी मानने का सिद्धांत जारी हुआ। हालांकि अंग्रेजों की इस व्यवस्था के विरोध में लोग सड़कों पर उतरे थे। यह घटना 1915-21 के बीच हुई है। इसके बाद अंग्रेज शासन ने एक 'शिकायत समिति' का गठन कर आरक्षित वनों को 'दर्जा एक' और 'दर्जा दो' में बांटा, जिसमें लोगों के अधिकारों को लौटाने की व्यवस्था की गई। फिर 1925 में 'शिकायत समिति' की संस्तुतियों के आधार पर मद्रास प्रेसीडेंसी स्थित कम्यूनिटी फॉरेस्ट की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पंचायती वन व्यवस्था शुरू की गई। वर्ष 1931 में वन पंचायत नियमावली भी बनाई गई। वन पंचायत का गठन 1932 में प्रारंभ हुआ था। उस समय उत्तराखंड में राजस्व ग्रामों की संख्या 13,739 थी। वर्ष 1976 में भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 28 के अंतर्गत वन पंचायत नियमावली में संशोधन करके राजस्व विभाग को अधिकार दिए गए थे, जिसका बहुत विरोध हुआ। इसके बाद तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 1982 में 19 सदस्यों वाली सुल्तान सिंह भंडारी कमेटी बनाई, लेकिन उसके जितने भी संशोधन थे, वे मंजूर नहीं हो सके। निजीकरण, उदारीकरण, वैश्वीकरण के चरम दौर में विश्व बैंक की सहायता से संयुक्त वन प्रबंधन नाम की योजना लागू की गई और इसे चलाने के लिए वन पंचायत नियमावली में संशोधन किए गए। इसके बाद वन पंचायतों की स्वायत्तता को समाप्त करके वन विभाग के अधीन कर दिया गया और वन पंचायत सरकार की देखरेख में बनने लगी। इससे लोगों के हक-हकूक भी प्रभावित हुए हैं। अनुसूचित जाति के शिल्पकार और अन्य परंपरागत वन निवासी, जो रिंगाल और अन्य वन उत्पाद से आजीविका चला रहे थे, बेरोजगार हो गए। उनके समक्ष आजीविका का संकट खड़ा हो गया। उत्तराखंड में 12 हजार से अधिक वन पंचायतें हैं, जो सरकारी नियम-कानून से चलती हैं, पर वे जंगल की आग भी नहीं बुझा पातीं। इसका कारण है कि वन और खेती सुरक्षा के जो पुश्तैनी नियम-कानून थे, वे हाशिये पर चले गए।

आप का नजरीया

## केंद्रीय बजट से कितनी खुराक

**चुनाव** की रखवाली में आए केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में यूं तो आत्म शाघा के कई दरवाजे खुले हैं, लेकिन चेतावनियों के बीच राज्यों के लिए अपना आर्थिक सम्मान हासिल करना कठिन है। खास तौर पर हिमाचल जैसे राज्यों के लिए आफत का यह कठिन दौर न तो केंद्रीय बजट को सूंघ पा रहा है और न ही इसके भीतर खुद को ढांप पा रहा है। ऐसे में सुक्खू सरकार की आर्थिक कसौटियों में प्रदेश के आगामी बजट सत्र का हर कदम परीक्षाओं से भरा है। करीब दो हफ्ते बाद हिमाचल अपने बजट के माध्यम से नए कर्ज को पुकार रहा होगा, तो कहीं केंद्रीय योजनाओं के बीच खुद को निहार रहा होगा। हालांकि सुक्खू सरकार की कुछ प्राथमिकताएं केंद्रीय बजट में संबोधित हुई हैं और इनके सदके सरकार अपने प्रथम वर्ष के आर्थिक हिसाब को दूसरे से मिलाकर नए शब्दों में अभिव्यक्त करना चाहेगी। कोई नहीं जानता कि इस बार देश के आर्थिक सर्वेक्षण का ऊंट किस करवट बैठा है, लेकिन हिमाचल को अपनी हैसियत की कडियों में क्षेत्रवार ब्यौरे में इसे सिद्ध करना होगा। केंद्र ने इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिए जिस परिवहन को दौड़ाया है, कमोबेश उसी की परिपाटी में सुक्खू सरकार के बजटीय सुर, ग्रीन एनर्जी के गीत सुना रहे हैं। प्रथम वर्ष में ही युवाओं के लिए स्टार्टअप योजना के तहत 680 करोड़ का प्रावधान करके सुक्खू सरकार चल रही है। ई-टैक्सी और ई-बसों की खरीद पर पचास फीसदी सब्सिडी की घोषणा ने करीब ढाई हजार युवाओं को आकर्षित किया है। सुक्खू सरकार आगे चलकर पेट्रोल-डीजल इंजन के बजाय इलेक्ट्रिक टैक्सियों के संचालन को अनुमति देना चाहती है। ऐसे में राष्ट्रीय-अभियान से हिमाचल अपने हिस्से की संभावना को भी पूरा कर दे, तो आत्मनिर्भरता के खाकों में कुछ तो नूर आएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट वैकल्पिक ऊर्जा के रास्ते से नागरिकों को छत के माध्यम से सौर ऊर्जा पैदा करने का आह्वान कर रहा है। यहां भी हिमाचल ने इस प्रकार की योजनाओं की व्याख्या से सौर ऊर्जा के उत्पादन को सुनिश्चित किया और आगे चलकर यह रास्ता भी खुशामदीद कह सकता है। डेयरी उत्पादन में केंद्र की योजनाओं को अवतरित करने की कोशिश में हिमाचल ने पहले ही गारंटियों की मुद्रा धारण की है। बात सिर्फ गोबर खरीद की नहीं, बल्कि दूध खरीद में प्रति किलो छह रुपए बढ़ा कर राज्य सरकार इस क्षेत्र को प्रोत्साहित कर रही है, जबकि ढगवार में करीब डेढ़ सौ करोड़ की राशि से एक अति आधुनिक संयंत्र लगा कर खरीद और विपणन की श्रृंखला को विभिन्न दुग्ध उत्पादों के जरिए सशक्त करने के प्रयास में है। हिमाचल ने मोदी सरकार के बजट को विकास के हर पहलू, वित्तीय प्रोत्साहन के हर बिंदु, विषयों के हर अवसर और संभावनाओं के हर अक्स में सुना होगा, लेकिन पर्यटन और कनेक्टिविटी की दृष्टि के हर उल्लेख से पर्वतीय प्रदेश को अपनी वर्जनाएं तोडने का एहसास करने का अवसर मिलना चाहिए। केंद्र अपनी उड़ान योजना के तहत भारतीय विमानन क्षेत्र में जो उपलब्धियां अर्जित करना चाहता है, उनके ठीक सामने सुक्खू सरकार हर जिला मुख्यालय व प्रमुख शहरों में हेलिपोर्ट बनाने की प्रक्रिया को पहले ही आयाम तक पहुंचा चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ घर से उड़ाए जेवरात के साथ 25000 रु.

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत गांव से ताला तोड़कर जेवरात के साथ 25000 लेकर अज्ञात चोरों ने फरार हो गए। जिसे लेकर स्वज़्सहादेव गोप का पुत्र टोपन गोप ने थाना में लिखित आवेदन रविवार को दिया है।यह घटना का अंजाम शनिवार रात में अज्ञात चोरों ने दिया है। एवं चोरी कर लिया गया है। पिडीता ने बतलाया कि ताला तोड़कर चोरों ने घर में घुसा एवं घर में रखा सामान को छिट बिंन कर गोदरेज से गहना निकाला एवं पीड़िता के बहू ने इलाज करने के लिए समूह से लि गई रु उसके गोदरेज से लेकर कर फरार हो गए। इस मामले की जांच करते हुए थाना प्रभारी गुलाम सरवर नें पीड़िता को कहा है। की जांच कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। एवं चोरों को पकड़ा जाएगा। प्रशासन ने जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के उपलक्ष में विधायक ने मां भद्रकाली के दरबार में किया पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास को झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने के उपलक्ष में, टंडवा मंडल क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह नजर आया। इसी सिलसिले में विधायक श्री दास एवम् नव चयनित भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने रविवार को इटखोरी स्थित मां भद्रकाली के दरबार में, क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि को लेकर पूजा अर्चना किया। इस विशेष मौके पर टंडवा मंडल भाजपा नेता सह प्रखंड ब्रह्ममऋषि समाज के उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह अपने समर्थकों के साथ मां भद्रकाली के दरबार में पहुंच कर विधायक श्री दास के सुखमय जीवन सहित, टंडवा मंडल क्षेत्र के पूरे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र वासियों के सुखमय जीवन के लिए पूजा



अर्चना किए। इसके उपरांत विनय सिंह ने विधायक श्री दास को माता रानी का आशीर्वाद स्वरुप चुनरी ओढाकर सम्मानित किया। इस विशेष मौके पर विधायक जिला प्रतिनिधि अच्छेवट पांडे, भाजपा जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ,मुखिया संघ जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, विधायक प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री बैजनाथ पांडे, भाजपा नेता सरोज कुमार पांडे, विक्की मालाकार, राजेंद्र सिंह, पूर्व टंडवा मुखिया राजेंद्र नायक, देवकी रजक, ललित साहू, सहित सैकड़ो की संख्या में टंडवा मंडल से भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष व सचिव सम्मेलन को लेकर पहुंचे बलबल, किया स्थल का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग बॉर्डर में समीप बलबल बागेश्वरी मंदिर में चतरा जिला के कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष संजय पांडेय सचिव राजन पांडेय पहुंचे। एवं पूजा अर्चना किया। समाज में सुख समृद्धि की वृद्धि हो मन्नतें मांगी।जहां 11 फरवरी को होने वाला महासम्मेलन को लेकर स्थल का निरीक्षण भी रविवार को किया। उसके बाद विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए गिद्धौर प्रखंड के अंतर्गत ब्राह्मण समाज की कमेटी को सारे जिम्मेवारी देते हुए कही है।की विधि व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।अध्यक्ष व सचिव ने प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक को भी आना सुनिश्चित किया गया है।साथ ही उनके अनेकों सहयोगी विद्वान महासम्मेलन में पहुंचेंगे। इसके बारे में भी प्रखंड कमेटी को बताई गई।इस सम्मेलन में चतरा जिला से



सभी प्रखंड के अधिकारियों के साथ सैकड़ो लोगों को पहुंचने की बात कही है। सम्मेलन में प्रदेश से लेकर जिला के सभी प्रखंड के महाविद्यालय में संस्कृत विषय की पढ़ाई हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सम्मेलन में अभिभावक के साथ बच्चों को भी आने की बात कही है ताकि उनकी जिज्ञासा बढ़ सके और आने वाली पीढ़ी में बच्चे अच्छी परवरिश कर सके। क्योंकि बच्चे ही जीवन के भविष्य हैं। आगे इन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के चुनाव हुए 1 साल बीत चुके हैं। जहां लगभग चतरा जिला के सभी प्रखंडों से ब्राह्मणों को एकता एवं अखंडता के साथ एकजुट किया गया है।इसलिए अब शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि हमारा समाज का एक अच्छी दिशा मिल सके। जिसके लिए हम सभी को सदा एकजुट में चलने की जरूरत है। मौके पर उपस्थित द्वारी पंचायत से मंदिर पुजारी वासुदेव पांडेय बहादुर पांडेय प्रमोद पांडेय प्रेम पांडेय दीपेंद्र पांडेय यशवंत पांडेय सरजू पांडेय पत्थलगड़ा से सचिव संजय पांडेय सुरेश पांडेय गिद्धौर प्रखंड से कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय गिद्धौर पंचायत अध्यक्ष बैजनाथ पांडेय मनोज पांडेय पिंडारकोण से नामधारी पांडेय

## भाजपा नव नियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास का ऐतिहासिक और अदभूत स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का इटखोरी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया।गौरतलब है कि चतरा जिला से पहली बार भाजपा प्रदेश शीर्ष नेतृत्व ने किसी भी कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व दिया है। चतरा जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह एवं उमंग है। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके इटखोरी की धरती पर कदम रखते ही जमकर आतिशबाजी की और लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी है। सैंकड़ों की तादाद में मोटरसाइकिल सवार कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारे से गुंजायमान रहा।उन्होंने प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना भी की और पुरे प्रदेश के लोगों के लिए मां भद्रकाली से कामना भी की है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने भाजपा चतरा जिला कार्यालय में भी भव्य स्वागत किया गया।उसके बाद चतरा के पोस्ट ऑफिस चौक पर बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की। उसके बाद चतरा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता युगल किशोर खंडेलवाल के घर जाकर आशीर्वाद लिया।उसके बाद सिमरिया चौक पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और ढोल नगाड़े बजाकर अपने नेता का अभिवादन किया। जबकि टंडवा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम देव सिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा,भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रविणचंद पाठक, अक्ष्यवट पांडेय, मिथलेश गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, बसंत सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रखंड के बालू घाटों से बालू की चोरी बदस्तूर जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** झारखंड में बालू उठाव को लेकर नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण राज्य सरकार को रोज करोडों रूपयों का नुकसान सहना पड़ रहा है तो वहीं बालू माफिया से जुड़े लोग रोज अवैध तरीके से बालू का उठाव कर मालामाल हो रहे हैं। मयूरहंड प्रशासन के द्वारा आए दिन बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवायी की जाती है लेकिन बालु माफियाओं के हौसले इतने बुलंद होते हैं कि ये



प्रखंड प्रशासन को रोज चुनौती देते हैं और दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में बालू की बेखौफ चोरी करते हैं और प्रशासन हाथ पैर हाथ धरे बैठी रहती है। बालू माफियाओं का नेटवर्क इतना मजबूत है कि प्रशासन जिस रास्ते से बालू माफियाओं की ट्रैक्टरों को पकड़ने के लिए निकलती है उसी रास्ते में उन्हें प्रशासन की आने की सूचना बालू माफिया तक पहुंच जाती है और ये अपने ट्रैक्टरों को सड़क से किनारे कर लेते हैं लेकिन जैसे ही प्रशासन गश्ती कर वापस लौटती है बालू से लदे ट्रैक्टर सड़कों पर सरपट दौड़ने लगते हैं।

## विश्वकर्मा अधिकार रैली में भाग लेने का जिला अध्यक्ष ने आह्वान किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के मां भगवती मंदिर (लेंबोइया) पानी टंकी परिसर में रविवार को प्रखण्ड स्तरीय राणा विश्वकर्मा समाज की बैठक जिला अध्यक्ष डोमन राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मालूम हो कि राणा विश्वकर्मा समाज की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष डोमन राणा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रामू राणा व अन्य लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन बेलहर के समाजसेवी प्रकाश राणा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत प्रखंड अध्यक्ष शंभूनाथ राणा, श्रीकांत राणा, प्रमोद राणा, कोषाध्यक्ष तिलेश्वर राणा अन्य लोगों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि बैठक का मुख्य उद्देश्य मोरहाबादी मैदान रांची में आगामी 18 फरवरी को विश्वकर्मा अधिकार रैली में भाग लेने को लेकर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा 22 फरवरी को चतरा में विश्वकर्मा जयंती मनाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बताते चलें कि राणा विश्वकर्मा समाज के लोग 18 फरवरी को अपनी मुख्य आठ मांगों को लेकर व्यापक पैमाने पर अधिकार रैली प्रदर्शन करने जा रहा है। वहीं बैठक के दौरान प्रखंड में राणा विश्वकर्मा समाज के उत्थान व मजबूती पर भी विशेष निर्णय लिया गया। इस मौके पर मनोज राणा, तिलेश्वर राणा, विनोद राणा, आदित्य राणा, सुखसागर राणा, रामेश्वर राणा, विमल राणा, लोकेश राणा, प्रीतम राणा, शुखदेव राणा, पचु राणा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## मनरेगा मजदूरों को 33 दिनों से नहीं मिला है मजदूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल मनरेगा योजना जिसमें गरीब तबके के परिवारों को काम करने के बाद उनके खाते में सरकार के द्वारा राशि भेजी जाती है।यूपीए शासनकाल में लाया गया मनरेगा योजना गरीब परिवारों के लिए एक वरदान से कम नहीं था लेकिन बीते 1 सालों से भाजपा शासित केंद्र सरकार की बेरुखी के कारण वर्तमान में मजदूरों को काम करने के बाद उनके खाते में मजदूरी की राशि देरी से भुगतान किया जा रहा है।जो मजदूरों के लिए वरदान कम और भुखमरी की स्थिति ज्यादा उत्पन्न कर रहा है।बीते दिन शनिवार को रोजगार दिवस मनाया गया जहां पर मजदूरों की उपस्थिति नगण्य देखी गई। समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मजदूरों के बीच मायूसी है और ये बाहर पलायन करने को लेकर बेबस हैं।केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार गरीबी उन्मूलन के नाम पर लाख दावे कर रही है लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल इतर है।रोज मजदूरी करके गुजर बसर करनेवाले गरीब परिवारों के बीच परेशानियों की खाई और गहराती जा रही है। इन मजदूरों के बीच सबसे बड़ी परेशानी यह है कि जरूरत के सामानों को खरीदने के लिए पैसे नहीं है और इन्हें उधार में दुकानदार कोई भी सामान देने को तैयार नहीं हैं।

## केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : कन्हाई प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार हम चले गांव की ओर कार्यक्रम के तहत बरवाडीह मण्डल के केचकी बेतला और पोखरीकला पंचायत के गांव-गांव में जाकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नल जल योजना, निशुल्क खाद्यान्न आपूर्ति करना, समेत कई प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।इसके साथ कार्यक्रम के अनुसार दीवार लेखन का भी काम किया गया। वहीं भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज सिंह ने कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार आने वाली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि केंद्र सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी गांव गांव ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं,ताकि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सकें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ पर कुर्मीटोला खेल मैदान के समीप रविवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार बहन की दर्दनाक मौत हो गई। वंही दुर्घटना में बाइक चला रहे भाई को मामूली चोटें आई हैं। मृतका की पहचान दीपाटोली गुमला निवासी असमीना खातून के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने भाई सलमान के साथ बाइक पर गुमला से मैकलुस्कीगंज स्थित अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थी। इसी दौरान



कुर्मीटोला के समीप पीछे से आ रहा एक वाहन उनकी बाइक को टच करते हुए आगे निकल गया जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक में पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई तभी पीछे से आ रहा दूसरा वाहन उसे कुचलते हुए निकल गया। दुर्घटना में महिला का सर पहिये के निचे आ गया था जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वंही बाइक चला रहा युवक सड़क के किनारे गिरने की वजह से बाल बाल बच गया। उसे मामूली चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने थोड़ी देर के लिए उक्त स्थान पर सड़क को जाम कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही चंदवा थाना प्रभारी सुभम कुमार,चंदवा पूर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव घटना स्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम को खुलवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## बालूमाथ में दो सुनार दुकानों से लाखों की हुई चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में शनिवार देर रात दो सुनार दुकानों में अज्ञात चोरो ने लाखों रूपये का सामान चोरी कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्षा ज्वेलर्स के मालिक मधुसूदन सोनी एवं शिबू ज्वेलर्स के मालिक आनंद सोनी ने बताया के वे लोग नित्य दिनों की तरह शनिवार को अपने-अपने दुकान बंद कर घर चले गए थे सुबह जब दुकान खोलने आए तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकानों से कई सामानों की चोरी कर ली है ।जिसमें वर्षा जेवेलर्स नामक दुकान से 120 पीस सोने एवं चांदी की अंगूठी जिसकी कीमत लगभग 36000, पायल एक जोड़ा 10000, मूर्ति लॉकेट 3000, ताबीज 50 पीस 10000 कुल करीब 59000 रुपये वही शिबू ज्वेलर्स से दो जोड़ा पायल 7000, चैन, अंगूठी, कैश 10,200 करीब 17200 रुपए के सामान की चोरी कर लिया। इस संबंध में दोनों ज्वेलर्स दुकान के मालिकों ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर चोरों को पकड़ने की मांग की है।

## यज्ञ सृष्टि का आधार बिंदु है : प्राचार्य

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के जलता स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल परिवार ने रविवार को चंदवा प्रखंडवासियों के लिए एक नया आयाम खड़ा किया है । राष्ट्र एवं सामाजिक उत्थान के लिए डीएवी स्कूल परिवार के द्वारा वैदिक हवन और विश्व शांति यज्ञ की श्रृंखला शुरू की गई। चंदवा प्लस टू हाई स्कूल के नजदीक प्रखंड स्टेडियम में आयोजित विश्व शांति यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों ने संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंत्रोच्चारण के साथ वैदिक हवन प्रारंभ किया । तत्पश्चात आर्य समाज के भजनों को गाकर वातावरण संगीतमय और पवित्र कर दिया। समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि डीएवी विद्यालय परिवार की यह विश्व शांति यज्ञ श्रृंखला की शुरुआत काफी सराहनीय और प्रशंसनीय है । समस्त विश्व में प्रकृति भी यज्ञ में जुटी हुई है। यह यज्ञ ही प्रकृति को सदा नवीन बनाए रखता है। इस तरह के सामाजिक आयोजनों से समाज को सही मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

## रुद्रमहायज्ञ कार्यालय का पूर्व विधायक ने किया फीता काटकर उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्शनगर में शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित किये जा रहे रुद्र महायज्ञ के कार्यालय का उद्घाटन लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम लोहरदगा के पूर्व पार्षद प्रवीण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। पंडित जगनारायण पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह कार्यक्रम संपन्न करवाया। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में बहुत दिनों बाद रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आयोजित पूजा कमेटी को इसके लिए बधाई दी। वही पूजा समिति के निर्मल सिन्हा ने बताया की शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन आगामी 2 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर मुरपा मोड में एक कार्यालय खोला जा रहा है जिससे लोगों से सहयोग राशि समेत अन्य कार्य किए जाएंगे। महायज्ञ के कार्यक्रम में स्वामी शेष नारायणचार्य जी के तत्वावधान में संपन्न होगा। मौके पर विनोद बिहारी गुप्ता शैलेश सिंह, कृष्ना यादव, सुनील पांडे, रवि सिंह, रविंद्र सिन्हा, अजय सिंह, रंजय सिंह, रंजीत लाल, रंजीत जयसवाल, राम दर्शन तिवारी, शिवप्रसाद साव, राम दर्शन तिवारी, गजेंद्र चौबे, सुनील सिंह, गणेश गंझु, अखलेश गंझु समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने कुएं से महिला का शव किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू पुलिस ने सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा गांव में महेश यादव ककुआँ से रविवार को एक महिला की शव को बरामद किया. महिला की पहचान सिबला ग्राम निवासी कारा भुइयाँ की पत्नी मालो देवी 34 वर्षीय के रूप मे की गई। मिली जानकारी के मुताबिक मृतका महिला मालो देवी शनिवार शाम अपने ससुराल सिबला से अपने माँ शांति मासोमात के साथ अपने माईके भाटचतरा आई थी। शनिवार को पति कारा भुइयाँ, माँ शांति मासोमात व मृत हुई महिला मालो देवी साप्ताहिक बाजार भाटचतरा गए थे। बाजार से सास और दामाद दोनों घर चले गए। मालो देवी घर नहीं पहुंची. सुबह आसपास के ग्रामीण ने भाटचतरा निवासी महेश यादव के घर के सामने कुआँ में महिला की शव तैरता हुआ दिखाई दिया. उक्त घटना की जानकारी बारियातू थाना को दी गई. घटना की



सूचना मिलते ही एएसआई राजकिशोर प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। दुसरी तरफ कई ग्रामीणों से जानकारी के अनुसार तीनो बाजार में शराब के नशे में धुत थे. घटना कैसे हुई पुलिस इसकी तहकीकात कर रही है। अचानक इस तरह का घटी घटना के बाद मृतक महिला के बच्चे सुमन कुमारी (9) धर्मेंद्र भुइयाँ (5) पूनम कुमारी (3) व एक वर्षीय महेंद्र का रो रोकर बुरा हाल है।

## शत्रुघ्न प्रसाद की अध्यक्षता में ओबीसी मोर्चा की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के माको डाक बंगला में रविवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के द्वारा हक अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शत्रुध्न प्रसाद ने की। सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के कई पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में आगामी 11 फरवरी को मेदनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित होने वाले पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार मंच के महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील की गयी। पलामू प्रमंडल के ओबीसी संयोजक मंडली के ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र के हिसाब से ओबीसी समाज के निर्माण में अपनी भूमिका अलग बनानी होगी। उन्होने कहा कि हमलोग में चाणक्य और चंद्रगुप्त जैसे लोग छिपे पड़े हैं। बस उन्हें निखारने की जरूरत है। उन्होने कहा कि सबसे शक्तिशाली वंश के रूप में मौर्य वंश को जाना जाता है। जिन्होंने भारत की




भौगोलिक स्थिति को बदल कर रख दी थी। इसलिए हम सभी को अपने हक और अधिकार के लिए आगे आने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समुदाय के द्वारा सरकार को सबसे अधिक टैक्स व जीएसटी दिया जाता है। सरकार इसी टैक्स के रूपये से विकास का प्रारूप तैयार करती है, इसलिए हमें एकजुट होने की जरूरत है। ताकि सरकार तक हमारी बात पहुंच सके। अधिकार मंच के युगल पाल ने कहा कि सभी समुदाय को उनका अधिकार मिल चुका है, लेकिन ओबीसी समुदाय को आज तक उनका हक और अधिकार नही मिल सका है। जबकि देश मे ओबीसी की जनसंख्या 55 प्रतिशत से अधिक है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि ओबीसी समुदाय किसी एक जाति के लिए नहीं होती है। इस जाति में सभी लोग जो पिछड़े वर्ग से आते हैं। उनका समावेश है। उन्होने कहा कि आज हम सभी अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए खड़े हैं। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला मे ओबीसी का आरक्षण जीरो है। जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। अशर्फी चंद्रवंशी ने कहा कि झारखंड में जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी का सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षिक रिपोर्ट जारी करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर शान्ति समिति की हुई बैठक



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 24 जनवरी 2024 को विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत सिरैय के खेदाडीह में दो समुदायों के बीच विद्यालय में चारदीवारी निर्माण में अपने-अपने धर्मिक आयोजन को लेकर अलग से गेट निर्माण को लेकर दोनो समुदायों में कहासुनी से बढ़कर झड़प में तब्दील हो गई थी। जिसको लेकर 24 जनवरी से लेकर शांति व्यवस्था कायम करने हेतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से विष्णुगढ़ थाना पुलिस 04 जनवरी 2024 तक डेरा डाले थी। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा बुद्धिजीवियों के सहयोग से आज खेदाडीह में शांति समिति की बैठक की गई,जिसमे निर्णय लिया गया कि उपरोक्त जगह स्कूल की है,और इसमें सिर्फ एक गेट का निर्माण किया जायेगा।दोनो समुदाय स्कूल की चारदीवारी निर्माण में किसी प्रकार की बाधा नहीं पहुचायेगी इसका दोनो समुदाय के लोगो ने समर्थन किया। दोनों समुदाय अपने-अपने आयोजनो को अन्यत्र किसी दूसरे जगहों का चयन कर करें। तथा 24 जनवरी 2024 से तैनात पुलिस बल को दोनो समुदायों में आपसी बेहतर तालमेल को देखते हुए हटाने का निर्णय लिया गया। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दोनों समुदायों के लोगो को आपस मे गले लगवाया और बीती बातों को भूलकर नई शुरुआत की पहल की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ रामबालक कुमार,थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,साँसद प्रतिनिधि सुशील कुमार मंडल,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव,मुखिया हेमन्ती देवी,मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो,पूर्व प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता,फखरूद्दीन अंसारी,दिलेर आजाद,राजेन्द्र कुमार महतो,तापेश्वर रजक,बासुदेव महतो,नागेश्वर महतो समेत काफी संख्या में ग्रामिणो की मौजूदगी रही।

### नाबालिग मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, धुनाई के बाद पुलिस को सौंपा

**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड दारु बाजार और झुमरा बाजार मे लगातार मोबाइल और बाइक चोरी की घटना हो रही है पर पुलिस सिर्फ सन्हा दर्ज कर चैन की नींद सो जाती थी। चोरी की घटना से अजीज आये जागरूक ग्रामीणों ने रविवार को दारु बाजार से मोबाइल चोरी कर भागने के दौरान नाबालिग चोर को रंगे हाँथ धर दबोचा। बड़का इरगा निवासी प्रेम कुमार बाजार मे सब्जी की खरीदारी कर रहे थे तभी पेंट कि जेब मे रखा उनका मोबाइल चोरी हो गया। इस घटना को सतर्क युवाओं ने देख लिया और नाबालिग चोर को बाजार से थोड़ी दूर पर दौड़ा कर पकड़ लिया साथ ही उसके जेब से चोरी हुए मोबाइल को भी बरामद कर लिया। नाबालिग चोर से लोग पूछताछ करने लगे साथ ही उसकी थोड़ी धुनाई भी कर दी। इसके साथ ही थाना से पहुंची पुलिस ने शक के आधार पर एक और ब्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर ऑटो सहित पुलिस को सौंप दिया।इस ब्यक्ति का अनजान चेहरा और हावभाव को देखकर ग्रामीणों को शक हुआ, उससे पूछताछ करने पर वह खुद की मोबाइल चोरी होनी की झूठी कहानी बताने लगा। इस ब्यक्ति की भी हलकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया । दारु थाना मे दोनो को रखकर पुलिस पूछताछ कर रही है। नाबालिग लड़का खुद को धनबाद का रहने वाला बता रहा है जहाँ से अपनी माँ से डांट खाने के बाद घर से भागकर आने की बात कही। पुलिस का कहना है की इस तरह के चोर बहुत ही शातिर होते है ये लोग सही बात नही बताते है। थाना मे दोनो को रखकर पुलिस पूछताछ कर रही है जिसके बाद आगे की करवाई की जाएगी।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा, मुन्ना सिंह ने बाबा मंदिर में राहुल गांधी का किया स्वागत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने शनिवार को देवघर स्थित बाबा बैजनाथ बैजनाथ मंदिर में राहुल गांधी का स्वागत किया । वहां के मुख्य पंडा व मुख्य पुजारीयों से मुलाकात कर आशीर्वाद ग्रहण किया। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ लगातार भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहें हैं । श्री सिंह ने राहुल गांधी से मुलाकात के दौरान हजारीबाग विधानसभा की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी जाति व धर्म के लोगों को साथ लेकर चलती है किसी भी भारतीय युवा , किसान बेरोजगार पर हो रहे अत्याचार को सहन नहीं करेगी यह यात्रा राहुल गांधी के निर्देशानुसार सामान्य भारतीयों के न्याय का हक मिलने तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत फैला रही है , देशभर में युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है,देश के किसानों के साथ अन्याय हो रहा है, गरीब और कमज़ोर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। इस यात्रा में कांग्रेस व महागठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थकों का उत्साह देखने लायक था।

## झामुमों प्रखण्ड मिलन समारोह में गौरव पटेल की मौजूदगी में सैकड़ो लोगो ने थामा झामुमों का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झामुमो प्रखंड समिति के द्वारा पूर्व सांसद स्व0 टेकलाल महतो के बनासो स्थित आवास में झामुमो प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता बिष्णगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने किया एवं संचालन प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल उपस्थित रहे ! झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर रामलाल सोरन व अनिल कसेरा अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओ संग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा।

इस मौके पर झामुमों युवा नेता गौरव पटेल ने सभी लोगों पार्टी का अंगवस्त्र भेंट कर तथा माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही गौरव पटेल ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं तथा आगे की रणनीति पर चर्चा करते हुए,मिल रहे जनसमर्थन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों के द्वारा मिल रहे मार्गदर्शन और प्रेरणा से विष्णुगढ़ प्रखंड को और मजबूत करने की तरफ आगे बढ़ रहा हूँ। आने वाले समय में पार्टी विष्णुगढ़ प्रखंड के हर पंचायत में मजबूती से काम करेगी ।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरवहा मे ताला तोड़ चोर उड़ा ले गए सामग्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चरही थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरबाहा शनिवार की रात चोर विद्यालय के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और विद्यालय की ऑफिस में रखें म्यूजिक सेट विद्यालय से संबंधित अंकित पंजी चावल प्रयोगशाला सामग्री खेलकूद सामग्री बक्सा में रखें 1400 रुपए के साथ , कार्यालय में रखा बच्चों के खेलने का सामान आदि चुरा ले गए। दिलेश्वर महतो विद्यालय प्रबंध अध्यक्ष अनुसार रविवार की सुबह



जब वो विद्यालय पहुंचे तो, उन्हें चोरी के इस घटना की जानकारी हुई। अन्य ग्रामीण और समाजसेवी नीलकंठ महतो भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा चोरी की शिकायत चरही पुलिस को दी गई है।

## स्वतंत्रता सैनानी सरस्वती देवी की पुण्यतिथि आज, सरस्वती उच्च विद्यालय में मनाई जाएगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** सरस्वती देवी के संयुक्त बिहार की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी जो आंदोलन में जेल जाने वाली पहली महिला थीं।

सरस्वती देवी का जन्म 5 फ़रवरी 1901 को हज़ारीबाग बिहारी दुर्गा मंडप के पास हुआ था। इनके पिता राय बिष्णु दयाल लाल सिन्हा संत कोलम्बा कॉलेज के उर्दू, फ़ारसी और अरबी के अध्यापक थे। सरस्वती देवी का विवाह 13 साल की आयु में दारू गांव में अधिवक्ता केदार नाथ सहाय से हुआ था। शुरू से ही सरस्वती देवी समाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। विवाह के बाद वह ससुराल आ गई। केदारनाथ सहाय वकील थे। इसके अलावे केदारनाथ, राजेंद्र प्रसाद की बिहार स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी से भी जुड़े थे। उनकी पुण्य तिथि आज दारू विद्यालय उच्च परिसर में मनाई जाएगी।

## बरही रेलवे स्टेशन में इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव आंदोलन की आधी जीत है : जावेद इस्लाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक जावेद इस्लाम ने बयान जारी कर कहा है कि राँची मधुपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का बरही स्टेशन पर ठहराव झारखण्ड आंदोलकारी मोर्चा के आंदोलन की आधी जीत है। इसके परिचालन का समय आम आदमी की सुविधा के अनुसार बदला जाएगा तब पूरी जीत होगी। इस ट्रेन के संचालन के अव्यवहारिक समय सारिणी में परिवर्तन नही किया गया है जो दुःखद है, जैसा कि दावा किया जा रहा है यह



ट्रेन कोडरमा से रांची जाने के क्रम में शाम 6.43 पर रुकेगी व राँची से कोडरमा जाने के क्रम में सुबह 8.59 बजे रुकेगी। इंटरसिटी के सुबह राँची जाने व शाम को लौटने का समय तय हो। इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन का वर्तमान समय सारणी बरही अनुमंडल के लोगों के लिए खास लाभदायक नही है, मोर्चा केंद्रीय रेल मंत्री व हज़ारीबाग़ के सांसद से मांग करता है कि इसके संचालन की समय सारिणी पुनर्निर्धारित किया जाए। यह इंटरसिटी ट्रेन का कोडरमा से रांची के लिए परिचालन सुबह 6 बजे व राँची से वपसी का समय शाम 7 बजे निर्धारित किया जाए, ताकि अपने अपने काम से राजधानी रांची जाने वाले लोगो को इस ट्रेन का भरपूर लाभ मिल सके।शिक्षा के लिए, इलाज़ के लिए, हाईकोर्ट केस मुक़दमा के लिए, व्यवसाय के लिए व सेक्रेटेरिएट में काम के लिए यहाँ के लोग सुबह इस इंटरसिटी से रांची जा सके व शाम को इसी ट्रेन से वापस लौट सके। झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा इसका परिचालन का समय परिवर्तन कराने के लिए भी आन्दोल चलाएगा। यह भी कहा कि जो लोग अभी श्रेय लेने में लगे है, उनको चाहिए कि इंटरसिटी के परिचालन का समय आम आदमी के सहूलियत के मोताबिक बदलवाए और बरही चौक पर खड़े होकर खूब श्रेय ले।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बेहतर होगा बच्चों का भविष्य : राजेन्द्र प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय धनवार उर्दू प्रांगण में कुल 220 बच्चों के बीच रबर कटर पेंसिल इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया गया। वितरण कार्य धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के हाथों किया गया। इस दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चो से कहा कि प्रत्येक शिक्षक विद्यालयों के बच्चों को निपुण बनाने में अपना योगदान दे रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि शिक्षक का रोल सबसे प्रमुख होता है। एक इंजीनियर पुल बनाएगा तो कुछ नहीं होगा, लेकिन शिक्षक नहीं पढ़ाएंगे तो पूरी पीढ़ी खराब हो जाएगी।



बच्चों का स्कूल में सीखना महत्वपूर्ण है। बच्चे एक्टिव टाइम का अधिकांश हिस्सा स्कूल में व्यतीत करते हैं इसलिए स्कूल में सीखना महत्त्वपूर्ण हैं। जब तक टीचर्स पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से नहीं लगेंगे तब तक गुणवत्ता नहीं बढ़ सकती। हमको बच्चों को सीखने के तरीके को सहज और सरल बनाना होगा। जिसमें विद्यालय के प्रधान शिक्षक तहमीजा तबस्सुम, सहायक शिक्षक अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद अफरोज आलम, सीताराम, अमरेंद्र राम, प्रकाश सिंह, वार्ड सदस्य मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद मकसूद समेत अन्य ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

## बड़कागांव पुलिस ने दो अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना अंतर्गत गोंदलपुरा गांव में रात्रि में पुलिस ने अवैध कोयला लदा 2 ट्रैक्टर जप्त किया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने बताया कि ग्राम गोंदलपुरा क्षेत्र से दो अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया है। दोनों अवैध कोयला जप्त ट्रैक्टर बड़कागांव थाना ले लाया गया है। वहीं दोनों ट्रैक्टर के ड्राइवर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग



गए।

मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 32/24 दिनांक 4 फरवरी 2024 धारा 414/34 भा0 द0 वी0 एवं 30 (ii) कोल माइन्स एक्ट तथा 33 वन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक, चालक एवं अवैध तरीके से संचालित कोयला खदान के मालिक पर मामला दर्ज किया गया है।

## राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा में युवा कांग्रेस बरही के सैकड़ो कार्यकर्ता होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत 5 फरवरी को झारखंड के हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत रामगढ़ आगमन पर बरही युवा कांग्रेस के सिपाहियों ने श्री गांधी को भव्य स्वागत करने की तैयारी कर ली है। इस तैयारी के आलोक में रविवार को बरही कोनरा पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव व संचालन प्रखंड कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस रघुनंदन गोप, अति विशिष्ट अतिथि कुणाल कतरियार, विशिष्ट अतिथि विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव शामिल हुए।



बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि 5 फरवरी को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत अपने तय कार्यक्रम के अनुसार हजारीबाग लोकसभा के रामगढ़ में प्रवेश करेंगे जहां पर हम सभी कांग्रेस परिवार एक जूटता दिखाकर राहुल गांधी का रामगढ़ थाना चौक पर भव्य स्वागत करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हो जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार, बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, बरही प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव, बरही प्रखंड कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष शरीफुल हक, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष जमुना यादव, कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वारिका रविदास, करीमुद्दीन, मो. इरशाद, प्रयाग यादव, युसूफ खान, मो. सलीम, गुड्डू, मो. आफाक अंसारी, राजेश सोनी, फिरदौस खान, मो. नसरुद्दीन के साथ अन्य कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## भाजपा किसान मोर्चा दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बने पर पवन साहू को अनूप भाई ने दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी , किसान मोर्चा के दोबारा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू को प्रदेश अध्यक्ष झारखंड मनोनीत होने के बाद किसान मोर्चा , जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला यादव समेत भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष कुमार मेहता , किसान मोर्चा के जिला मंत्री सह हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि आईटी सेल आशीष वर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय हरमू राँची पहुंचकर बधाई दिया। अनूप भाई ने बताया कि हमारे प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश नेतृत्व को हम सभी की ओर से बधाई और आभार प्रकट करता हूं । पवन साहू के नेतृत्व में किसानों का संगठन मजबूत हुआ है, जिसके कारण दोबारा विश्वास जताकर प्रदेश अध्यक्ष कमान प्रदेश नेतृत्व के द्वारा सोपा गया है। जिससे कार्यकर्ता को संगठन में मान सम्मान मिला ।

## बलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में सिरमा को हराकर बड़कागांव की टीम विजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बलिया में पंचायत स्तरीय बलिया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। बड़कागांव पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली ने फीता काट कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। यह टूर्नामेंट 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष हाजी तबस्सुम खान के सौजन्य से करवाया जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला बड़कागांव और सिरमा के बीच खेला गया। टॉस जीत कर बड़कागांव की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़कागांव की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 122 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में सिरमा की टीम निर्धारित ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 107 रन ही बना सकी।

बड़कागांव टीम यह मुकाबला 15 रनों से जीत कर अपने नाम किया। बड़कागांव के तरफ से राहुल तिवारी ने आलराउंड प्रदर्शन करते हुए 11 गेंद पर 5 छक्के और 2 चौके के मदद से ताबड़ तोड़ 40 रन बनाया एवं गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट हासिल किया। राहुल तिवारी को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए में ऑफ द मैच पुरुस्कार से नवाजा गया। छोटे खान, मोहसिन कमाल , शादाब, अफजल, साकिब कमर, रिंकू, अराफात मालिक, तौसीफ आलम, रियाज खान, वसीम अहमद, खिताब अनवर आदि के योगदान से टूर्नामेंट का आयोजन करवाया जा रहा है।

## काठमांडू में आयोजित दक्षिण एशियाई खेल जीतने वाली भारतीय महिलाओं को किया सम्मानित



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** काठमांडू में आयोजित दक्षिण एशियाई खेल जीतने वाली भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ी प्रेमनगर निवासी कोमल लता व जिया आनंद, खूंटी निवासी काजल संगा व मुक्ति संगा को तापिन पंचायत के मुखिया तनुजा सिंह ने प्रेमनगर में समारोह आयोजित कर जोरदार स्वागत किया गया। टीम शनिवार को चरही कोयलांचल क्षेत्र पहुंची। जहां फूल, माला व बुके के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। कोमल लता व जिया आनंद तापिन पंचायत की प्रेमनगर नगर कॉलोनी में रहती है। बचपन से ही इस क्रिकेट के प्रति काफी लगाव था। एशिया कप जीत कर लौटी कोमल लता व जिया आनंद सिर्फ तापिन पंचायत ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन की है। रविवार को फैंस ने खिलाड़ियों पर फूलों की वर्षा भी की और साथ ही बड़े उत्साह और खुशी के साथ स्वागत किया। इससे पहले शनिवार को चुरचू जिप सदस्य बासुदेव करमाली ने भारतीय महिला अंडर-19 टीम को चरही चौक में सम्मानित किया था। रविवार को स्वागत समारोह में जिप सदस्य भोला तूरी, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, प्रमोद चौहान, अंगिता देवी समेत कई लोग मौजूद रहे। युवा महिला क्रिकेटरों को संबोधित करते हुए मुखिया तनुजा सिंह ने कहा कि मैं बधाई देना चाहती हूं अंडर-19 टीम को यह एक शानदार उपलब्धि है। पूरा देश इस जीत का जश्न मना रहा है और लोग आने वाले समय में इससे काफी प्रेरणा ले सकेंगे। आपके इस दक्षिण एशियाई खेल को जीतकर कई युवा लड़कियों को क्रिकेट चुनने के लिए प्रेरित किया है। मुझे आशा है कि आप आगे भी ऐसी ही युवाओं को प्रेरित करती रहेंगी। आपको बता दें कि महिला अंडर 19 की टीम ने पहला मैच में भूटान की टीम को 30 रन, चीर प्रतिद्वंदी टीम पाकिस्तान को 43 रन से शिकस्त देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। फाइनल में महिला टीम की भिड़ंत नेपाल के साथ हुई थी जिसमें टीम इंडिया ने नेपाल को 65 रन से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम दर्ज किया।

## गौशाला परिसर अवस्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए आगे आया यूथ विंग



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में पिछले दो वर्षो से सामाजिक सेवा में अपनी सहभागिता हजारीबाग यूथ विंग सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया है। आकर्षक रूप से टाइल्स के माध्यम से मंदिर को सजाया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालु पूरी आस्था से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना अब कर सकेंगे। पिछले कुछ वर्षो से मंदिर की जमीन की स्थिति काफी नाजुक हो गई थी जिसे देखते हुए हजारीबाग यूथ विंग ने यह सराहनीय कदम उठाया है। इस मंदिर में पिछले दो वर्षो से लगातार हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा महारुद्रभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सेवा कार्य करने से यूथ विंग को ऊर्जा मिलती है, आगे भी यूथ विंग सदैव सामाजिक तथा धार्मिक कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता रहेगा। बता दे कि हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा मंदिर परिसर में दो बार महारुद्रभिषेक का आयोजन किया गया है अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि ऐसे कार्यो से हम सभी का मन काफी प्रसन्न और प्रभावित होता है। ऐसे कार्यो से अन्य लोगों में भी सेवा कार्य के प्रति इच्छा जगती है।

## ग्रामीण क्षेत्र के सड़के होंगे चकाचक : महेंद्र महतो



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पतरातू पीटीपीएस रशियन हॉस्टल से डाडीडीह से मध्य विद्यालय टेरपा तक लगभग 5.50 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क कार्य का शुभरंभ किया गया। जेसीबी चालक मंटू कुमार के द्वारा नारियल फोड़कर कार्य प्रारंभ किया गया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कु.महतो ने बताया कि इस सड़क का शिलान्यास पिछले दिनों सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा किया गया था। सांसद की अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड में 45 करोड़ रूपया की लागत से 50 किलो मीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। मौके पर सुपरवाइजर अनिल राम पंसस अजय कुमार सिंह और पूर्व मुखिया सीताराम महतो,धनेश्वर महतो अनिल ठाकुर,बनवारी महतो,सुशीला देवी सहित दर्जनों महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन का मिलन समारोह सह वन भोज आयोजन



**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन(सीटू) का रविवार को रेलीगढ़ा साधु कुटिया के समीप मिलन समारोह व वन भोज का आयोजन किया गया। अवसर पर यूनियन का विस्तार करते हुए इस वर्ष दोगुनी सदस्यता के साथ इसे पूर्ण करने पर जोर दिया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रदीप रजक ने की। जबकि मुख्य रूप से यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि विशेश्वर ठाकुर रहे। मौके पर जगदीश चंद्र बेदिया, हरि करमाली, जगरन्नाथ पासवान, आजाद भुईयां, बिरजा बेदिया, भुनेश्वर मिस्त्री, जयराम, राधे, मुन्ना, देवनारायण मिस्त्री, संतोष कुमार, मनोज कुमार, सुधीर, धर्मेंद्र लोहरा, अमित कुमार राम, साहेब साव, इंद्रजीत, उमेश चौहान, राजेश रजक, संतोष गुप्ता, श्रवण कुमार, महेन्द्र तुरी, नरेश पासवान आदि उपस्थित हैं।

## श्री श्री नवदुर्गा मंदिर प्रांगण में 26 फरवरी से प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ का होगा आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के विकास नगर जारा टोला में श्री श्री नवदुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ 26 फरवरी से शुरू हैद्य यज्ञ को सफल और संपन्न कराने हेतु यज्ञ कमेटी के पदाधिकारी का महिलाओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गयाद्य महिलाओं के कमेटी का गठन करना, कलश शोभा यात्रा ,महिला स्वागत समिति का गठन, नगर भ्रमण, महिलाओं के बीच प्रसाद वितरण आदि बातों पर चर्चा किया गयाद्य बैठक में दीपक सिंहा सुरेंद्र कुमार शर्मा जगन्नाथ महतो सदन सिंह रावत हरेंद्र राय प्रभु पासवान संजय श्रीवास्तव मनोज मंडल नवल शर्मा सत्येंद्र पंडित पंडित अनुज पांडे शाहित भारी संख्या महिला पुरुष उपस्थित हुए।

## तैलिक महासभा कि प्रखण्ड स्तरीय बैठक संपन्न



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोयद के देवीमण्डप में अखिल भारतीय तैलिक महासभा कि प्रखण्ड स्तरीय बैठक आहूत की गई,जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष उत्तम प्रसाद साहू एवं संचालन मुखलाल साहु के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता पर विचार तथा पंचायत स्तरीय महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा का चुनाव हेतु किया गया। बैठक में सर्व समिति से पंचायत स्तरीय महिला मोर्चा का अध्यक्ष आरती देवी,सचिव दुलारी देवी, कोषाध्यक्ष गनिया देवी को चुना गया।

## पत्थलगड़ा राजद प्रतिनिधि ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता को दी बधाई

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपय सोरेन सरकार में चतरा विधानसभा राजद के इकलौते विधायक श्री सत्यानंद भोगता को चौथी बार झारखंड कैबिनेट में मंत्री बनाए जाने पर विकाश कुमार यादव बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष पत्थलगड्डा व राजद प्रखंड कमिटी की ओर से माला पहनाकर बधाई स्वागत अभिनंदन किया गया माननीय श्री सत्यानंद भोगता जी मंत्री बनाए जाने पर पूरे प्रखंड वासियों में खुशी का लहर है पूरे पत्थलगड्डा की चहुमुखी विकास में माननीय मंत्री का अहम योगदान रहेगा। माननीय मंत्री ने आभार जताया और कहा की चतरा का बेटा आप सब की विश्वास पर खरा उतरेगा।मौके पर उपस्थित बैजनाथ यादव, सतेंद्र प्रसाद यादव रामजीत दांगी गोविंद दांगी राजु यादव शामिल थे।



## ग्रामीणो ने मुर्ति खंडित करने के विरोध में सौन्दा बस्ती मेन रोड को किया जाम, गिरफ्तारी की गई मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा थाना क्षेत्र के सौंदा बस्ती स्थित प्राचीन शिवमंदिर में शनिवार की देर रात कुछ असामाजिक तत्वों ने मुर्ति को खंडित कर दिया। रविवार को इसकी जानकारी मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर सड़क जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि मंदिर में स्थापित भगवान गणेश, कार्तिक और माता पार्वती की मूर्ति को खंडित कर दिया। सुबह में कुछ लोग जब मंदिर में दर्शन करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर का दरवाजा और मुर्तियां खंडित है। वहीं पास में पीत्तल के शेषनाग अपने जगह से गायब है। तभी इसकी जानकारी आस पड़ोस में दि गई। मुर्तियो को खंडित किये जाने पर सौन्दा बस्ती के ग्रामीण उग्र हो गए और इस घटना में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भुरकुंडा-पतरातू और भुरकुंडा-सयाल मार्ग को जाम कर दिया गया। ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं मामले की सूचना पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद और भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद सदलबल पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने कि भरपूर कोशिशें की। वहीं लगभग दो घंटे चली इस गहमागहमी के बाद पुलिस ने जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया तभी ग्रामीण माने ओर अपने जाम को हटा लिया। वहीं इस मामले में पुलिस छानबीन में जुट गई है। भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद ने बताया कि इस घटना में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही। पुलिस अनुसंधान में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षित व युवा विधायक के साथ कदम से कदम मिलाकर पंचायत का विकास करेगी कोर कमेटी : रमेश बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** कंडेर पंचायत कांग्रेस कोर कमेटी का गठन दिन रविवार को हुआ। ग्राम कंडेर में आहूत बैठक में पंचायत के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, उक्त बैठक में मुख्य रूप से इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज की मौजूदगी रही। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी जोन के विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद हसीब अंसारी ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए अंकित राज ने कहा कि पतरातू प्रखंड के सभी 46 पंचायत में सशक्त कोर कमेटी का गठन कर सभी तरह के समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। शुरुआत पतरातू प्रखंड के कंडेर पंचायत से की गई है, आगामी दिनों में सभी पंचायत का दौरा किया जाएगा। इस दौरान पंचायत के कई विकास योजना का चयन किया गया एवं आगामी दिनों में अधिक से अधिक योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्णय लिया गया। अंकित राज ने कहा कि स्थानीय विधायक सुश्री अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर कंडेर पंचायत एग्री स्मार्ट बनेगा ।बैठक के दौरान कांग्रेस कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रमेश बेदिया को पंचायत अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष कुलदीप बेदिया, मीडिया सचिव मंटू कुमार बेदिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, संरक्षक प्रयाग बेदिया, मीडिया प्रभारी बाहुबली अमर बेदिया चुने गए। सभी निर्वाचित पदाधिकारीयों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।मौके पर कैलाश गंझु , अर्जुन गंझु, उस्मान अंसारी, महताब आलम, सरफुद्दीन, रूपलाल गंझु, सरफराज अंसारी, सुनील गंझु, झगडु गंझु,पवन कुमार, करम मुंडा, चरकु मुंडा, रामलाल मुंडा, संजय बेदिया, रितेश मुंडा, कालीचरण बेदिया, राजू बेदिया, सीता कुमारी, गुड़िया कुमारी, खुशबू देवी, उपेंद्र मुंडा, मनोज मुंडा, मंटू मुंडा, मदन रजवार, बैजनाथ मुंडा, छोटेलाल मुंडा, महेंद्र बेदिया, बंधु पाहन, उमेश मुंडा, राहुल मुंडा इत्यादि लोग मौजूद थे।

*झारखंड मजदूर यूनियन अरगड्डा क्षेत्र पत्रकारों के हित के लिए सदैव लड़ेगा*

## प्रबंधन की दोहरी नीति के खिलाफ होगा विरोध : दिलीप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के पत्रकारों के साथ स्थानीय सिरका- अरगड्डा प्रबंधन के उदासीन रवैया को लेकर झारखंड मजदूर यूनियन ने रविवार को तीखी प्रतिक्रिया दी हैं। इसे लेकर झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष दिलीप भुईया ने दो- टूक कहां है कि अरगड्डा क्षेत्र के पत्रकारों के साथ प्रबंधन द्वारा उदासीन रवैया के खिलाफ यूनियन सदैव विरोध करते हुए लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने यह बातें तब कहीं जब इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन पत्रकार संगठन के बैनर तले पत्रकारों ने सीसीएल प्रबंधन के बहुरूपी मुखोटे की पोल खोलने की शिकायत यूनियन प्रतिनिधियों से की। अवसर पर यूनियन प्रतिनिधि दिलीप भुईयां ने कहा कि यदि स्थानीय प्रबंधन सीसीएल के द्वारा कंपनी कल्याणकारी योजना सीएसआर, वेलफेयर व अन्य लाभों के द्वारा पत्रकारों, समाजसेवियो, संस्था से जुड़े सदस्यों को इसका लाभ देना चाहिए, क्योंकि पत्रकार लोकतंत्र व्यवस्था में भारत के चौथे स्तंभ हैं। जबकि उनके द्वारा ही कंपनी, यूनियन आम जनमानस, सरकार के बीच संचार का माध्यम, जोड़ने की व्यवस्था हैं। बीते कुछ वर्षो से स्थानीय सिरका व अरगड्डा प्रबंधन के द्वारा पत्रकारों के मान सम्मान को लगातार ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा हैं। इससे असंतुलन के हालात उत्पन्न हो गई हैं। इस प्रकार की प्रबंधन की कार्रवाई से यूनियन में भी नाराजगी बढ़ती जा रही हैं। इसकी रक्षा के लिए हम सभी सदैव तैयार हैं। आगे यदि प्रबंधन इसके लिए सकारात्मक पहल नहीं करता हैं, तो कागजी कार्रवाई के साथ आंदोलन के लिए भी तैयारी की जाएगी। जिसकी जिम्मेवारी केवल स्थानीय सिरका- अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन की होगी।

## अंगिका समाज रत्न से सम्मानित हुए बुद्धिजीवी व समाजसेवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** अंगिका समाज, अंग पाकुड़ के द्वारा प्रदेश अंगिका समाज, रांची का स्थापना दिवस 2024 के शुभ अवसर पर स्थापना दिवस, समाजिक मिलन एवं जिला तदर्थ समिति की घोषणा हेतू रविवार को पूर्वाह्न 12◌00 बजे श्री गुरुदेव कोचिंग सेंटर परिसर में प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ. मनोहर कुमार, डॉ. बिन्दु भूषण, डॉ. निर्भय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं स्वागत भाषण के बाद डॉ. मनोहर कुमार ने कहा कि अंग क्षेत्र का इतिहास अति प्राचीन है। बाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि त्रेतायुग में अंग देश रोमपाद थे, जो राजा दशरथ के मित्र थे।द्वापर में कृष्ण अवतार लिए। इस काल में दुर्योधन ने अपने मित्र कर्ण को अंग देश का राजा बनाया था। अंग देश की राजधानी भागलपुर था। भागलपुर का कर्ण गढ़ इसका प्रमाण है। सुपौल के समदा में भी कर्ण गढ़ है। प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी ने अंगिका क्षेत्र का वर्णन करते हुए कहा कि 7 वीं सदी में वामन जयादित्य द्वारा रचित ग्रंथ काशिका वृत्ति में भी उल्लेख है कि भारत के 16 महाजनपदों में से एक अंग महाजन पद था और इसकी प्रचलित भाषा आंगी थी। बौद्ध ग्रंथ ललित विस्तार में 64 लिपियों की सूची में अंग लिपि चतुर्थ स्थान पर अंकित है। 16 महाजनपदों के मानचित्र में भी अंग देश अंकित है। आज अंग क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि अंगिका इतनी प्राचीन भाषा होने के बावजूद केंद्र सरकार ने आठवीं अनुसूची में नाम अंकित नहीं कर रही है, न ही झारखंड सरकार ने इस बिंदु पर विचार कर रही है। अंगिका का नाम नेशनल पापुलेशन रजिस्टर में अंकित नहीं है। जबकि बिहार से अलग होने के बाद झारखंड क्षेत्र में भी संथाल परगना प्रमंडल पूर्ण रुप से अंग क्षेत्र रहा है और संपूर्ण राज्य के सभी जिलों में अंगिका क्षेत्र के लोग फैले हुए हैं। इस मौके पर अंगिका समाज, पाकुड़ के द्वारा समाज सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण व्यक्तियों को अंगिका समाज रत्न से नवाजा गया।

## राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा गोला पहुंचा गर्मजोशी के साथ लोगों ने किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गोला/ रामगढ़ :** भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गाँधी रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में गोला पहुँचे। गोला के डीवीसी चौक में उन्होंने विशाल सभा को सम्बोधित किया। हालाँकि उनका ये न्याय यात्रा काफिला निर्धारित समय से लगभग साढ़े तीन घंटे विलम्ब से पहुँचा। उनकी यह न्याय यात्रा मणिपुर से महाराष्ट तक की लगभग छः हजार किलोमीटर तक की है। उन्होंने खचाखच भरे डीवीसी चौक में उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में लोकतंत्र की स्वतंत्रता पर खतरा मंडरा रहा है। देश में सत्तारूढ़ दल द्वारा नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने अपने अल्पावधि के सम्बोधन में सारी मुद्दों को जनता के सम्मुख रखा। राहुल गाँधी ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि मैं नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलने आया हूँ। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के समय न तो सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठान और ना ही निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान हीं सुरक्षित है। भाजपा एवं आरएसएस देश में नफरत का माहौल पैदा कर मतों का ध्रुवीकरण कर रही है। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त थी। राहुल गांधी अपनी खुली जीप में गोला से चिलरपुर होते हुए आगे रामगढ़ की ओर बढ़ गए। रविवार को राहुल गांधी रामगढ़ के सिद्धू कानू स्टेडियम में रात्रि विश्राम करेंगे । फिर सुबह 8◌00 बजे से यह यात्रा फिर रामगढ के गांधी चौक से फिर प्रारंभ होगी जो रांची की ओर प्रस्थान करेगी। रामगढ़ पहुंची यह यात्रा को आम जनों ने देखने के लिए रोड के दोनों तरफ लोगो का हुजूम लगा हुआ है राहुल गांधी अपनी एक खुली जीप में उनके पीछे पूरा काफिला चल रहा है राहुल गाँधी के साथ उनके वाहन में कॉंग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर एवं प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर थे। मौके पर कॉंग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, पूर्व विधायक ममता देवी, बजरंग महतो, विनय सिन्हा% दीपू, कमाल शहजादा, बलजीत सिंह बेदी, प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष संतोष सोनी, रामविनय महतो, अमित कुमार महतो, जनार्दन पाठक, जाकिर अख्तर, सुनील कुशवाहा, गौरीशंकर महतो, कमलेश महतो, मो.अफरोज सहित हजारों की संख्या में कॉंग्रेस, कॉंग्रेस सेवादल, युवा कॉंग्रेस, एनएसयूआई के कर्यकर्ता मौजूद थे।

*राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने उरीमारी से कांग्रेसी हुए रवाना*

## राहुल गांधी देश के समस्त नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए निकले हैं : राजू यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन(इंटक) कार्यालय में रविवार को राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए रामगढ़ रवाना हुए। वहीं रवाना होने से पूर्व राजू यादव ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने किसानो का कर्ज माफ नहीं किया, आदिवासियों से उनके जल जंगल और जमीन का हक भी छीन रही है। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। अल्पसंख्यकों के साथ उचित न्याय नहीं हो रहे है। ऐसे में राहुल गांधी देश के समस्त नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए निकले हैं। राजू यादव ने यह भी कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी को देश के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।वहीं इस न्याय यात्रा से सगंठन को मजबूती मिलेगी। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,दीपक विश्वकर्मा,टहल गोप, संजय यादव, महेन्द्र सिंह, चन्दु जायसवाल, सीगू हेम्ब्रोम, राजेन्द्र किस्कू, विशाल मुर्मू, नन्दू प्रजापति, शिवा उरांव, रामा उरांव, विनोद प्रजापति, प्रशांत हेम्ब्रोम, प्रकाश, दीपक हेम्ब्रोम, विक्की किस्कू, मनोज हेम्ब्रोम, नरेश सोरेन, बासदेव सोरेन, दीपक यादव, कुला प्रजापति आदि लोग न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए रामगढ़ रवाना हुए।

## प्रेस क्लब रामगढ़ के कार्यकारिणी की बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** प्रेस क्लब रामगढ़ कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को पीसीआर भवन में क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंह की अध्यक्षता और सचिव योगेंद्र कुमार सिंह के संचालन में हुई। बैठक में कुल 5 एजेंडा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसमें क्लब का एजीएम आगामी 11 फरवरी की जगह 18 फरवरी को कराने और एजीएम से पूर्व जिला के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने का निर्णय लिया गया। एजीएम पर चर्चा करते हुए पूर्व में 11 फरवरी को प्रस्तावित एजीएम अब 18 फरवरी को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कार्यकारणी के पदाधिकारी और सदस्य जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करके सभी सदस्यों को क्लब की गतिविधियों से अवगत कराएंगे साथ ही एजीएम के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। पतरातू प्रखंड से शुरू होगा दौरा जिला के दौरे का कार्यक्रम पतरातू प्रखंड से शुरू किया जाएगा, इसमें 07 फरवरी को पतरातू, भुरकुंडा, गिद्दी, सयाल, उरीमारी और बरकाकाना के साथियों के साथ बैठक की जाएगी। 09 फरवरी को गोला, रजरप्पा, दुलमी और चितरपुर के साथियों के साथ बैठक होगी। 11 फरवरी को कुजू, मांडू, घाटो, केदला के साथियों के साथ बैठक होगी। वहीं 13 फरवरी को रामगढ़ शहर और सिरका के साथियों के साथ बैठक होगी। सभी बैठकों में समय और स्थान की जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के प्रतिनिधियों को सभी साथियों को सूचित करने के लिए अधिकृत किया गया है। वे अपने अपने क्षेत्र में स्थान चयन करके बैठक में सबकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने में सहयोग करेंगे। अपनी बात रखने का सबको अधिकार है लेकिन संगठन की मर्यादाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। पिछले दिनों हुए कृत्य के लिए कार्यकारिणी ने एक मत से सदस्यों के व्हाटास्प ग्रुप से दो लोगों को फिलहाल ग्रुप से रिमूव करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया है कि क्यों नहीं क्लब से उनकी सदस्यता समाप्त की जाए। बैठक में अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सचिव योगेंद्र कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव दीपक प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष तरुण बागी, कार्यकारिणी सदस्य राकेश पांडेय, दुर्वेज आलम, दिनेश कुमार, विनीत कुमार, देवांशु शेखर मिश्र, उमेश सिन्हा आदि मौजूद थे।

## पचुआड़ा कोल ब्लॉक ने खान सुरक्षा पर प्रतियोगिता में ऑल ओवर विजेता का जीता खिताब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** अलग-अलग पंद्रह कोल माइंस के बीच खान सुरक्षा पर विभिन्न कार्य भागों में आयोजित प्रतियोगिताओं में पाकुड़ अमड़ापाड़ा में संचालित पचुआड़ा नॉर्थ कोल माइंस ने ऑल ओवर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। इसके अलावा दो अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भी प्रथम स्थान हासिल किया है। इसकी जानकारी देते हुए पीआरओ संजय बेसरा ने बताया कि डीजीएमएस सेंट्रल जोन धनबाद के तत्वाधान में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2023 का आयोजन का जिम्मा बीसीसीएल सिजुआ एरिया को सौंपा गया था। प्रतियोगिता में सबसे अधिक उत्पादन प्रति वर्ष लक्ष्य श्रेणी 0.60 मिलियन टन से ऊपर के 15 कोल माइंस ने हिस्सा लिया था। इन कोल माइंस के बीच 15 जनवरी से 27 जनवरी 2024 तक प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसका परिणाम 3 फरवरी को धनबाद के सिजुआ स्टेडियम में घोषित किया गया। जिसमें पचुआड़ा नॉर्थ कोल माइंस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ज्योमेट्री तथा एचईएमएम में प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। ऑल ओवर चैंपियन का खिताब भी अपने नाम किया है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह में डीजीएमएस वरीय अधिकारी डीजी प्रभात कुमार, डीएमएस माइनिंग सागेश कुमार, डीएमएस मैकेनिकल सुरेश पडदा, डीएमएस इलेक्ट्रिकल सौम्या जुलु, डीडीएमएस माइनिंग मिथिलेश कुमार,आदि थे ।

## भुरकुंडा में सात दिवसीय सूर्य षष्ठी महायज्ञ नौ अप्रैल से



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भुरकुंडा पंचायत अंतर्गत छठ मंदिर के निकट सूर्य षष्ठी महायज्ञ के आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों की बैठक रविवार को मुखिया अजय पासवान की अध्यक्षता और संजय वर्मा के संचालन में हुई। बैठक में सात दिवसीय सूर्य षष्ठी महायज्ञ के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से महायज्ञ की तिथि नौ अप्रैल से 15 अप्रैल तय की गई। महायज्ञ भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बताया गया कि 2020 में ही महायज्ञ का आयोजन होना था, लेकिन कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए महायज्ञ को स्थगित कर दिया गया था। रविवार को हुई बैठक में तात्कालीन कमेटी ने लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया। कहा गया कि छठ पूजा कमेटी की देखरेख में ही महायज्ञ संपन्न होगा। बैठक में सौन्दा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा, भुरकुंडा पंसस दीपक भुइयां, संजय मिश्रा, विनय कुमार सिंह, अमृत सागर, विजय कुमार दूबे, शिव कुमार दास, शशि कुमार, अरुण राम, विनय राम, आजाद भुइयां, डब्लू पांडेय, राकेश सिन्हा, जग्गू घासी, देवकरण यादव, विकासकांत सिंह, काला बाबू, संजय मिश्रा, श्रीनिवास अग्रवाल, अनूप मिश्रा, केसी दास, रुदल रावत, रविंद्र राम, संतोष रजक सहित कई मौजूद थे।

## स्नेह दीप वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के बीच बांटी खुशियां



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह नगर के नगर मंत्री समीर दीप जी के जन्मदिन के अवसर पर प्रो विनीता कुमारी एवं नगर की पूरी टीम ने वृद्धजनों के बीच आशीर्वाद लेकर केक काटा एवं मिठाई,फल, नमकीन वितरण किया गया। प्रो विनीता ने कहा समाज के अंतिम व्यक्ति तक जो जरुरतमंद लोग हैं उनके बीच सेवा कार्य करना और खुशियां बांटना ही हमारा लक्ष्य है । मौके पर नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, वार्ड पार्षद गुड़िया देवी, महामंत्री सिंकु सिन्हा,अमित आर्या,नीलू सिन्हा,पवन कंधवे, सावित्री भारती,संजय साहु, वरिष्ठ नेता सुरेश गुप्ता,शुभ दीप,कौशल पांडेय,चंदन, विक्की पासवान आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय क्लब के संस्थापक स्व रामानंद खेतान की पुण्यतिथि मनाई गई



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय क्लब कतरास के संस्थापक रामानंद खेतान की पुण्यतिथि रविवार को उनके पुत्र श्रवण खेतान आवास में मनायी गई। स्व. खेतान के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने स्व रामानंद खेतान को याद करते हुए कहा कि स्व रामानंद खेतान एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था थे। कतरास के लगभग सभी संस्थाओं में उनका योगदान रहा है। समाज के हर छोटे-बड़े कामों में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। स्वर्गीय खेतान हमेशा कतरास के लोगों के दिलों मे जिंदा रहेंगे। कतरास के भारतीय क्लब स्व खेतान का देन है। मौके पर श्रवण खेतान, प्रकाश राम गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, प्रदीप पांडेय, किशोरी गुप्ता, घनश्याम झा, अजय राणा, गोपाल चौधरी आदि उपस्थित थे।

## मासूम खान एवं जितेंद्र कुमार सिंह कांग्रेस में शामिल



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छाताबाद वार्ड नंबर 2 के निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान एवं बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह रविवार को कपूरिया में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो की उपस्थिति में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो ग। जितेंद्र एवं मासूम ने राहुल गांधी को बुके एवं शाल भेट किया। मौके पर मो जियाउल हक, रॉबिन पाल, मो नईम अंसारी, मनीष अंसारी, निजाम अंसारी, नदीम अंसारी, शमीम अंसारी, अशोक यादव, रामबचन पासवान, पिंटू अंसारी, शाहिद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा हजारीबाग रोड स्टेशन का किया गया निरीक्षण



**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा कल रात्रि धनबाद मंडल के हजारीबाग रोड स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी हजारीबाग रोड स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की ।महाप्रबंधक द्वारा कोडरमा स्थित दामोदर वैली कॉर्पोरेशन के निदेशक एवं अन्य अधिकारियों के साथ विधुत् उत्पादन यूनिट की पुरी प्रक्रिया का अवलोकन किया गया ।इस दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा को गठबंधन के तहत भाकपा माले ने किया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** 4 फरवरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा का महागठबंधन के तहत भाकपा माले धनबाद जिला के नेता व कार्यकर्ता जगह- जगह सड़को पर उतरा एवं समर्थन किया। आज सुबह भाकपा माले विधायक कॉ. विनोद कुमार सिंह एवं पूर्व विधायक कॉ.अरुप चटर्जी राहुल गांधी के रात्रि ठहराव स्थल पूर्वी टूण्डी के हलकट्टा गाँव पहुंचे और राहुल गांधी से मिले। साथ ही उनकी न्याय यात्रा में शामिल हुए। धनबाद रेलवे स्टेशन,श्रमिक चौक,पूजा टॉकिज आदि स्थानो में झंडा तख्ती के साथ न्याय यात्रा के समर्थन में मार्च किया गया। गोविन्दपुर के साहेबगंज रोड पर काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। धनबाद में नगर सचिव नकुलदेव सिंह, जिला सदस्य मनोरंजन मल्लिक,कृष्णा सिंह, हरेंद्र सिंह, संदीप कौशल, गणेश महतो काजल मंडल,सरोज देवी, अजरानी निशानी, सत्येन्द्र चौहान,बी आर सिंह, मुन्ना चौहान,राजू चौहान, देवेन्द्र चौहान, जमाल अंसारी, मदन मजूमदार, जितेन्द्र शर्मा, मंजू देवी, अजय प्रजापति, ज्ञानोदय गोर्की, वीर भगत, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, राजा अंसारी, रामेश्वर साव,विमल कुमार रवानी, आसमान मराण्डी, मजीद खान काशीनाथ कॉयरी, मुख्तार अंसारी, तस्लीम अंसारी समेत सेकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पूर्व अशोक सिंह ने निकाली बाइक रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भव्य स्वागत के लिए कांग्रेस के वरीय नेता अशोक सिंह ने निकाली बाइक रैली। सैकड़ों बाइक पर सवार कांग्रेस समर्थकों की जोरदार नारों से पुरा शहर गूंज उठा। कांग्रेस के वरीय नेता अशोक सिंह ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पूर्व बाइक रैली निकाल कांग्रेस पार्टी के समर्थकों मे उत्साह भरा और कहा की राहुल गांधी की ये यात्रा धनबाद के लिये एतिहासिक है जो इतिहास के पन्नो मे सुनहरे अक्षर मे लिखा जाएगा।

## एशियन हॉस्पिटल में संपन्न हुआ छठा वार्षिक ड्राइंग कंपटीशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** रविवार को एशियन जालान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मे छठा वार्षिक ड्राइंग कंपटीशन 2024 का आयोजन किया गया। इस कंपटीशन में सर्वश्रेष्ठ सृजनात्मकता, रंग मंचन और थीम प्रतिस्पर्धा रखा गया था। जिसमें दो ग्रुप 6 वर्ष से 9 वर्ष व 10 वर्ष से 15 वर्ष के प्रतिभागी थे। 10 वर्ष से 15 वर्ष के प्रतिस्पर्धा में दिल्ली पब्लिक स्कूल कक्षा की छात्रा अयोंज्या समाद्दार को प्रथम विजेता घोषित होने पर 5000 रुपए, दिल्ली पब्लिक स्कूल के दिवंगना पॉल को द्वितीय विजेता के रूप में 3000 रुपए एवं द्वारका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी स्कूल के अदिति झा को तृतीय विजेता के रूप में 1500 रुपए पुरस्कार स्वरूप दिए गए। वहीं 6 वर्ष 9 वर्ष ग्रुप में प्रथम पुरस्कार सांवी को 5000 रुपए, नाव्या कुमारी को द्वितीय पुरस्कार एवं कृतिका सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला।एशियन अस्पताल के पदाधिकारी मो. ताजुद्दीन ने बताया कि हॉस्पिटल की तरफ से आयोजित इस ड्राइंग कंपटीशन में सभी बाल प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक चित्रकला का प्रदर्शन किया और चित्रकला के जज हॉबी सेंटर के निर्देशक धनबाद के जाने-माने पेंटिंग आर्टिस्ट शिव शंकर धर ने प्रथम तीन विजेताओं को बारीकी से जज कर पुरस्कार की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे एशियन हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. मेजर चंदन, चित्रकला प्रशिक्षक शिव शंकर धर, जोइता घर, डीएवी स्कूल के शिक्षक अमिताभ दास, कार्मल स्कूल की शिक्षिका भबीता चावड़ा, निवेदिता मुखर्जी और एशियन हॉस्पिटल के पदाधिकारी मो. ताजुद्दीन समेत अस्पताल के सभी कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

## आजसू का एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बिरनी :** रविवार को आजसू पार्टी की एक प्रखंड स्तरीय बैठक रामचंद्र मेमोरियल विवाह भवन में पलौंजिया आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार रजक एवं संचालन प्रखंड सचिव राजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। इस बीच बैठक में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव सह बगोदर विधानसभा प्रभारी अनूप कुमार पांडेय ने कहा कि आजसू हमेशा स्वच्छ राजनीति का पक्षधर रहा है। वर्तमान की राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। बेरोजगारी की समस्या चरम पर है, युवाओं के कड़ी मेहनत का परिमाण परीक्षाओं को रद्द कर के दिया जा रहा है। वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि आजसू के द्वारा किए गए आंदोलन के पश्चात आंगनबाड़ी पोषाहार वितरण में हुए गड़बड़ी को उजागर किया गया परंतु बिडंबना है कि दोषियों पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई, अगर प्रशासन अभी भी नहीं जागती है तो आजसू पून आंदोलन करने पर मजबूर होगी। मौके पर बिरनी प्रभारी प्रदीप कुमार मंडल, केंद्रीय सदस्य कंचन राय, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजीव बैश्खियार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महुदा मोड़ में लोग ताकते रहे जलेश्वर का काफिला, नही रूका भारत जोड़ो न्याय यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ में भारतिय राष्टीय काँग्रेस पार्टी की ओर से पुर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी के नेतृत्व मे भारत जोड़ो न्याय यात्रा महुदा पहुँचा, जिसे एक झलक देखने के लिए लोग काफी उत्साहित थे । लेकिन प्रदेश काँग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पुर्व मंत्री जलेश्वर महतो के नाकामी व्यवस्था के चलते लोग निराश हुए द्व वहीं महुदा मोड़ चौक पर स्थित स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के अदमकद प्रतीमा को माल्यार्पण के लिए सजाया गया था, जहाँ राहुल गांधी ने माल्यार्पण नही किया। जहां सेंकडों महिला पुरूष बेसब्री से राहुल गाँधी को एक झलक देखने के लिए आतुर थे, वहाँ भी काफिला नही रूका, न ही राहुल ने अभिवादन किया द्व साथ ही ऑगनबाड़ी सेविका संघ का प्रतिनिधी मण्डल स्मार पत्र देने के लिए खड़ी का खड़ी रह गई ।

# हर घर शिक्षा की लौ जलाना जरुरी : मुफ्ती शहरयार

### वासेपुर में इकरा कॉन्फ्रेंस व जश्न ए दस्तारबंदी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** वासेपुर शमशेर नगर स्थित मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया द्वारा इकरा कॉन्फ्रेंस व जश्न ए दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। कांफ्रेंस की सदारत मदरसा के प्रिन्सिपल मुफ्ती रिजवान अहमद रजवी और निजामत कारी इमरान रजा जियाइ ने की। जिसमें हजारों अकीदतमंद लोग शामिल हुए। जलसा में मुख्य वक्ता के रूप में बिहार पूर्णिया के मुफ्ती डॉ शहारयार रजा खान ने समाज में फैले भ्रष्टाचार बुराई और अपराध के हवाले से कहा कि इन बुराइयों से बचने का एक ही रास्ता है। हर घर शिक्षा की लौ जलाना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही लोगों में जागरूकता आएगी और वे समाज के विकास में योगदान दे पाएंगे। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। जलसा में अन्य वक्ताओं ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मशहूर शायर कारी मो अली फैजी ने नात शरीफ के अशआर सुनाकर लोगों का दिल मोह लिया।जलसा के अंत में लोगों ने शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। साथ ही 15 बच्चों का दस्तार बंदी किया गया, यानी पुरा कुरान याद करने पर उन्हें सम्मनित किया गया। संचालन कोलकता से आए मौलाना काफिल अंबर अशरफी ने की। मौके पर कारी जुनैद जामी, कारी इमरान रजा, मौलाना कमाल समेत धनबाद के तमाम ओलमा ए किराम शामिल हुए। मदरसा के सरपरस्त हाजी खुर्शीद खान, महासचिव अलाउद्दीन, हसन इमाम खान, फुलजाद खान, पारो खान, मुन्नन खान, मदरसा कमेटी और नौजवान मिल्लत कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद थे, अखिर मे देश में अमन शांति की दुआ मांगी गई।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बीसीसीएल ज़ोन पदाधिकारियों का मिलन समारोह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** रविवार को पुटकी श्रमिक क्लब में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बीसीसीएल ज़ोन के पदाधिकारियों का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गिरधारी महतो व संचालन नरेश महतो ने किया। बैठक में सभी एरिया के गठित कमेटी को अपने-अपने एरिया में मजदूरों एवं किसानों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र अभिलंब देने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बीसीसीएल क्षेत्र में मजदूरों की समस्याओं के निदान को लेकर अखिल झारखंड कोयला मजदूर श्रमिक संघ 24 घंटो खड़ी रहेगी। साथ ही उन्होंने बीसीसीएल क्षेत्र विस्थापित रैयतों की समस्या का समाधान करने के लिए ट्रिब्यूनल की गठन की मांग को तेज करने के लिए बीसीसीएल एरिया में आंदोलन करने की बात कही। साथ ही गठित सभी एरिया के सभी गठित कमेटियों को मांग पत्र देने की बात कही और प्रबंधन द्वारा उसे पूरा नहीं करने पर जोरदार आंदोलन करने पर जोर दिया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी, सतीश सिंहा, सुशील कुमार चटर्जी, नरेश महतो, मनोज महतो, सुभाष रवानी, सियाराम महतो, राहुल महतो, प्रकाश महतो, अर्जुन महतो, राकेश सिंह, रामभगत तांती, चंद्रशेखर महतो, शैलेश महतो, नौशाद, तबरेज अंसारी ,संजय सिंह, अशोक महतो, मोहम्मद सलीम समेत अन्य मौजूद थे।

## मासस जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** मार्क्सवादी समन्वय समिति जिला कमेटी की एक बैठक मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने किया एवं संचालन दिलीप महतो ने की। बैठक में मुख्य अतिथि मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो एवं विशिष्ट अतिथि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मासस धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि आज देश की राजनीति में भारी परिवर्तन के लक्षण देखे जा रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी सामाजिक और परिवारिक संबंध दिन-ब-दिन टूटते जा रहे हैं। जनता त्राहिमाम है। वह भाजपा की जन विरोधी अर्थनीति से पूरी तरह से त्रस्त है। मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र के पिछले सांसद लंबे समय से सिर्फ जनता को गुमराह करते रहे हैं। अगर धनबाद संसदीय क्षेत्र की जनता ने मुझे अपनी सहमति प्रदान की तो, मैं आने वाले संसदीय राजनीति में यहां की आवाज बनुंगा। बैठक में मुख्य रूप से मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, दिल मोहम्मद, सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, सचिव विजय पासवान, टूटन मुखर्जी, मुमताज अंसारी, नरेश पासवान, मोहम्मद अख्तर, राणा चटराज, संतोष रवानी, हीरालाल महतो, मुक्तेश्वर महतो, हेमलता देवी, ललिता देवी, राकेश सिंह, आरिफ अंसारी, सारथी मंडल, मनीष यादव, राकेश सिंह, अरविंद तिवारी, अजय महतो, सुरेश पासवान, मोहम्मद औरंगजेब, विश्वजीत राय, राजेश बिरुआ, भोला ताम्रकार, वेद प्रकाश सिंह, टुन्नू गुप्ता आदि उपस्थित थे ।

# गोद लिए गए रनियांटांड़ गांव का भी नहीं हुआ विकास : राजेश यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेंगाबाद :** कई वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा गोद लिए गए बेंगाबाद के रनियांटांड़ गांव का आज तक विकास नहीं हुआ, तो दूसरे गांवों में विकास की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उक्त बातें भाकपा माले नेता सह सिदो कान्हू जन संघर्ष मंच के संरक्षक राजेश यादव ने आज रनियांटांड़ में आयोजित ग्रामीणों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक का आयोजन पार्टी के जिला सम्मेलन की तैयारी क्रम में गांव में ब्रांच पुनर्गठन को लेकर किया गया था। बैठक की अगुवाई रामलाल मुर्मू, डालो दास, राजू दास तथा महेश वर्मा ने की। यादव ने कहा कि, आज तक गरीबों को जाति-कौम-मजहब में बांटकर उनका वोट हथियाने वाले लोग जनता का भला कभी नहीं कर सकते। यहां तक कि, प्रशासन भी नहीं क्योंकि वह सरकार की ही आधी-अधूरी नीतियों को लागू करता है।कहा कि, देश में अभूतपूर्व मंहगाई और बेरोजगारी थोपने वाली मोदी सरकार से लोग ऊब चुके हैं, फिर भी सरकार द्वारा जनता को बरगलाने की कोशिश जारी है। आम जनता को इस साजिश से बचने की जरूरत है। गरीबों के खिलाफ साजिश के कारण ही आज तक रनियांटांड़ जैसे गांव विकास के नाम पर ठगे गए हैं।उन्होंने लोगों से आगामी 17-18 जनवरी को जमुआ में होने वाले पार्टी के दो दिवसीय जिला सम्मेलन को सफल करने की अपील की तथा रनियांटांड़ में पार्टी ब्रांच पुनर्गठन के क्रम में दर्जन भर से अधिक जुड़े नए सदस्यों को सदस्यता की शपथ भी दिलवाई।पार्टी में जुड़ने वालों में मुख्य रूप से मुन्नी लाल दास, विजय दास, मेघू दास, किशोरी दास, डालो दास, जगलाल दास, टुपलाल दास, राजू दास, रोहित दास, कलावती देवी, लीलावती देवी, मंजू देवी, पार्वती देवी, गौरी देवी, केसिया देवी, मीना देवी, रूदिया देवी, दीपक दास, हिरदू दास, राजेंद्र दास आदि थे जबकि इस दौरान कई अन्य मौजूद थे।

## सिमराढाब तालाब में अनियमितता की जांच को पहुंचे जेई कामेश्वर सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिमराढाब में तालाब निर्माण में अनियमितता की जांच रविवार को जेई कामेश्वर सिंह के द्वारा जाँच किया गया जिसमें भारी अनिमितता देखी गई । इस बीच उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत सत्य पाई गई, निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती गई है। आपको बता दें कि जांच में आये जेई ने ग्रामीणों की मौजदगी में गाडवाल में लगाये गए पत्थर को हाथ से हटाया तो अन्य सभी पत्थर झरझरा कर गिर गया । जिसके बाद जेई ने संवेदक को फटकार लगाते हुए कहा कि किए गए कामों में काफी अनियमितता है जिसे किसी भी शर्त पर बर्दाश्त नही किया जाएगा। जेई ने ग्रामीणों की मौजुदगी में संवेदक को हिदायत देते हुए कहा लगाए गए सभी पत्थर को तोड़कर दुबारा इस्टीमीट के अनुरूप काम करे अन्यथा वह बिल पर हस्ताक्षर नही करेंगे। वर्ष 2009 में इस तालाब का निर्माण कराया गया था जो भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया था अलबत्ता उसी वर्ष बारिश में यह तालाब बह गया था, तब स्थानीय लोगों ने विधायक विनोद सिंह को मामले से अवगत कराया और खरी खोटी सुनाया था। पुनः इस योजना का शिलान्यास 12 दिसम्बर 23 को विधायक विनोद कुमार सिंह के द्वारा किया गया । तालाब का शिलान्यास होने से ग्रामीण काफी खुश हुए लोगों को उम्मीद जगी की अब पुनः तालाब बनेगा जिससे सिंचाई करने में काफी मदद होगी परन्तु तालाब पुनः भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगा । अनियमितता देख ग्रामीणों की खुशी निराशाजनक साबित होने लगा लोगों की उम्मीदों में पानी फेर दिया । बता दें कि इस तालाब के निर्माण होने से सिमराढाब,बरवाचातर के 500 ग्रामीणों को सिचाई में काफी मदद मिलती जिससे 10 एकड़ की जमीन में सिचाई की जाती लेकिन अनियमितता देखकर ग्रामीणों में हताश महसूस होने लगी है ।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान लिया वनभोज का आनन्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत नन्दगाँव फार्म पिकनिक स्थल में किस्को प्रखण्ड क्षेत्र स्थित राज्यकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेठहठ के विद्यार्थियों को प्रधानध्यापक लाल अरविन्द नाथ शाहदेव के नेतृत्व में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दौरान वनभोज के लिये सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के नन्दगाँव फार्म में भ्रमण कराया गया। वही शैक्षणिक भ्रमण व वनभोज कार्यक्रम में कक्षा 6, 7 और 8 वीं कक्षा के छात्र छात्राएँ शिक्षकों के साथ उपस्थित हुए। वही शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को भौगोलिक जानकारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण,जीव जंतु सहित एवं अन्य विषयों पर जानकारी दिया गया। वही प्रधानध्यापक लाल अरविन्द नाथ शाहदेव ने कहा कि रविवार को विद्यालय में अवकाश रहने के कारण बच्चों के अभिभावक का अनुमति से शैक्षिणक भ्रमण के तहत वनभोज के लिये लाया गया है।

# लोहरदगा में पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी की गोली मारकर हत्या, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम





प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** घटना कुडू थाना क्षेत्र के कुडू बाजार बिजली ऑफिस के पास की है, जहां अज्ञात अपराधियों ने कुडू पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी उर्फ मंगलू की गोली मारकर हत्या कर दी। संतोष को चार गोली मारी गई है। संतोष कुडू पंचायत की पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी के पति भी हैं। घटना की सूचना मिलने के साथ ही कुडू थाना पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जाता है कि संतोष मांझी ने चुंगी वसूली को लेकर कुडू बाजार का डाक लिया हुआ है। इसी को लेकर वह प्रत्येक दिन की तरह अपने घर से कुछ मीटर दूर रांची-लोहरदगा मुख्य पथ में कुडू बिजली आफिस गेट के समीप चुंगी वसूली के लिए बैठे हुए थे। तभी कुडू बाजार के अंदर से दो अपराधी पैदल आए और उन्होंने संतोष के सीने में तीन गोली और एक गोली सिर में मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से फरार हो गए। इस घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने संतोष को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर संतोष को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद स्वजनो ने संतोष को लेकर रांची जा रहे थे। इस दौरान मांडर में स्थित अस्पताल में भी चिकित्सकों ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। इधर कुडू में संतोष को गोली मारने की सूचना मिलते ही आक्रोशित लोगों ने कुडू मुख्यालय में कई स्थानों पर सड़क जाम कर दिया गया जिसमे सैकड़ों वाहन जाम में फंसे गए इस दौरान पुलिस और अधिकारियों द्वारा लोगों को समझाने का प्रयास किया,वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी उनकी फुटेज आई है जिसको लेकर पुलिस लगातार फुटेज खगाल रही है,वहीं प्रशासन ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही अपराधी कानून के शिकंजे में होंगे। वही यह घटना किस कारण से हुई है इसकी पुष्टि अभी तक नहीं की गई है।

# सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का किया आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 86 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं वीर शहीद जवान अमर रहे का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की मानव सेवा ही नारायण सेवा है जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है। डॉ कुमुद ने कहा की समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से बिमारी का जानकारी मिल सकता है जिससे की समय पर इलाज हो सके। सहसचिव संजय चौधरी एंव शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दुर दुर से लोग यहाँ आ कर अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं। और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, दुर्गा प्रसाद सोनी, अतुल सर्राफ, मुकेश महतो, सत्यम सर्राफ, गोपाल महतो, मोतीलाल अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, अशोक अग्रवाल, सुबोध महतो, सोनिया पोद्दार, डोमन चंद्र कर्मकार, कृष्ण प्रसाद, राजू अग्रवाल, सोनी देवी, प्रदीप खत्री, प्रभु दयाल साहू, शशि प्रताप तिवारी, विकास अग्रवाल, रुपेश चौधरी, उदय कास्यंकार, प्रदीप तमेड़ा, सुनील अग्रवाल, रामचंद्र गिरी, आस्था कुमारी आदि थे।

**केरत व नातिया मुकाबले में मदरसा बाबा दुखन शाह पहला व द्वितीय, हिरही को मिला तीसरा स्थान**

# खुद तो बेहतर से बेहतर इल्म हासिल कीजिए, कौम और मासरे को हमेशा इल्म से जोड़े रखें : अफसर कुरैशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) के 99 वीं सालाना उर्स के मौके पर रविवार को जामा मस्जिद में नातिया व केरत का इनामी मुकाबला आयोजित हुआ। इस इनामी मुकाबला कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी व संचालन मौलवी अबुल कलाम तैगी ने की। आयोजित नातिया व केरत का इनामी मुकाबले में विभिन्न मदरसों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। केरत व नातिया मुकाबले में मदरसा बाबा दुखन शाह को पहला व द्वितीय और हिरही को तीसरा स्थान मिला। केरत व नातिया मुकाबले में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सदर हाजी मो.अफसर कुरैशी और नाजिम हाफिज शफिकुर्रहमन, हाफिज व कारी मो.रेहान रजा अशरफी, हाफिज शाहिद फिदाई और ज्वाइंट सेक्रेटरी हसनैन अली के जरिए इनाम और सौगात दिए गए। इस अवसर पर सदर हाजी मो.अफसर कुरैशी ने सभी प्रतिभागियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि खुद तो बेहतर से बेहतर इल्म हासिल कीजिए ही, अपने कौम और मासरे को हमेशा इल्म से जोड़े रखें। यही वक्त की मांग है। मौके पर मो.हस्सल रजा, मो.तालीम रजा, मो.तनवीर आलम, मो.हसन रजा अशरफी, मो. मोइनुद्दीन, मदरसा के नाजिम हाफिज शफिकुर्रहमन, हाफिज व कारी मो.रेहान रजा अशरफी, हाफिज शाहिद फिदाई आदि मौजूद थे।

# प्रतिभा कभी नही छुपती बस उसे सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है : कुमार अभिषेक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू के नगर प्रधान सचिव कुमार अभिषेक उर्फ सूर्या सिन्हा ने नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 राजा बंगला में बॉलीबॉल और नेट का वितरण किया और कहा की युवा साथी मन लगा के खेले और खेल के छेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारे प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं। आज नहीं तो कल निखर के आएगी। आजसू पार्टी हमेशा युवाओ के साथ खड़ी है, खेल सामाग्री वितरण में सूर्या सिन्हा के साथ नगर उपाध्यक्ष आयुश गोयल, प्रदीप नायक, सौरव समीर, सन्नी अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव और काफी संख्या में खिलाड़ी बंधु उपस्तिथ थे।

# 9 फरवरी को सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा के साथ शुरु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** पुराना शुकबाजार अजय पार्क के पास श्री सिध्दीविनायक हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हो जाएगा इस निमित्त शुक्रवार संध्या को भगवान हनुमान त भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा जो राजस्थान के कारीगरों द्वारा मकराना पत्थर से निर्मित देवताओं का आगमन लोहरदगा हुआ। ब्लाक मोड से श्री सिह्दीविनायक हनुमान मंदिर के पदाधिकारी व शहर के शनातनी लोगों ने स्वागत व शोभायात्रा निकलते हुए मंदिर प्रांगण लाया गया। शोभायात्रा में मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज कुमार प्रजापति सचिव प्रदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल महेन्द्र प्रजापति गोलू प्रजापति प्रदीप प्रजापति प्रमोद कुमार गुडू गुप्ता मोहन कुमार अजय प्रसाद राहुल कुमार आदि शामिल थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सरोज प्रजापति सचिव प्रदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल आदि ने बताया कि तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा। आगामी 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा व भंडारा 10 फरवरी को वेदी स्थापना एंव देवी देवताओं का पूजन यज्ञ हवन भंडारा साथ ही शोभायात्रा 11 फरवरी को आवाहित देवी देवताओं का पूजन एंव अचल प्राण प्रतिष्ठा श्रंगार पूजन हवन पूर्णाहुति आरती प्रसाद वितरण तथा 13 फरवरी को संध्या 7 बजे से भव्य जागरण कार्यक्रम होगा। सभी सनातन लोगों से आग्रह किया गया है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य के भागी।

# सजिबुल अंसारी ने इकरा फाउंडेशन एजुकेशन हब का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड मुख्यालय स्थित भंडरा थाना के नजदीक रविवार को इकरा फाउंडेशन एजुकेशन हब का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर इकरा फाउंडेशन के निर्देशक सजीबुल अंसारी ने बताया कि ग्रामीण इलाकों के बच्चो को सही मार्गदर्शन देना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हमारे यहां नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा आठवीं, नवमी दसवीं एवं 12 वीं की तैयारी कराई जाएगी साथ ही प्रतियोगिता परीक्षा जेएसएससी, रेलवे, आर्मी अग्निवीर एवं ग्रुप डी अन्तर्गत वैकेंसी की तैयारी आसान किस्तों पर कराई जाएगी इसके अलावा जो विद्यार्थी पढ़ाई के लिए इच्छुक है वह वह फीस देने में असक्षम है वैसे विद्यार्थी निसंकोच आकर पढ़ाई कर सकते हैं हमारी संस्था का उद्देश्यों में से यह भी है की शिक्षा से कोई भी वंचित नहीं रहे।

# सत्यसंग के माध्यम से मानव अपने कर्तव्य का करें निर्वाह्न : संत पंकज महाराज जी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** जयगुरुदेव संगत रांची झारखंड के तत्वधान में सेन्हा की धरती में मानव दिन चरिया बदलाव को लेकर सत्संग का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम जय गुरुदेव आश्रम मथुरा के द्वारा बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी पूज्य पंकज महाराज जी ने मानव कल्याण व सुधार को लेकर कई रूप में कार्य किए और लोगो को सत्य के मार्ग पर चलने को प्रेरित कर रहें है। इसी निमित प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सत्संग का आयोजन किया गया। विदित हो कि जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था का मुख्यालय मथुरा से संस्थाध्यक्ष संत पंकज जी महाराज के सानिध्य में जगह जगह पर कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम 82 दिवसीय शाकाहार सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के चालीसवें पड़ाव सेन्हा की धरती में हुआ और सत्संग का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से मनुष्य के कर्तव्य और उनके मानवता पर प्रकाश डालते हुए जनहित में संदेश देने का कार्य किया गया। कार्यक्रम को विस्तार करने के पूर्व दोहा के साथ आरम्भ हुआ जिसमें कहा गया कि मोको कहाँ ढूंढे बंदे मैं तो तेरे पास में न तीर्थ में ना मूर्त में मैं तो हूँ विश्वास में दोहा के साथ मानव सुधार कार्य को लेकर अपने सीधे सरल शब्दों में सत्संग वाणियों से बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी संत पंकज महाराज जी ने उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए उपस्थित ग्रामीणों के बीच विस्तार करते हुए कहा कि करोड़ो मनुष्य को बाबा जयगुरुदेव ने कर्तव्य निर्वाह्न के प्रति जगरुक करते हुए उन्हें अपराध, बुराइयों से मुक्त कर भागवत भजन से जोड़ने का कार्य किया और शाकाहार, सदाचार मद्यनिषेध का प्रबल प्रचार किया है साथ ही उन्होंने मानव कर्म, मानव धर्म, प्रेम, दया, अहिंसा, मानव सेवा चरित्र उत्थान अच्छे समाज का निर्माण इत्यादि बिंदुओं पर संदेश देते हुए देश विदेश में बाबा जयगुरुदेव के मार्ग पर चलने का अपील उत्तराधिकारी पूज्य पंकज जी महाराज द्वारा किया गया। तथा लोगो को सही मार्ग पर चलने का प्रेरणा दिया गया। जिसका परिणाम आज देश के कोने कोने में देखने को मिल रहा है। इसके अलावे जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के माध्यम से निःशुल्क सेवा भावना से संस्था का विस्तार किया जा रहा है।

# लालकृष्ण आडवाणी के सम्मान से संपूर्ण देश के राष्ट्रवादी गौरवान्वित हुए हैं : ओम प्रकाश सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा भारतीय राजनीति के पुरोद्धा युग पुरुष श्री लाल कृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिए जाने की घोषणा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि यह सम्मान से संपूर्ण देश के राष्ट्रवादी गौरवान्वित हुए हैं। श्री आडवाणी इसके सही हकदार थे उन्होंने देश की राजनीति की दशा दिशा को बदल दिया था। श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने को गौरवशाली क्षण बताते हुए उन्हें बधाई के साथ उनके दीर्घायु एवं स्वास्थ जीवन की कामना करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, बाल कृष्णा प्रसाद, राजकुमार वर्मा, श्रीचंद्र प्रजापति, राजमोहन राम, दीपक सर्राफ, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, संजय बर्मन, अजय पंकज, अजय कुमार मित्तल, परमेश्वर भगत, सरोज प्रजापति, देवाशीष कार, अनिल पांडे, दिलीप पटनायक, दिलीप तिर्की, मिथुन तमेड़ा, शशि भूषण सिंह, अनूप राय, अतुल कुमार आदि शामिल हैं।

# नार्थ वेस्ट चर्च बेन्दोजोर में पवित्र गिरजा संस्कार का हुआ आयोजन, पूर्व मंत्री हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा के नॉर्थ वेस्ट चर्च बेन्दोजोर में रविवार को पवित्र गिरजा संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो मुख्य रूप से मौजूद रहे। मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि आज बहुत ही पवित्र दिन है जहां पर हम सभी एक साथ इकट्ठा होकर परमेश्वर की आराधना कर रहे हैं ।गिरजा ईश्वर का घर है, यहां लोग एकत्रित हो कर ईश्वर से अराधना करते हैं, चूंकि एकत्रित हो कर अराधना करने से अलग प्रकार की अनुभूति और संतुष्टि प्राप्त होती है। हमें अपने समाज में फैली बुराइयों को दूर करते हुए ईश्वर के बताए मार्ग पर चलकर लोगों की सेवा करनी है ताकि समाज का भला हो सके मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आज हम एक जगह इकठ्ठाओं का परमेश्वर की प्रार्थना कर रहे हैं यह अपने आप में बहुत ही बड़ी बात है। इस गिरजाघर का संस्कार कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम अपने प्रार्थना और अपने विश्वास के बदौलत परमेश्वर की प्राप्ति कर सकते हैं इसके लिए सभी लोग अंधविश्वास समाज में फैली कुर्ती आदि चीजों को दूर करें। आज कलीसिया समुदाय में नशापन अंधविश्वास की वजह से हमारा समाज अभी भी पिछड़ा हुआ है ऐसे में युवा वर्ग को आगे आकर समाज उत्थान में सहयोग करना होगा। इस मौके पर कई अन्य वक्ताओं के द्वारा भी पवित्र गिरजा संस्कार कार्यक्रम में संबोधित किया।

# झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष ने छुरिया जलकीटोली में ग्रामीणों से बैठक कर सुनी समस्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के छुरिया जलकीटोली के झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एकता के द्वारा रविवार को ग्रामीणों की समस्या सुनने के लिए गांव पहुंचे। गांव पहुंचने के साथी ग्रामीणों ने भव्य तरीके से उनका स्वागत किया जिसके बाद गांव में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आज भी पीने की पानी, सड़क, बिजली अनियमितता एवं बिजली बिल न मिलने की समस्या , आवास राशन कार्ड सहित सभी प्रकार की समस्याओं को बारी-बारी से रखा। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा आप सभी की एक छोटी सी गलती की वजह से समस्याओं का अंबार लग गया है जिसे सुनने वाला कोई नहीं है। आज अगर आप योग्य प्रतिनिधि का क्षेत्र में चुनाव किए होते तो आज परेशानियों का दंश नहीं झेलना पड़ता। इसीलिए आप सभी संगठित होकर झारखंड पार्टी का हाथ को मजबूत करें और आने वाले चुनाव में झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि इस क्षेत्र में जो पूर्व में विकास की गंगा वहीं थी उसी प्रकार एक बार फिर से क्षेत्र का चौमुखी विकास हो सके। मौके पर झारखंड पार्टी महासचिव बाबूराम लकड़ा रवि बड़ाइक, आशीष सिंह चिराग बाड़ा, परवीन सोरेंग, प्रभात सोरेंग, भूषण किंडो भीनसेट किंडो, रसाल खलखो सहित गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

# संगठन विस्तार के साथ-साथ सामाजिक दायित्व को भी निभाएंगे कार्यकर्ता : नीरू शांति भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड में आजसू पार्टी किस्को प्रखंड की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा किसान की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी की लोहरदगा जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत उपस्थित हुई। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई और संगठन के विस्तार के लिए किस्को प्रखंड के सभी पंचायतो में पांच-पांच पंचायत प्रभारी का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि संगठन के विस्तार के साथ साथ कार्यकर्ता सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन करेंगे और समाज के निचले पायदान पर बैठे हुए एक-एक व्यक्ति की समस्या को लेकर आगे बढ़ेंगे और जनता के सुख-दुख में हम उनके साथी बने यही हम लोगों का प्रयास होना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव अंजू देवी केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, परमेश्वर भगत, प्रखंड सचिव अनिल साहू, आजसू पार्टी ओबीसी मोर्चा के सचिव कुलेश्वर साहू, झारखंड आंदोलनकारी एवं वरिष्ठ नेता रँथु ऊँराव, महिला नेत्री मुनिया उरांव, अनिल उरांव, कमला देवी, पिंकी देवी, राजेश महली, हरि महली, सुमित्रा देवी, रमेश लोहरा, शिवानंद पंडित, बानो ऊँराव, संतोष उरांव, फुलदेव नगेसिया, शिवनन्द प्रजापति, कार्तिक उरांव, रूपलाल उरांव, ओम प्रकाश यादव, वीर कुंवर सिंह, बंसी उरांव, रवि उराव, सुनील मुंडा, शिवचरण सिंह, ललित गंझू, वीरेंद्र नगेसिया, सुरेश नगेसिया, संदीप भगत, धनंजय साहू, चमेली देवी के अलावा सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

**राहुल गांधी की न्याय यात्रा होगी बेहद खास, झारखंड के बाहर से हो रही है कार्यक्रम की मॉनिटरिंग**

# कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए विधायक भूषण बाड़ा ने झोंकी ताकत, सिमडेगा विस में तैयारी का मोर्चा संभाले हुए है विधायक की धर्मपत्नी जोसिमा खाखा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** न्याय का हक मिलने तक के उद्घोष के साथ राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6 फरवरी को सिमडेगा पहुंचेगी। जो मुख्य पथ से गुजरते हुए ठेठईटांगर, बांसजोर के रास्ते ओड़िशा की ओर प्रस्थान करेगी। राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर न सिर्फ जिले के कांग्रेस परिवार में उत्साह है। बल्कि ग्रामीणों में भी न्याय यात्रा में शामिल होने का जज्बा हिलोरें मार रही है। आम जनता न्याय यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल होकर कदम से कदम मिलाने के लिए खुद को तैयार करने में जुट गए हैं। अब न्याय यात्रा की चर्चाएं भी तेज हो गई है। अनुमान है कि राहुल गांधी के इस न्याय यात्रा में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ेगी। इस भीड़ में आदिवासियों की संख्या सबसे अधिक होंगी। इधर भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता पूरे जोर शोर से तैयारी में जुटे हैं। राहुल गांधी का न्याय यात्रा जिले में कितना खास होगा इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार्यक्रम के तैयारी की मोनिटरिंग झारखंड के बहार से हो रही है। क्योंकि इस वक्त युवा विधायक भूषण बाड़ा सत्तारूढ़ दल के सभी विधायको के साथ झारखंड से बहार है। भले ही वे इस वक्त क्षेत्र में नहीं है पर उनका मन न्याय यात्रा में ही लगा हुआ है। विधायक भूषण बाड़ा क्षेत्र में न रहते हुए भी कार्यक्रम को बेहद खास बनाने के फिराक में हैं। यही कारण है कि वे कार्यक्रम के तैयारी का पल पल की रिपोर्ट फोन और व्हाट्सएप के जरिये ले रहे हैं। साथ ही हर कमी को दूर करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दे रहे हैं। हालांकि पाकरटांड़ जिप सदस्य सह विधायक भूषण बाड़ा की धर्मपत्नी जोसिमा खाखा विधायक की कमी को दूर करने की कोशिश करते हुए पूरा मोर्चा संभाल रखी है। जोसिमा खाखा भी राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम को लेकर सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र का पूरा दारोमदार अपने कंधे पर ले रखी है। उनका साथ उनके कर्मठ और जोशीले कार्यकर्ताओं का भी मिल रहा है। जोसिमा खाखा रोजाना सुबह से रात तक एक एक कार्यकर्ता एवं आम लोगों से संपर्क कर न्याय यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दे रही है। उन्होंने क्षेत्र भ्रमण भी तेज कर दिया है। जनता के हक और अधिकार के लिए, गरीब-आदिवासियों के न्याय के लिए और देश से नफरत की राजनीति को मिटाने के लिए राहुल गांधी द्वारा निकाले गए इस न्याय यात्रा में लोगों को बढ़ चढ़ कर शामिल होने की अपील कर रहीं हैं। *इसलिए भी बेहद खास होगा राहुल गांधी की न्याय यात्रा* विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि जिले में खासकर सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में राहुल गांधी के न्याय यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। सिमडेगा विस क्षेत्र में न्याय यात्रा के प्रवेश करते ही ढांक, नगाड़ा और शहनाई की गूंज के साथ कलशा टीम एवं चांवर पाइका नृत्य टीम द्वारा पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया जाएगा। राहुल गांधी के स्वागत में इंट्री पॉइंट से लेकर एक्सिस्ट पॉइंट तक तोरण द्वार बनाया जा रहा है। वहीं पूरे एनएच को पोस्टर, बैनर एवं झंडे से पाटने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इधर जोसिमा ने बताया कि न्याय यात्रा कार्यक्रम को लेकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि सिमडेगा विधानसभा में कुल पांच प्रचार वाहन घूम रही हैं। जो हर प्रखंडों में जाकर लोगों को न्याय यात्रा की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रण दे रही है। उन्होंने जिले के सभी लोगों से न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## चलते चलते एक नजर

## पंच कुण्डीय महायज्ञ में गायत्री परिवार का महत्व बताया गया



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: विशुनपुरा कोचेया गांव के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में प्रखंड इकाई विशुनपुरा के द्वारा पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर श्रद्धालुओं ने हवन में वैदिक मन्त्रोंचार, विश्व कल्याण की भावना के साथ यज्ञ देव को आहुतियां समर्पित की। पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री परिवार के महिला जिला समन्वयक शोभा पाठक के द्वारा नवयुवक और युवतियों को ऋषि परंपरा अपनाने और गायत्री मंत्र का महत्व के बारे में बताया गया। भारतीय परंपरा के अनुसार 16 संस्कारों के बारे में बताया गया जिसमें नामकरण, अन्नप्रासन, विद्यारंभ, यज्ञोपवित विवाह दिवस आदि संस्कारों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाये गये युग निर्माण अभियान के तहत निरंतर लोगों में आत्मकल्याण, परोपकार, समाज सेवा, नशा उन्मूलन, नारी जागरण, स्वालंबन, स्वाध्याय, स्वास्थ्य और योग का घर-घर अलख जगाने का प्रयास किया जा रहा है। गायत्री परिवार का उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण का संकल्प और प्रयास करना है। इस दौरान गायत्री परिवार का गुरु दीक्षा अजित कुमार गुप्ता, किरण देवी, त्रिदीप कुमार चन्द्रवंशी, लव कुमार गुप्ता, बिकी कुमार गुप्ता को दिलाया गया। वही यशवी कुमारी का नामकरण संस्कार किया गया।

## फ्री मेडिकल कैंप में सैकड़ों मरीजों की हुई जाँच

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जदीद भारत व इदरीसिया मरकजी (84) पंचायत के सौजन्य व सैम्फोर्ड हॉस्पिटल के सहयोग से 4 फरवरी रविवार को इदरीसिया मैरिज हॉल हिन्दपीढ़ी में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया । कैंप में सैम्फोर्ड हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने लगभग 130 मरीजों की जांच की चिकित्सीय परामर्श दिए गए। सुबह 10:30 से 2:00 बजे तक संचालित फ्री मेडिकल कैंप में सर्वाधिक मरीज आँखों के और मौसमी बुखार व सर्दी आदि के मरीज रहें । कैंप में मरीजों का समफोर्ड हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क दवाएं दी गईं! कैंप में शुगर व बीपी के जांच निःशुल्क किये गएं । मौके पर डॉ उत्पला चक्रवर्ती, डॉ स्नेहा गुप्ता, डॉ मोहित नारायण, डॉ रोहित कुमार रूंगटा ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। इस मौके पर मो इस्लाम, अनुज कुमार, शाहबाज आलम, हितेश कुमार, सैयद मोहम्मद आसिफ जावेद अख्तर व मजीद आलम ने अग्रणी भूमिका निभा।

### झामुमो स्थापना दिवस पर धनबाद पहुंचे मुख्यमंत्री

# विपक्ष की साजिशों को सफल नहीं होने देंगे : चंपई सोरेन

**जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के लगे नारे**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का स्थापना दिवस बड़े धूम-धाम से मनाया गया। झामुमो स्थापना दिवस पर पहली बार शिबू सोरेन परिवार का कोई भी सदस्य नहीं पहुंचा।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और वहां मौजूद झामुमो कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को संबोधित किया। सीएम चंपई सोरेन ने समस्त झारखंड वासियों को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में विकास योजनाओं को तेज गति मिली थी। राज्य के आदिवासी एवं मूलवासियो की जरूरतों और जनता से किए गए वादों को सरजमीन पर उतारने के लिए पूर्व सीएम ने कई योजनाएं शुरू की और इसमें सफलता भी मिली, लेकिन विपक्ष सत्ता पक्ष को बेवजह परेशान करता रहा है। चंपई सोरेन ने कहा कि कुछ हद तक विपक्ष को इसमें सफलता भी मिली, लेकिन हेमंत सोरेन ने ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर पूरे प्रदेश में विकास का जो खांका खींचा और राज्य को ऊपर उठाने का काम किया। इससे विपक्ष हताश हो गया है।

इसी हताशा में हेमंत सोरेन पर झूठा आरोप लगाकर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया, लेकिन गठबंधन की सरकार में शामिल सभी विधायक एकजुट हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि विपक्ष के साजिशों को कभी सफल होने नहीं दिया जाएगा।

पांच फरवरी को हम बहुमत साबित करने में जरूर सफल होंगे। वहीं कार्यक्रम के दौरान जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के लगे नारे।

**धनबाद जिले के अधिकारियों ने किया सीएम चंपाई सोरेन का स्वागतः** गोल्फ ग्राउंड में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले धनबाद जिले के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का बारी-बारी से स्वागत किया।

**चंपाई सोरेन को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनरः** अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट करके सीएम का अभिनंदन किया। बरवाअड्डा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इसके बाद सीएम गोल्फ ग्राउंड के लिए रवाना हो गए।

**कार्यक्रम स्थल पर झामुमो कार्यकर्ता और समर्थको की उमड़ी भीड़ः** गोल्फ ग्राउंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस के लिए विशाल पंडाल बनाया गया था। इसमें भारी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता और समर्थक राज्य के अलग-अलग जिलों से वहां पहुंचे थे।

**झामुमो स्थापना दिवस में शामिल हुईं महिलाएं भीः** झामुमो स्थापना दिवस समारोह में काफी संख्या में महिलाएं भी आईं थी। कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं थीं। टेंट की लगभग सभी कुर्सियां भर गईं थीं।

**पारंपरिक नृत्य के साथ हुआ अतिथियों का भव्य स्वागतः** मुख्यमंत्री के स्वागत की विशेष तैयारी की गई थी। पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के अनुरूप मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

**कार्यक्रम में शिबू सोरेन परिवार का कोई भी सदस्य नहीं था मौजुदः** कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा राज्यसभा सांसद महुआ माजी, राजमहल के सांसद विजय हांसदा शामिल हुए। पहली बार दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनके परिवार का कोई सदस्य झामुमो स्थापना दिवस में शामिल नहीं हुआ।

## डा. माजिद एशिया लिडर अर्वाड 2024 से सम्मानित




**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कैंसर रोग के विख्यात सर्जन डा. माजिद तालिकोटी को ऐशीया टुडे मिडीला द्वारा सिगांपुर में आयोजीत एक कार्यक्रम में वर्ण के सरवासरेस्ट केसर विशेषज्ञ के पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है डा वालिकोटी को यह पुरस्कार उनव स्वास्थ सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ठ सेवाएँ एवं योगदान के लिए दिया गया है डॉ माजिद गत 16 वर्षो से स्वास्थ के क्षेत्र एवं विशेष कर के केसर के क्षेत्र अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, डॉ माजिद ने गत 16 वर्षो मे तकरीबन 16000 प्रमुख कैंसर के रोगीयो के शल्य चिकीत्सा का कार्य किस देश एवं विदेशो मे किया है ऐशिया लिडर अर्वाड 2024 के सम्मान के गरहन करने के पश्चात डा. माजिद ने कहा के ये हर्ष का विषय है इस तरह के पुरस्कार को प्राप्त करके यह प्रेरणा प्राप्त होती है वे नई उर्जा के साथ स्वास्थ क्षेत्र मे राष्ट्र की सेवा की जाए। डॉ माजिद तालिकोटी झारखड़ के बोकरो जिला के मेडिका नट अस्पताल के अध्यछ एवं प्रबंध निदेशक भी है, जो एक मल्टी सुपर स्पेशालिस्ट अस्पताल है, जिसमे एक दल के नीचे सम्पुर्ण सुविधा प्राप्त होगी तथा झारखंड मे यह अपने तरह का पहला अस्पताल होगा, जो अतिशित प्रारम्भ किया जाएगा, इस अस्पताल के प्रारूप होने से झारखंड के निवासीयों को स्वास्थ क्षेत्र मे विशेष लाभ प्राप्त होगा।

## हिंदू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष बने निशांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची महानगर के तत्वावधान में हिंदू जागरण मंच का दो दिवसीय महानगर अभ्यास वर्ग रविवार को पिस्का मोड़ स्थित विशालाक्षी बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय के उपस्थिति में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव ने निशांत चौहान को हिंदू जागरण मंच रांची महानगर का अध्यक्ष बनाया । इस प्रथम अभ्यास वर्ग में 55 कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही और सभी ने बड़े उत्साह से भविष्य में हिंदू समाज और हिंदुत्व के लिए कार्य करने का प्रण लिया। अभ्यास वर्ग में प्रांत से मुख्य रूप से सह संयोजक विक्रम शर्मा, सह संयोजक रत्नेश कुमार, धनंजय , मनोज और अन्य उपस्थित थे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में महाराष्ट्र के सीएम ने रामनाथ कोविंद को लिखा पत्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक साथ चुनाव कराने की अवधारणा का समर्थन करते हुए कहा कि बार-बार चुनाव कराना अर्थव्यवस्था के लिए सही नहीं है और इससे विकास भी बाधित होता है. एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद को लिखे एक पत्र में शिंदे ने कहा कि एक साथ चुनाव कराना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा प्रस्तावित सबसे अहम सुधारों में से एक है.उन्होंने लिखा,हमारा दृढ़ विश्वास है कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव से केंद्रित और सुचारू शासन मिलेगा. देश के किसी न किसी हिस्से में चुनाव चलते रहने के कारण शासन पर ध्यान केंद्रित करना काफी मुश्किल हो जाता है क्योंकि पूरा ध्यान इन चुनावों को जीतने पर केंद्रित हो जाता है.उन्होंने 24 जनवरी को लिखे पत्र में कहा था कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और सभी नेता इन चुनावों में भाग लेते हैं. इससे विभिन्न स्तरों पर प्रशासन वस्तुतः पंगु हो जाता है. शिंदे ने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव ''लोकसभा चुनाव से महज चार महीने पहले हुए जबकि महाराष्ट्र, हरियाणा और कुछ अन्य राज्यों में लोकसभा चुनाव के छह महीने के भीतर चुनाव होंगे. उन्होंने कहा,इतने कम वक्त में इन चुनावों में काफी पैसा खर्च किया जाएगा. हमें लगता है कि एक साथ चुनाव कराने से न केवल निर्वाचन आयोग या सरकार के लिए बल्कि राजनीतिक दलों के लिए भी चुनाव का खर्च काफी हद तक कम हो जाएगा.

# पर्यावरणविद कौशल ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ आम का पौधा देकर किया उत्साहवर्धन

**प्रभत मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत चराई पंचायत के खेल मैदान में वहां के मुखिया रविंद्र राम की अध्यक्षता में चल रहे सी.पी.एल. क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच का खिताब मुरुमदाग की टीम ने अपने नाम कर लिया। फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट के बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल , प्रखंड प्रमुख प्रमिला देवी, समाजसेवी अरविंद कुमार, मुखिया रविंद्र राम ,समाज सेवी सुभाष चंद्र बोस, हटुकदाग पंचायत के मुखिया राजेंद्र सिंह खरवार एवं झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवार ने संयुक्तरूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद श्री कौशल किशोर ने औपचारिक रूप से बल्लेबाजी कर खेल को प्रारंभ करने की हरी झंडी दी। उक्त मैच में कुल 16 टीमें भाग लिया था। जिसमें सिलदाग और मुरुमदाग की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल में सिलदाग ने बैटिंग करते हुए 173 रन का स्कोर खड़ा किया। जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी मुरुमदाग की टीम के खिलाड़ियों ने अंतिम में छक्का जड़ कर 174 रन का लक्ष्य हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। चराई पंचायत के मुखिया रविंद्र राम ने उप-विजेता टीम को ट्रॉफी और चेक देकर सम्मानित किया। वहीं मुख्य अतिथि कौशल किशोर जयसवाल ने विजेता टीम को ट्रॉफी और चेक देकर खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। श्री जायसवाल ने दोनों टीम के कप्तानों को ट्रॉफी के साथ-साथ आम के पौधे भी देकर उन्हें सामाजिक दायित्वों के तहत पर्यावरण धर्म से जुड़कर विश्व में फैली प्रदूषण की जहर को कम करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने यह कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा ही अपने जीवन की सुरक्षा है। इसीलिए वे जीवन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर सभी धर्म समुदाय के लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म से जुड़कर पृथ्वी, प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा करने की न सिर्फ अपील करते हैं बल्कि उन्हें निःशुल्क पौधा देकर उस अभियान में शामिल होने का अनुरोध भी करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति व टूर्नामेंट में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज ऐसे आयोजनों की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुखिया रविंद्र राम , सचिव- रामपुकार साव, सहसचिव- अभिमन्यु ठाकुर, डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडेय, रवि रंजन प्रसाद अमित ठाकुर, सहयोगी- कुश सोनू, मुकेश, अंकित, अनूप, नवनीत, अनिल, प्रिंस, आलोक, ज्ञानी सिंह, विपिन यादव, मदन यादव, मीडिया प्रभारी उपेंद्र सिंह व डी.के सरकार सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित थे।




## तकनीक के उपयोग से न्याय व्यवस्था होगी अधिक सरलः शाह

**नई दिल्ली** :केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने न्यायिक व्यवस्था में तकनीक के उपयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे कार्यप्रणाली अधिक सरल हो जाएगी। दिल्ली में रविवार को सीएलईए-कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएजीएससी-24) के समापन समारोह में शाह ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था के प्रत्येक भाग में तकनीक को शामिल किया जाना बेहद जरूरी है। तीन नए आपराधिक कानूनों के संदर्भ में शाह ने कहा कि इनके क्रियान्वयन के बाद भारत में दुनिया की सर्वाधिक आधुनिक कानून व्यवस्था होगी। गृहमंत्री ने कहा कि न्याय को सुलभ, किफायती और जवाबदेह बनाने में तकनीक की बड़ी भूमिका हो सकती है। नए कानूनों में हमने तकनीक और फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग को बढ़ावा दिया है। सात साल से ऊपर के अपराधों में फोरेंसिक सबूतों को आवश्यक बना दिया है।

# करण जौहर के जुड़वां बच्चों के बर्थडे बैश में स्टार किड्स ने मचाई धूम

**एजेंसी**

**मुंबई** : बॉलीवुड में करण जौहर की पार्टियां हमेशा चर्चा में बनी रही हैं. वहीं एक बार फिर फिल्ममेकर ने एक बेहतरीन पार्टी का आयोजन किया है. हाल ही में करण जौहर ने अपने दोनों जुड़वां बच्चे यश और रूही के लिए एक ग्रैंड बर्थडे पार्टी रखी, जहां स्टार किड्स का जमावड़ा देखने को मिला.सोशल मीडिया पर इस पार्टी की कई सारी तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जहां बी टाउन के तमाम सेलेब्स ने अपने बच्चों के साथ शिरकत की. पार्टी में करीना कपूर और सैफ अली खान के दोनों बेटे तैमूर और जेह बाबा भी पहुंचे थे. इसका का एक मजेदार वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है. वीडियो में देख जा सकता है कि जेह बाबा पार्टी से जैसे ही बाहर निकले, उनके हाथ से एक बड़ा सा गुब्बारा उड़ जाता है और वह देखते रह जाते हैं.वहीं इस शानदार पार्टी की कुछ झलकियां बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं. इन तस्वीरों को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर साझा किया है, जहां पार्टी के होस्ट करण जौहर विली वोंका थीम को फॉलो करते हुए दिखाई दिए. इसके अलावा नेहा ने करण के साथ अपनी एक सेल्फी भी शेयर की है, जहां दोनों एक साथ पाउट करते हुए नजर आ रहे हैं.पार्टी में शिल्पा शेट्टी भी अपने दोनों बच्चों के साथ नजर आई. वहीं आयुष्मान खुराना भी अपनी पत्नी और बेटी के साथ शिरकत की. जेनेलिया और रितेश के दोनों बेटे भी इस ग्रैंड सेलिब्रेशन का हिस्सा रहें.करण जौहर की खास दोस्त रानी मुखर्जी भी पार्टी में पहुंची थी. हांलाकि, यहां वे अकेले ही नजर आईं. इस दौरान रानी का एक अलग अंदाज देखने को मिला.बता दें कि साल 2017 में करण जौहर ने सेरोगेसी की मदद से यश और रूही का स्वागत किया था. वहीं 7 फरवरी को यश और रूही अपना 7वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे.



# भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का कर रही है दुरुपयोग : सन्नी शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झामुमो युवा मोर्चा, पलामू ने भाजपा के खिलाफ गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष भाजपा, ईडी के खिलाफ किया प्रदर्शन। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने किया, और संचालन उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी ने किया। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से सचिव सन्नू सिद्धिकी, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा उपस्थित थे। युवा मोर्चा ने भाजपा पर आरोप लगाया की भाजपा ने देश में लोकतंत्र की हत्या की है। झूठे आरोप लगा रहा कर, षड्यंत्र रच कर लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी को इस्तीफा देने पर मजबूर किया गया। एजेंसियों का लगातार दुरुपयोग करते हुए भाजपा विपक्ष के सभी नेताओं को परेशान करने में लगी है। झामुमो युवा मोर्चा ने लोकतंत्र की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करते हुए संदेश दिया की, भाजपा, ई.डी, सीबीआई, गोदी मीडिया के सहयोग से लोकतंत्र को खत्म कर रही है। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा आदरणीय हेमंत सोरेन जी ने श्रष्ठ को बताया की 2007 से अबतक उन्होंने कोई ज़मीन कभी खरीदी ही नहीं, पर झूठा केस 2009 के ज़मीन का बनाया गया। ये सारा खेल सिर्फ 2024 लोकसभा में देश के सबसे बड़े आदिवासी चेहरे को चुनाव से दूर करने के लिए रचा गया है। सन्नू सिद्धिकी ने कहा भाजपा ने लोकतंत्र को समाप्त कर दिया है, भाजपा पूरे तरीके से डरी हुई है। लेकिन वो भूल गई है की झामुमो आंदोलनकारी पार्टी है, और माननीय हेमंत सोरेन आंदोलनकारी दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी के पुत्र है, वो भाजपा के षड्यंत्र से डरने वाले नहीं हैं। जनता अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री को परेशान करने का बदला भाजपा से जरूर लेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष असफर रब्बानी वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, बबलू शाहनवाज, संगठन सचिव शाहबाज खान, व्यवसाय मोर्चा के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मिकु तिवारी, बबलू चौधरी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव फैजल सैयद, सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिन्हा उपाध्यक्ष करण राज तिवारी।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो का समापन

**रांची** : राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राज्य शिक्षा परियोजना की मेजबानी में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंतर्गत अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। दोनों वर्गो में महाराष्ट्र की टीम ओवरआल विजेता बनी। बालक वर्ग में महाराष्ट्र के ओमकार सावंत और बालिका वर्ग में मैतिली पवार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। बालक वर्ग में दिल्ली सेकंड रनरअप, तेलंगाना रनरअप टीम बना। बालिका वर्ग में कर्णाटक की टीम सेकंड रनरअप और हरियाणा की टीम रनरअप बनी। टूर्नामेंट के बेस्ट फेयर प्ले टीम का पुरस्कार बालक वर्ग में कर्नाटक और बालिका वर्ग में केरल की टीम को मिला। समापन कार्यक्रम में भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची के कलाकारों ने नागपुरी लोकनृत्य एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

# विदेशी पर्यटकों की पसंद बना राजस्थान, 12 गुना बढ़ा टूरिज्म

**एजेंसी**

**जयपुर** : राजस्थान आने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या में पिछले चार वर्षों में लगभग 12 गुना वृद्धि हुई है. कोविड-19 महामारी के कारण पर्यटन के क्षेत्र में आई सुस्ती के बाद से विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि देखी गई है. पर्यटन विभाग के अनुसार 2020 में 1.51 करोड़ से ज्यादा घरेलू पर्यटक राज्य में आए. 2023 में यह संख्या बढ़कर 17.90 करोड़ से अधिक हो गई. विभाग के अनुसार जनवरी 2020 से दिसंबर 2023 तक कुल 32.44 करोड़ घरेलू पर्यटकों ने राजस्थान का दौरा किया. दूसरी ओर इसी अवधि के दौरान 22.20 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों ने इसकी ऐतिहासिक विरासत को देखने के लिए राजस्थान का दौरा किया. पर्यटन विभाग के उपनिदेशक दिलीप सिंह राठौड़ ने कहा,राजस्थान पर्यटकों के लिये एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा है. कोरोना वायरस महामारी के बाद बड़ी संख्या में घरेलू पर्यटक राज्य में आने लगे हैं. विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है. नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी सरकार का ध्यान राज्य को पर्यटन क्षेत्र में देश में अग्रणी बनाना है. चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों की राज्य की हालिया यात्राओं ने राजस्थान को विदेशी पर्यटकों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में अपनी छवि पेश करने में मदद की है. जयपुर के पूर्व शाही परिवार की सदस्य और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी इस उद्देश्य के लिए सक्रिय रूप से विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठकें कर रही हैं. कुमारी के पास पर्यटन विभाग का प्रभार है. दीया कुमारी ने बताया,सरकार राजस्थान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है.

